ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● डालटनगंज ● श्रावण शुक्ल पक्ष 15 ● विक्रम संवत 2080 ● बुधवार, 30 अगस्त 2023 ● वर्ष-29 ● अंक-314 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00

आमिर खान 2024 में क्रिसमस रिलीज के ... पेज 10 पर



NEWS इन ब्रीफ

### चतरा में दंपती गिरफ्तार ब्राउन शुगर बरामद

**चतरा।** पुलिस ने 60 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ मंगलवार को एक दंपति को गिरफ्तार किया है। दंपति की गिरफ्तारी सदर थाना क्षेत्र के मोकतमा स्थित उसके घर से हुई। गिरफ्तार दंपति सुनीता देवी और पति बिरजु भुइयां हैं। बताया जा रहा है कि आरोपित महिला यूपी के लखनऊ में करीब दो वर्ष पूर्व अफीम के साथ पकड़ी गई थी। एक साल जेल में रहने के बाद जमानत पर उसे रिहा किया गया था। जेल से निकलने के बाद अब वह चतरा में फिर से मादक पदार्थ के कारोबार में जुट गई थी। चतरा एसपी राकेश रंजन को सदर थाना क्षेत्र के मोकतमा में बिरजू भुइयां के घर में ब्राउन शुगर की खरीद ब्रिकी की सूचना मिला। इसपर पुलिस की एक टीम ने कार्रवाई करते हुए ब्राउन शुगर बरामद किया। आरोपित की पत्नी सुनीता देवी ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि मोकतमा के ही नौसाद आलम ने ब्राउन शुगर रखने के लिये दिया था। आरोपित नौसाद के साथ बाहर जाकर खरीद-ब्रिकी करते हैं। पुलिस दोनों आरोपित को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है।

### धनबाद के छह छात्र ऑस्ट्रेलिया के कर्टिन विश्वविद्यालय में करेंगे रिसर्च

**रांची।** धनबाद आईआईटी-आईएसएम के छह पीएचडी विद्यार्थियों को कोलैबोरेटिव डॉक्टरेट प्रोग्राम (सीडीपी) के माध्यम से ऑस्ट्रेलिया के कर्टिन विश्वविद्यालय में पढ़ाई करने का अवसर मिला है। इसमें अपर्णा सिंह, प्रीति कुमारी, अभिषेक कुमत, शत्रुघ्न ठाकुर, सपन कुमार पंडित और ख्वाजा आलमगीर अहमद हैं। आईआरएए डीन प्रोफेसर आरएम भट्टाचार्जी ने कहा कि सीडीपी सभी पंजीकृत और पात्र पीएच-डी छात्रों को कोलैबोरेटिव डॉक्टरेट प्रोग्राम के समझौते के तहत दोनों संस्थानों द्वारा प्रदान की जाने वाली पीएचडी डिग्री को आगे बढ़ाने का एक अवसर है। आईआईटी-आईएसएम धनबाद और विदेशी संस्थानों के बीच सीडीपी का उद्देश्य पहचाने गए विशेषज्ञता के क्षेत्रों में दोनों सहयोगी संस्थानों के शैक्षणिक माहौल और अनुसंधान क्षमताओं को मजबूत करना और पीएचडी विद्वानों के लिए एक नया अवसर सुनिश्चित करना है, जो किसी भी विदेशी संस्थानों में अपने शोध कार्य को आगे बढ़ाने में रुचि रखते हैं।

### गिरिडीह में स्टैटिक टीम ने कार से दो लाख किये जब्त

**गिरिडीह।** बोकारो-गिरिडीह सीमा के गुरूटांड़ में स्टैटिक की टीम ने स्विफ्ट डिजायर कार से दो लाख रुपये नगद जब्त किया है। जानकारी के अनुसार गुरूटांड चेक पोस्ट में स्टैटिक की टीम ने स्विफ्ट डिजायर कार सवार के बैग से दो लाख नगद राशि को जब्त किया।

## केंद्रीय कैबिनेट का फैसला : घरेलू गैस सिलेंडर हुआ 200 रुपये सस्ता



**नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार ने घरेलू उपयोग से जुड़े गैस सिलेंडर के दामों में 200 रुपये की कटौती करने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने इस फैसले को आज मंजूरी प्रदान की। कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बताया कि ओणम और रक्षा बंधन पर मोदी सरकार ने बहनों को एक बड़ी सौगात दी है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गैस की कीमतों में इजाफे के बावजूद सरकार ने देश में गैस के दामों को बढ़ने नहीं दिया है। अब सभी घरेलू उपभोक्ताओं के लिए इनके दाम में 200 रुपये प्रति सिलेंडर की दर से कटौती की गई है। उन्होंने कहा, गैस सिलेंडर सस्ता हुआ फिर एक बार, राखी पर बहनों को मोदी सरकार का उपहार। उन्होंने बताया कि इसका देश के 33 करोड़ उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा। इससे सरकार पर वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान 7,680 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। इसके अलावा ठाकुर ने बताया कि उज्जवला योजना के तहत 75 लाख बहनों को सरकार मुफ्त में गैस कनेक्शन देगी। सरकार पहले ही धुएं से मुक्ति के लिए 9.60 करोड़ बहनों को उज्जवला योजना का लाभ दे चुकी है। इसके लिए गैस सिलेंडर, चूल्हा, पाइप व अन्य सामग्री बिना एक रुपये लिये उन्हें मुफ्त दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि दिल्ली में गैस सिलेंडर की कीमत 1103 रुपये है। अब इसकी कीमत घटकर 903 रुपये हो जाएगी।

## जेएसएलपीएस ने लांच किया फॉरेस्ट हनी, 9000 परिवारों को मिलेगा लाभ



**रांची।** झारखंड स्टेट लाईवलीहुड प्रमोशन सोसाईटी (जेएसएलपीएस) की महिला किसान सशक्तीकरण सशक्तिकरण परियोजना (एमकेएसपी) अंतर्गत फॉरेस्ट शहद की लॉन्चिंग राज्य के विभिन्न जिलों से आई सखी मंडल की महिलाओं ने किया। झारखंड के सुदूर घने जंगलों में पारंपरिक रूप से उत्पादित होने वाले शहद प्राकृतिक रूप से एकत्र की जाती है। औषधीय गुणों से भरपूर फॉरेस्ट हनी सेहत के लिए काफी फायदेमंद होता है। झारखंड के सुदूर ग्रामीण इलाकों में पारंपरिक रूप से फॉरेस्ट हनी का उत्पादन होता आ रहा है लेकिन सही तकनीक और बाजार व्यवस्था की जानकारी के अभाव में यह विलुप्ति के कगार पर था। मंगलवार को एमकेएसपी परियोजना के तहत जेएसएलपीएस ने पहल करते हुए राज्य के चार जिलों रांची, लातेहार, खूंटी एवं सिमडेगा के 10 प्रखंडों में 183 गांव के सखी मंडल से जुड़े 9000 परिवारों को वैज्ञानिक विधि से मधु उत्पादन का प्रशिक्षण देकर आजीविका के नए अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। इसके अलावा महिलाओं द्वारा उत्पादित शुद्ध शहद सामुदायिक संस्थानों के माध्यम से शहद संग्रहण कर पलाश ब्रांड के तहत पैकेजिंग कर बाजार में उपलब्ध करवाए जाएंगे। इनोवेटिव हनी लाईवलीहुड परियोजना के तहत सखी मंडल की महिलाओं द्वारा महिला अग्रणी किसान सशक्तिकरण वेबसाइट लांच हुआ।

### कार ने पैदल चलते लोगों को रौंदा, चालक फरार

## तीन की मौत, कई घायल





नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** चैनपुर प्रखंड अंतर्गत बरांव के पास डाल्टनगंज गढ़वा मुख्य मार्ग पर गढ़वा से आ रही कार पैदल चल रहे व्यक्तियों को रौंदते हुए एक किलोमीटर तक आगे बढ़ी और गाड़ी रोक कर ड्राइवर फरार हो गया। इसी क्रम में नरसिंहपुर पथरा निवासी वशिष्ठ महतों के पुत्र उदल प्रसाद चौरसिया और उनके पोता रोहित कुमार एवं कोटा निवासी मधु मेहता की घटनास्थल पर ही मौत हो गई तथा 14-15 व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। चैनपुर थाना क्षेत्र में बीती रात हुई भीषण सड़क दुर्घटना मामले में कार मालिक और सवार के खिलाफ गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है। कार गढ़वा के किसी शख्स का बताया जा रहा है। हादसे में मृत रोहित चौरसिया के पिता जशेन्द्र महतो के आवेदन के आधार पर पलामू के चैनपुर थाना में कार सवार और मालिक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। दुर्घटना में मृत रोहित चौरसिया, दीनानाथ महतो उर्फ मधु और योगेंद्र महतो के शव का मंगलवार को पोस्टमार्टम किया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया है। तीनों मृतक पलामू के चैनपुर थाना क्षेत्र के नरसिंहपुर पथरा के रहने वाले थे। इस संबंध में चैनपुर थाना प्रभारी रुपेश कुमार दुबे ने बताया कि पुलिस एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है। कार मलिक का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। कार को जब्त कर थाना में रखा गया है। पुलिस को यह भी जानकारी मिली है कि कार में एक से अधिक लोग सवार थे। जानकारी के अनुसार पलामू के चैनपुर थाना क्षेत्र के बरांव के चढ़नवा पहाड़ पर अंतिम सोमवारी के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में आसपास के कई गांव के लोग शामिल हुए थे। सोमवार की रात कुछ लोग सांस्कृतिक कार्यक्रम में जा रहे थे। जबकि कुछ लोग कार्यक्रम से लौट रहे थे।

### सीएम हेमंत सोरेन ने जताया शोक



वहीं घटना को लेकर झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन ने ट्वीट कर शोक व्यक्त किया है। दुर्घटना के मामले में सीएम ने पलामू पुलिस और डीसी को सख्त कार्रवाई का आदेश दिया है।

## झारखंड हाईकोर्ट के रिटायर्ड जजों को आजीवन मिलेंगे दो स्टाफ

### इन्हें राज्य सरकार देगी वेतन



**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के रिटायर्ड न्यायाधीशों को राज्य सरकार के खर्च पर आजीवन दो स्टाफ उपलब्ध कराए जाने का प्रस्ताव है। झारखंड सरकार ने इसके लिए द हा कोर्ट ऑफ झारखंड (कंडीशंस ऑफ इंगेजमेंट ऑफ को-टर्मिनस एम्प्लॉयीज) रूल्स, 2019 नामक प्रस्तावित नियमावली अनुमोदन के लिए राज्यपाल के पास भेजी है। को-टर्मिनस आधार पर स्टाफ नियुक्ति की ऐसी ही नियमावली पूर्व में भी राज्यपाल के पास भेजी गई थी। तत्कालीन राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू ने तब इस प्रस्ताव पर सवाल उठाए थे और यह अनुमोदित नहीं हो पाया था। झारखंड कैबिनेट ने 11 अगस्त को इस प्रस्तावित नियमावली को राज्यपाल के पास भेजने का निर्णय लिया। यह नियमावली लागू हो जाने पर न्यायाधीशों के साथ को-टर्मिनस आधार पर दो स्टाफ उनके पूरे जीवन के लिए संलग्न किए जाएंगे। न्यायाधीश का निधन होने पर उनके जीवनसाथी (पति या पत्नी) को भी यह सुविधा प्राप्त होगी। न्यायाधीश के सेवाकाल में ही ये कर्मी नियुक्त होंगे और उनकी सेवानिवृत्ति के बाद भी उनके साथ ही रहेंगे। सेवा काल में अगर जज का तबादला दूसरे राज्य में होता है तो दोनों कर्मी भी उनके साथ जाएंगे। इन दोनों कर्मियों का वेतन राज्य सरकार ही देगी। चतुर्थ श्रेणी के दोनों कर्मियों के लिए शुरूआती वेतन करीब 20-20 हजार रुपये होंगे। प्रस्तावित नियमावली के अनुसार जज के सेवाकाल में ही ये कर्मी नियुक्त होंगे और जज की सेवानिवृत्ति के बाद भी उनके साथ ही रहेंगे। इन कर्मियों का चयन भी न्यायाधीश स्वयं करेंगे। सेवा काल में अगर जज का तबादला दूसरे राज्य में होता है तो दोनों कर्मी भी उनके साथ जाएंगे। अगर कर्मी किसी ऐसे राज्य में जज के साथ जाते हैं जहां इन कर्मियों के लिए भुगतान को लेकर कोई कानून नहीं है तो झारखंड सरकार ही उनका भुगतान करती रहेगी। वर्तमान में न्यायाधीशों को हर माह लगभग आठ हजार रुपये निजी स्टाफ रखने के लिए दिए जाते हैं। इस तरह के प्रावधान दक्षिण भारत के एक-दो राज्यों में पहले से लागू हैं। उल्लेखनीय है कि पिछले साल केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश व जजों को सेवानिवृत्ति के बाद अतिरिक्त सुविधाओं में बढ़ोतरी की अधिसूचना जारी की थी। केंद्र की अधिसूचना के मुताबिक उन्हें रिटायरमेंट के एक साल बाद तक एक सचिव और एक ड्राइवर मिलेगा।

### मनरेगा घोटाला मामला : हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को दिया निर्देश

## ईडी को मुहैया करायें दाखिल आरोप पत्र की प्रतिलिपि

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि यदि ईडी चाईबासा में मनरेगा घोटाले मामले के अनुसंधान से संबंधित दस्तावेज की प्रतिलिपि की मांग करती है तो उसे उपलब्ध कराए। चाईबासा में मनरेगा घोटाला कि सीबीआई जांच को लेकर मतलूब आलम की जनहित याचिका की सुनवाई हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई। इससे पहले ईडी ने कोर्ट को बताया कि मामले में कई केस में एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने आरोप पत्र दाखिल कर दिया है लेकिन आरोप पत्र की प्रतिलिपि मांगे जाने पर राज्य सरकार द्वारा ईडी को मुहैया नहीं कराया जा रहा है। इस पर कोर्ट ने सरकार को ईडी द्वारा मांगे जाने वाले दस्तावेज उपलब्ध कराने का निर्देश देते हुए कहा कि ईडी चाहे तो संबंधित कोर्ट से आरोप पत्र की सर्टिफाइड कॉपी भी निकाल सकती है। इससे पहले राज्य सरकार की ओर से मामले में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल कर बताया गया कि एसीबी ने मामले में 14 प्राथमिकी दर्ज की है। इनमें से 10 केस में आरोप पत्र दाखिल हो चुका है जबकि चार केस में अभी अनुसंधान चल रहा है। राज्य सरकार के स्टेटस रिपोर्ट पर सुनवाई के लिए 31 अक्टूबर की तिथि निर्धारित की। राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन एवं अधिवक्ता पियूष चित्रेश ने पैरवी की। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता राजीव कुमार ने पैरवी की। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने एसीबी में दर्ज 14 एफआईआर के संबंध में सरकार से पूछा था कि इन केस की वर्तमान में जांच की क्या स्थिति है। इस पर सरकार से स्टेटस रिपोर्ट मांगी गई थी, जिसे सरकार की ओर से मंगलवार को कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया गया था।

### नसीम अंसारी हत्याकांड के तीन दोषियों को उम्रकैद

**रांची।** रांची के नेवरी इलाके में हुई नसीम अंसारी हत्याकांड के तीनों दोषियों के खिलाफ अपर न्यायायुक्त दिनेश राय की अदालत ने मंगलवार को फैसला सुना दिया है। अदालत ने मोईद अंसारी, सज्जू खान और मोख्तार अंसारी को आजीवन कारावास की सजा सुनायी है। साथ ही अदालत ने तीनों पर बीस-बीस हजार का जुमार्ना भी लगाया है। अदालत ने यह निर्देश दिया है कि दोषियों से मिलने वाली जुर्माने की राशि मृतक के परिजनों को दी जाएगी। इससे पूर्व अदालत ने गत 23 अगस्त को तीनों आरोपितों को दोषी करार दिया था। इस संबंध में मृतक के भाई रजब अंसारी ने सदर थाना में कांड संख्या 207/16 दर्ज करवाई थी। यह घटना 20 मई 2016 को हुई थी। केस के सूचक की ओर अधिवक्ता मासूम खान और जीशान खान ने बहस की। सभी आरोपित 2016 में ही पुलिस ने गिरफ्तार किया था।

### मुख्यमंत्री ने खान व कोयला मंत्रालय के मंत्री प्रहलाद जोशी को लिखा पत्र

## कोयला खनन परियोजनाओं के नामकरण में राज्य की परंपरा व इतिहास को सम्मान मिले : हेमंत सोरेन



**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को केंद्रीय खान एवं कोयला मंत्रालय, भारत सरकार में मंत्री प्रहलाद जोशी को पत्र लिखा है। उन्होंने पत्र में कहा है कि कोल इंडिया लिमिटेड द्वारा संचालित विभिन्न कोयला खनन परियोजनाओं एवं निजी कोयला परियोजना का नामकरण स्थानीय स्थल, गांव, मौजा, पंचायत, प्रखंड, झारखंड राज्य के महापुरुषों एवं दर्शनीय स्थलों आदि के अनुरूप किया जाए।

हेमंत सोरेन ने पत्र में अनुरोध किया है कि कोल इंडिया लिमिटेड, निजी कंपनियों एवं अन्य लोक उपक्रमों के द्वारा संचालित खनिज परियोजनाओं का नामकरण भारत सरकार द्वारा स्थानीय जनमानस की भावनाओं, परंपरा, संस्कृति आदि के आधार पर नहीं किया जा रहा है। उन्होंने चतरा जिला में संचालित खनन परियोजनाएं आम्रपाली कोयला परियोजना, अशोक कोयला परियोजना एवं मगध कोयला परियोजना का उदाहरण देते हुए कहा है कि इन कंपनियों द्वारा जन भावनाओं के खिलाफ जाकर स्थानीय जन भावनाओं की संस्कृति, परंपरा और इतिहास को उचित सम्मान नहीं दिया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने मांग की है कि झारखंड की पहचान एक खनिज संपदा बहुल राज्य के रूप में स्थापित हुई है और देश के विकास में इसका अहम योगदान है। खनिजों से प्राप्त राजस्व का बड़ा भाग कोयला खनिज से ही प्राप्त होता है, जिसका लगातार दोहन किया जा रहा है। अनुरोध है कि यहां के संस्कृति, परंपरा और इतिहास को उचित सम्मान दिया जाय।

### नजारा : नीला नहीं, सफेद चमक के साथ बड़ा और चमकदार दिखेगा सुपर ब्लूमून

## रक्षाबंधन का चांद होगा सुपर ब्लूमून

### चंद्रमा दिखेगा ज्यादा चमकीला व 14 प्रतिशत बड़ा



**भोपाल (एजेंसी)।** खगोल विज्ञान में रुचि रखने वालों के लिए बुधवार, 30 अगस्त का दिन बेहद खास होने जा रहा है। इस दिन रक्षाबंधन के मौके पर आसमान में ब्लू सुपरमून नजर आने वाला है। ब्लूमून नाम से दिखने जा रहे इस सुपरमून की चमक जहां आम पूर्णिमा की तुलना में अधिक होगी, वहीं उसका आकार भी कुछ बड़ा दिखेगा। यह जानकारी मंगलवार को भोपाल की नेशनल अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने दी। उन्होंने बताया कि बुधवार को हमसे लगभग 3 लाख 57 हजार 181 किलोमीटर दूर रहकर चांद पृथ्वी की परिक्रमा करते हुए निकट बिंदु पर होगा। इस कारण वह माइक्रोमून की तुलना में लगभग 14 प्रतिशत बड़ा और 30 प्रतिशत अधिक चमकदार दिखेगा।

सारिका ने बताया कि दो पूर्णिमा के बीच 29.5 दिन का अंतर होता है और अगर पहली पूर्णिमा महीने की 1 या 2 तारीख को आती है तो दूसरी पूर्णिमा भी उस ही माह आ जाती है। एक ही अंग्रेजी कैलेंडर माह में दो पूर्णिमा आने पर दूसरी पूर्णिमा के चंद्रमा को मंथली ब्लूमून नाम दिया गया है। एक अगस्त को पूर्णिमा के बाद बुधवार, 30 अगस्त को दूसरी पूर्णिमा है। उन्होंने बताया कि ब्लूमून का दूसरा प्रकार सीजनल ब्लूमून होता है। अगर तीन महीने के किसी खगोलीय सीजन में चार पूर्णिमा आती है, तो तीसरी पूर्णिमा का चांद सीजनल ब्लूमून कहलाता है। सीजनल ब्लूमून कम बार आता है। एक अनुसंधान के अनुसार 1100 सालों में 408 सीजनल ब्लूमून तथा 456 मंथली ब्लूमून की घटना की गणना की गई है। अगला ब्लूमून 2024 में 19 अगस्त को होगा और यह सीजनल ब्लूमून होगा।

सारिका ने बताया कि यह सुपरब्लूमून नीला नहीं दिखेगा, बल्कि पूर्णिमा के चांद की तरह ही चमक रहा होगा। दुर्लभ वस्तुओं या घटनाओं के नाम के आगे ब्लू लगा दिया जाता है। अतः मान्यता के अनुसार कुछ लोगों ने इसे ब्लूमून नाम दिया है।

उन्होंने बताया कि नीले नहीं सफेद चमक के साथ दिखने जा रहे ब्लूमून नाम के सुपरमून की चमक को रक्षाबंधन बनाते हुए आसमान में देखने का लुफ्त उठा सकते हैं। इसे तिरंगामून नाम भी दे सकते हैं, क्योंकि इस चांद के शिवशक्ति पाइंट के आसपास हमारे तिरंगे के साथ प्रज्ञान रोवर भी चहलकदमी कर रहा है।

## क्रिप्टो करेंसी के जरिए 95 लाख ठगी मामला महाराष्ट्र से दो साइबर क्रिमिनल्स गिरफ्तार





नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड सीआईडी की साइबर क्राइम ब्रांच ने महाराष्ट्र के औरंगाबाद में छापेमारी कर क्रिप्टोकरंसी के जरिए ठगी करने वाले दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। साइबर अपराधियों के इस गिरोह ने धनबाद के रहने वाले एक व्यक्ति से क्रिप्टोकरंसी में निवेश का झांसा देकर 95 लाख रुपये की ठगी को अंजाम दिया था।

**महाराष्ट्र पुलिस के सहयोग से हुई गिरफ्तारी :** महाराष्ट्र पुलिस की सहायता से सीआईडी की साइबर क्राइम ब्रांच ने क्रिप्टोकरंसी के जरिए ठगी करने वाले दो साइबर अपराधियों प्रतीक सन्तोषराव राउत और अभिषेक संतोष तुपे औरंगाबाद से गिरफ्तार किया है। झारखंड में क्रिप्टो करेंसी के जरिए ठगी के कई मामले रिपोर्ट हुए है ,लेकिन यह पहला मामला है जिसमे सीआईडी की साइबर क्राइम ब्रांच को कामयाबी हाथ लगी है। इस मामले में सीआईडी की साइबर क्राइम ब्रांच ने 40 लाख 74 हजार रुपये फ्रिज भी करवा दिया था। गिरफ्तार साइबर अपराधियों के पास से मोबाइल, सिम कार्ड, एटीएम, आधार कार्ड ,पैन कार्ड सहित कई बैंकों के चेक बरामद किए गए हैं।

**जीवनसाथी।कॉम के जरिए की ठगी :** सीआईडी डीजी अनुराग गुप्ता ने बताया कि जीवनसाथी।कॉम पर उपलब्ध प्रोफाइल के माध्यम से साइबर अपराधियो ने धनबाद के एक व्यक्ति से फि शिंग वेबसाइट बानोक्काइन डॉट कॉम पर क्रिप्टोकरेंसी में निवेश के बहाने 95 लाख रुपये की ठगी की थी। ठगी के बाद सीआईडी रांची में आईटी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान सभी फर्जी वेबसाइटों का मूल स्थान हांगकांग, चीन और कंबोडिया में पाया गया। मनी ट्रेल से यह जानकारी हासिल हुई कि ठगी के पैसे महाराष्ट्र, यूपी और दिल्ली के कुछ इंडियन बैंक खातों में भी भेजे गए है।जिसके बाद सीआईडी झारखंड ने आई4सी, गृह मंत्रालय की मदद से एसपी महाराष्ट्र साइबर संजय शिंत्रे की मदद मांगी। महाराष्ट्र पुलिस ने ठगी के इस मामले में पूरी मदद की जिसके कारण मामले का खुलासा हुआ और दो आरोपियों की गिरफ्तारी हुई।

**किंगपिन विदेश में है ,गिरफ्तार आरोपी है कुरियर :** झारखंड सीआईडी के डीजी अनुराग गुप्ता ने बताया कि गिरफ्तार दोनों साइबर अपराधी एजेंट मात्र है। इस कांड का मुख्य आरोपी विदेश में बैठा हुआ है जिसके बारे में सीआईडी को पूरी जानकारी मिल गई है। मुख्य आरोपी भारत का ही रहने वाला है उसके पासपोर्ट संबंधित जानकारी इकट्ठा की जा रही है ताकि उसे पर भी नकेल कसा सजा सके।

**22 बैंको के खातों के प्रयोग :** जांच के दौरान यह बात सामने आई है कि ठगी के पैसे 22 बैंक खातों के जरिए ठगों ने ट्रांसफर किए थे। 22 में से अधिकांश बैंक खाते विदेशों में है। ठगी के लिए एक व्हाट्सएप ग्रुप वर्चुअल नंबर के द्वारा बनाया गया था। इसके बाद ग्रुप के माध्यम से पीड़ित को जोड़ा गया ,जोड़ने के बाद निवेशक को निवेश में डबल और ट्रिपल मुनाफा का आश्वासन दिया गया था।

## पुलिस ने चलाया विशेष दो पहिया वाहन चेकिंग अभियान



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** थाना पुलिस ने थाना मोड़ पर मंगलवार को विशेष दो पहिया वाहन चेकिंग अभियान चलाया। जिसमें हेलमेट, ड्राइवरी लाइसेंस, बाइक राजिस्ट्रेशन आदि की गहनता पूर्वक जांच की गई। वहीं बिना हेलमेट लगाए बाइक चलाते हुए कुल दस बाइक को पुलिस ने जब्त कर लिया। वहीं थाना प्रभारी शशि रंजन ने जानकारी देते हुए बताया कि बिना हेलमेट व बिना लाइसेंस के कुल दस बाइक जब्त की गई है। जिसे अग्रिम कारवाई हेतु जिला परिवहन विभाग को भेज दिया गया है। चेकिंग अभियान में एएसआई राजकुमार चौधरी, संजय सिंह सहित पुलिस के कई जवान मौजूद थे।

## सर्पदंश से छात्र की मौत, जिप उपाध्यक्ष ने जताया शोक

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद प्रखंड के नारायणपुर गांव निवासी लक्ष्मण राम के 20 वर्षीय पुत्र आईटीआई मेदिनीनगर के छात्र धीरज कुमार की सोमवार को सर्पदंश से मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि घर के बाहर लकड़ी रखा हुआ था,और वह हाथ से लकड़ी पकड़ कर जैसे ही उसपर बैठने लगा। विषैले सांप ने उसके हाथ में डंस लिया। आनन -फानन में परिजनों ने इलाज के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में उसे भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया। जहां रास्ते में उसकी मौत हो गई। परिजनों ने हुसैनाबाद अस्पताल में पहुंच कर इस घटना की सूचना थाना को दी। मंगलवार को हुसैनाबाद पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर परिजनों से बयान लेकर शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौप दिया।

### खेल मंत्रालय भारत सरकार के क्षेत्रीय निदेशालय पटना के निर्देशानुसार

# एके सिंह कॉलेज में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन

### रस्सी कूद में पुरुष वर्ग में आकाश कुमार एवं महिला वर्ग में नैंसी कुमारी प्रथम, खुशबून खातून द्वितीय तथा प्रतिभा कुमारी तृतीय स्थान प्राप्त किये



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के क्षेत्रीय निदेशालय पटना के निर्देश के आलोक में भारत के महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर मंगलवार को एके सिंह कॉलेज जपला के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रस्सी कूद (महिला एवं पुरुष वर्ग) कबड्डी (महिला एवं पुरुष वर्ग) का बारी-बारी से प्रतियोगिता कराया गया। रस्सी कूद में पुरुष वर्ग में आकाश कुमार एवं महिला वर्ग में नैंसी कुमारी प्रथम, खुशबून खातून द्वितीय तथा प्रतिभा कुमारी तृतीय स्थान प्राप्त किया। कबड्डी के महिला वर्ग में टीम ए में प्रीति सिंह,प्रीति कुमारी, साक्षी कुमारी, नीरू कुमारी, सोनी कुमारी, प्रिया कुमारी, प्रतिभा कुमारी, सोनम कुमारी तथा टीम बी में सुप्रिया कुमारी, खुशबून खातून, निधि पटेल, आरती कुमारी, शबनम खातून, रीमा कुमारी, नैंसी कुमारी एवं पूनम कुमारी ने हिस्सा लिया। दोनों टीम में पूरे समय तक संघर्ष चलता रहा अंततः टीम ए विजेता टीम के रूप में घोषित की गई। इन्होंने 16/9 से जीत हासिल किया। कबड्डी के पुरुष वर्ग में टीम बी के अंतर्गत निखिल राज शुभम प्रकाश राकेश कुमार कौशल नीतीश शुभम कुमार शक्ति नाथ ठाकुर मनीष कुमार पासवान नीरज पासवान अतुल कुमार सिंह एवं टीम ए में अमित कुमार निरंजन सिंह धनोज कुमार विवेक कुमार राहुल कुमार मजीद खान अमोद कुमार अरुण कुमार मंटू कुमार एवं ज्ञान कुमार शामिल हुए। दोनों टीम टीम में पूरे समय तक संघर्ष चलता रहा अंत में टीम बी ने 48/25 से विजेता रहा। उक्त सभी कार्यक्रमों का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी सह पलामू जिला के नोडल पदाधिकारी प्रो. राजेश कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर कबड्डी के कोच मनोज शर्मा, रवि रंजन कुमार एवं मोहम्मद कैफ की भूमिका सराहनीय रही। प्रो. शशि भूषण प्रोफेसर, प्रो डॉक्टर आलोक रंजन, प्रो. राहुल कुमार सिंह ,प्रो. जयशंकर प्रसाद सिंह , प्रो. डॉ. शिवकुमार विश्वकर्मा, डॉ. अजय कुमार सिंह, प्रो. सुनील कुमार सिंह के साथ- साथ अनेक स्वयंसेवक एवं छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे। उक्त सभी कार्यक्रमों के विजेता टीम को पुरस्कृत दो सितंबर को महाविद्यालय में प्राचार्य प्रो. सूर्यमणि सिंह के द्वारा किया जाएगा।

**NEWS इन ब्रीफ**

## डीएसई को आवेदन देकर प्रधानाध्यापक को हटाने की गुहार

**नौड़ीहा बाजार।** प्रखंड मे बच्चों का नेवाला छीनने मे विधालय के प्रधानाध्यापक सह सचिव की अनियमितता रुकने के नाम नहीं ले रही है। बताते चले कि ऐसी मामला एक और प्रकाश मे आया है, जो प्रखंड मुख्यालय से करीब 18 किमी दूरी पर अवस्थित राजकीय उत्क्रमित मध्य विधालय कउवल भितिहरवा का है। विधालय के एसएमसी के अध्यक्ष सोहराई यादव और संयोजिका प्रमिला देवी सहित अन्य ग्रामीण सचिव के तानानाशाहीपूर्ण और मनमानी तरीकं से तंग हो गए । उनके अनुसार विधालय विकास मद के 75000 रु का निकासी किया गया ,लेकिन विधालय मे कोई कार्य नहीं किया गया और सारा पैसा प्राधनाध्यापक सह सचिव डकार लिए। स्कूल मे गंदगी का अम्बार लगा हुआ है और बेंच डेस्क टूटा फूटा हुआ है ,न बिजली की सुविधा है और न शौचालय के स्थिति सही है। विवश होकर छात्र -छात्रा शौच के लिए बाहर जाते है। बच्चों ने बताया कि कभी मध्यान भोजन मेनू के अनुसार नहीं दिया जाता है सिर्फ दाल -भात सब्जी मिलती है। मौसमी फल या अंडा तो बहुत दूर की बात है।

## मनरेगा बीपीओ ने की कर्मियों के साथ बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद ।** प्रखंड कार्यालय के सभाकक्ष में मंगलवार को मनरेगा कर्मियों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता बीपीओ विष्णु प्रताप मिश्रा ने की। बैठक में पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, कनीय अभियंता तथा अन्य मनरेगा कर्मी शामिल थे। बैठक में बीपीओ ने उपस्थित मनरेगा कर्मियों को फेज-2 में 50 एकड़ में बागवानी योजना हेतु लक्ष्य के अनुरूप कार्य प्रारंभ करना,बिरसा सिंचाई कूप योजना में प्रति पंचायत 24 कूप की स्वीकृति तत्काल देने का निर्देश दिया। पोटो हो खेल मैदान योजना अंतर्गत दो खेल मैदान की स्वीकृति, मानव दिवस सृजन करने व मनरेगा कार्यो में तेजी लाने को लेकर कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मौके पर मनरेगा के सहायक अभियंता अमित कुमार, कनीय अभियंता नीरज गुप्ता, रोजगार सेवक अरुण कुमार, उमेश चौधरी, सफी आलम समेत कई अन्य मनरेगा कर्मी मौजूद थे।

### उपायुक्त के जनता दरबार में उप मुखिया की शिकायत

# रोजगार सेवक अपनी रैयती जमीन पर लगवा रहा सरकारी बागवानी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे ग्रामीणों ने उपायुक्त को अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान करने का अनुरोध किया। जनता दरबार में सतबरवा प्रखंड के पंचायत बकोरिया की उप मुखिया समता देवी ने उपायुक्त को बताया कि रोजगार सेवक अपनी रैयती जमीन में बने टीसीबी का गड्ढा भर कर उक्त भूमि पर बागवानी योजना का संचालन कर रहा है। इसी तरह तरहसी थाना क्षेत्र के दिव्यांग जितेंद्र कुमार ने उपायुक्त से ट्राईसाईकिल उपलब्ध करवाने की गुहार लगायी। छतरपुर थाना क्षेत्र के विष्णुदेव यादव और पिपरा थाना क्षेत्र की बसंती देवी ने उपायुक्त से वृद्धा पेंशन की स्वीकृति देने का अनुरोध किया। इसी तरह छतरपुर थाना क्षेत्र की मीना देवी ने उपायुक्त से विधवा पेंशन देने की गुहार लगाई। हैदरनगर थाना क्षेत्र के प्रताप चंद्र ने उपायुक्त से शिकायत की कि मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत ऋण स्वीकृत हो जाने के पश्चात ऋण नही मिला। पांडु थाना क्षेत्र की काजल कुंवर ने उपायुक्त को बताया कि उनके पति की मौत बिजली की चपेट में आने से हो गई है, इसलिए उन्हें आपदा राहत कोष से सहायता राशि दिलाने की कृपा करें। आज के जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन संबंधी, प्रधानमंत्री आवास व जमीन दाखिल खारिज, जमीन हड़पने,राशन कार्ड,वृद्धा पेंशन आदि से सबंधित कई आवेदन आये जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर निर्धारित समय सीमा के अंदर निष्पादित करने का निर्देश दिया।

## 20 सूत्री बैठक में नजायज राशि वसूली का मामला उठा

**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन।** प्रखण्ड सभागार में सोमवार को प्रखण्ड 20 सुत्री क्रियावन्यन कमिटी की मासिक बैठक 20 सुत्री अध्यक्ष रामानन्द पांडेय के अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में बीडीओ मनोज तिवारी उपस्थित थे। हालांकि बैठक में अधिकांश विभाग के पदाधिकारी के अनुपस्थिति के कारण चेयर खाली थीं। अनुपस्थिती पर नराजगी जताते हुये अध्यक्ष ने पदाधिकारियों से स्पष्टीकरण पूछने एवं करवाई करने की माँग की। बैठक में विभिन्न विभागों से संचालित योजनाओं - पीडीएस, पेयजल स्वच्छता, आंगनबाड़ी केंद्रों, उद्योग, विधुत, स्वास्थ्य, कृषि ,पशुपालन , अंचल से सबंधित जमीनी मामले की समीक्षा की गयी। समीक्षा के दौरान समिति के सदस्यों ने बाल विकास अंतर्गत सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना अंतर्गत फॉर्म भरने में बालिकाओं से सेविका से लेकर कार्यालय तक एक हजार तक नजायज वसूली की जॉच का प्रस्ताव बैठक में लाया गया। बैठक में पँचायत /प्रखण्ड स्तर पर लगाई गई जलमीनार प्रायः दो माह के बाद ही खराब होने व एसआईएस स्टैण्डर्ड मानक के जगह चाइनीज पार्ट्स लगाने का मामला उठाया गया। मनरेगा योजना अंतर्गत मेड़बन्दी, टीसीबी, डोभा निर्माण, आहार/ तालाब में करने, अंचल अमीन की संविदा पर गलत तरीके से नियुक्ति, अगस्त माह में कार्डधारियों को राशन नही मिलने , आगनबाड़ी केंद्र प्रायः बन्द रहने आदि मामले उठाये गये। बैठक में कुछ सदस्यों ने 20 सुत्री क्रियान्वयन विषय से हटकर व्यक्तिगत तथा विषयांतर मामला उठाया। जिसे बीडीओ मनोज तिवारी ने परहेज करने को कहा। बैठक में सीओ लाल बाबू, सीडीपीओ अनीता कुमारी , प्रभारी एमओ सखिचन्द दास, सीएचसी प्रभारी, उपाध्यक्ष उमा सिंह, सदस्यगण व पँचायत सेवक उपस्थित थे।

## छात्राओं ने छात्रों की कलाई पर बांधी राखी

**हरिहरगंज।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर हरिहरगंज में मंगलवार को रक्षाबंधन पर्व का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आचार्य अभय मिश्र के द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण के बाद छात्राओं ने छात्रों की कलाई पर राखी बांधी। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य विजयेंद्र प्रसाद ने कहा कि भारतीय परंपरा का यह एक ऐसा पर्व है, जो केवल भाई-बहन के स्नेह के साथ-साथ हर सामाजिक संबंध को मजबूत करता है। यह पर्व भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक है। बहनें जहां भाइयों की मंगलकामना करती है। वहीं भाई बहन की रक्षा का संकल्प लेते हैं। इस अवसर पर शिक्षक संजय सिंह, मोहन ठाकुर, नीलिमा मेहता, खुशबू कुमारी, मोनिका कुमारी, अमृता कुमारी, काजल कुमारी, सुनीता कुमारी, प्रियंका कुमारी, प्रिया कुमारी बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## घर के आगे खड़ी बाइक हुई चोरी

**हरिहरगंज।** शहरी क्षेत्र के सियरभूका मोहल्ला में घर के आगे खड़ी बाइक चोरी हो गयी। इस संबंध में वाहन मालिक श्रीमान चौधरी ने बताया कि सियारभूका मोहल्ला स्थित अपने आवास पर हीरो पैशन प्रो बाइक जेएच03 पी 5900 सोमवार की रात्रि खड़ा किए थे। मंगलवार की अहले सुबह जब घर से बाहर निकले तो, देखा की बाइक गायब है। आस पड़ोस में जब पड़ताल की गयी तब भी कोई पता नहीं चलने पर बाइक चोरी होने का आवेदन लिखित रूप से हरिहरगंज थाने को दे दिया गया है। वहीं पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

## महत्वाकांक्षी योजना के तहत धोती साड़ी का किया वितरण

**छतरपुर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति सह बीस सूत्री उपाध्यक्ष चंदन प्रकाश सिन्हा ने झारखंड सरकार की सोना सोबरन धोती साड़ी योजना के अंतर्गत 126 लाभुकों के बीच धोती साड़ी एवं लूंगी का वितरण खाटीन ग्राम स्थित नंदू पासवान डीलर के केंद्र पर किया। मौके पर श्री सिन्हा ने कहा कि यह योजना सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है। जिसके अंतर्गत राज्य के गरीब गुरबों को साड़ी धोती एवं लूंगी उपलब्ध कराया जाता है। राज्य सरकार यहां के गरीब गुरबों एवं स्थानीय लोगों का ख्याल बेहतर तरीके से रख रही है और झारखंड वासियों के आवश्यकता के अनुसार विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही है। स्थानीय विधायक श्रीमती पुष्पा देवी की ओर इशारा करते हुए श्री सिन्हा ने कहा कि अपने घटते हुए जन समर्थन से हतोत्साहित हो गए हैं और उल्टा पुल्टा बयान दे रहे हैं। उन्हें यह भी बताना चाहिए था कि जिन योजनाओं का शिलान्यास वह कर रहे हैं वह उनके विधायक फंड का है या सरकार द्वारा उपलब्ध कराया गया है। मौके पर राजू कुमार रवि,श्रवण कुमार, मनोज गुप्ता, मालती देवी ,गीत देवी मोहम्मद कैश सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को पुलिस ने किया जब्त

**विश्रामपुर।** थाना प्रभारी शशि रंजन ने भंडार से अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर को जब्त किया है।जब्त ट्रैक्टर को विश्रामपुर थाना में लाकर अग्रतर कारवाई हेतु खनन विभाग को भेज दिया है। प्रभारी ने बताया कि भंडार में अवैध बालू लाद कर एक ट्रैक्टर जा रहा था।इसकी सूचना ग्रामीणों ने दी।जिसके बाद अवैध रूप से बालू लदे एक ट्रैक्टर को जप्त किया गया है। और कारवाई हेतु खनन विभाग को भेजा गया है।

## किसानों के बीच बीज वितरण को लेकर बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** पिपरा प्रखंड सभागार में मंगलवार को प्रखंड प्रमुख विक्रांत सिंह यादव की अध्यक्षता में वर्ष 2023-24 खरीफ मक्का फसल का प्रत्यक्षण कराए जाने को लेकर बैठक आयोजित की गयी। बीटीएम संजय सिंह ने बताया कि 600 केजी मक्का का बीज पिपरा प्रखंड को मिला है। जिसका वितरण टोकन के माध्यम से ही करना है। जिसके लिए बैठक में सभी पंचायत से गांव का चयन किया गया। प्रखंड कृषक सलाहकार समिति अध्यक्ष गौतम राज ने कहा कि चयन किए गए गांव के कृषक मित्र को सूचित किया गया है कि वैसे लोगों का ही चयन करें जो खेती किसानी से जुड़े हो। वही जिला पार्षद ददन पासवान ने कहा कि सरकार के द्वारा अगर समय से बीच उपलब्ध कराया जाता तो किसानों को इसका सही फायदा एवं राहत मिलता। बैठक में जनसेवक सह कृषि पदाधिकारी सरजुन राम, हरि यादव, बबलू सिंह, छोटू सिंह, प्रिंस सिंह, अंशु मिश्रा सहित अन्य उपस्थित थे।

### आत्मा शासकीय निकाय की बैठक में कृषि योजनाओं की हुई समीक्षा

# चालू वित्तीय वर्ष के लिए 232 लाख की कार्य योजनाओं को मिली स्वीकृति

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में मंगलवार को उनके कार्यालय कक्ष में आत्मा शासकीय निकाय की बैठक हुई। बैठक में आत्मा से जुड़ी कई बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई।इस दौरान वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए स्वीकृत 232.10994 लाख रूपए के जिला प्रसार कार्य योजना की स्वीकृति प्रदान की गयी इसके लक्ष्य का अनुमोदन किया गया। बैठक में 25 किसानों के एक समूह को इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ पल्स रिसर्च कानपुर भेजकर उन्हें आवासीय प्रशिक्षण दिलाने का निर्णय लिया गया। इसी क्रम में राज्य के अंदर प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत 25 किसानों के एक समूह को किसान पाठशाला खूंटी भेजकर उन्हें प्रशिक्षण देने का निर्णय लिया गया। वहीं जिले के अंदर प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत 30-30 किसानों के 5 समूहों को कृषि विज्ञान केंद्र व क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र में तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण देने का भी निर्णय हुआ। इतना ही नहीं कई अन्य प्रशिक्षण कार्यक्रमों के अंतर्गत अलग-अलग किसानों को अलग-अलग जगह भेजकर उन्हें प्रशिक्षित किये जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में उपायुक्त श्री रंजन ने 'श्री विधि से धान की खेती' के लिए कृषक पाठशाला क्रियाशील है या नहीं इससे इसकी जानकारी ली तो उन्हें बताया गया कि सभी जगह कृषक पाठशाला क्रियाशील है। इसी तरह उपायुक्त ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन(दलहन),कोर्स सिरियल्स, ऑइलसीड,न्यूट्री सिरियल्स सहित अन्य फसलों को बढ़ावा देने हेतु सभी को निर्देशित किया।

## मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना से डीसी ने लाभुक को दी गाड़ी की चाभी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** राज्य में बेरोजगारी कम करने को लेकर झारखंड सरकार ने मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना की शुरूआत की है। इसके तहत युवाओं को बिना गारंटी के 50,000 रुपए तक का लोन उपलब्ध कराया जा रहा है। इसी के तहत जिले के 387 बेरोजगार युवाओं को ऋण दिया गया है।इसकी स्वीकृति राज्य से मिल चुकी है। जिला स्तर से भी बेरोजगार युवाओं को बोलेरो, ट्रैक्टर, ट्रक आदि वाहन उपलब्ध कराया जा रहा है। बता दें कि वर्ष 2021-22 में इस योजना के तहत जिला स्तर से 359 युवाओं का चयन कर निगम मुख्यालय राँची ( कल्याण विभाग) को आवेदन भेजा गया था। इन मे से 130 आवेदनों को स्वीकृति दी गई थी। इसके लिए सरकार ने विभाग को राशि भी उपलब्ध करा दी है।इस योजना के तहत उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी श्री शशि रंजन ने आज समाहरणालय परिसर में लाभुक विनोद चौधरी को 407 पिकअप गोल्ड की चाभी भेंट की। गौरतलब हो कि मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना एक कल्याणकारी ऋण योजना है, जिसके तहत लाभार्थी 50 हजार रुपये तक का लोन बिना किसी गारंटी के ले सकते हैं। आवश्यकता पड़ने पर अधिकतम 25 लाख रुपए तक के ऋण का भी प्रावधान है।


## कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम

ज्ञापांक......................../दिनांक......................

**आम सूचना**

मेदिनीनगर नगर निगम में सफाई कार्य करने हेतु 08 (आठ) चालक (ट्रक/डम्पर/टीपर के लिए) चालक (Heavy Licence)–1 (जे0सी0बी0 के लिए) कुल– 08 चालक की आवश्यकता है। वैसे इच्छुक आवेदकर्त्ता का उम्र 18–45 तक का होना अनिवार्य है तथा उन्हे कम से कम दो (02) वर्ष तक वाहन चलाने का अनुभव प्राप्त हो। वैसे इच्छुक आवेदनकर्त्ता दिनांक 08.09.2023 तक अपना आवेदन कार्यालय अवधि में निगम कार्यालय में जमा कर सकते है। आवेदन के साथ स्वप्रमाणित जन्म तिथि, आवास से संबंधित दस्तावेज, आधार कार्ड, शैक्षणिक योग्यता, ड्राईविंग लाईसेंस की छायाप्रति एवं पासपोर्ट साईज फोटो संलग्न करना अनिवार्य होगा। आवेदकर्त्ता को शारीरिक रूप से स्वस्थ्य होना अनिवार्य है। स्थानीय उम्मीदवार को प्राथमिकता दी जायगी। यह पद पूर्ण रूप से अस्थाई/अनुबंध पर एक वर्श के लिए होगी। एक वर्ष तक किये गये कार्यों का आकलन के पश्चात् ही सक्षम पदाधिकारी के द्वारा अवधि–विस्तारित करने पर विचार किया जायेगा। कार्य में कोताही/अनियमिता पाये जाने पर बिना कारण बताये सेवा समाप्त कर दिया जायेगा। चयनित उम्मीदवार को मो0– 10,000/– रूपये प्रतिमाह के दर से मानेदय का भुगतान किया जायेगा। कार्यालय से आवेदन पत्र प्राप्त किया जा सकता है।

ह0/–
नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम।

PR 305792 (District) 23-24 (D)



## कार्यालय, जिला परिषद्,लोहरदगा

Phone Number:- 06526-222064, email-id: zplohardaga@gmail.com

**ई–निविदा**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा संख्या – 13/2023–24     दिनांक 28.08.2023

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | पंचायत | प्रखण्ड का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | ग्राम सेन्हा उराँव टोली में लीची बगान से विश्राम उराँव के करंज पेड़ तक पक्की नाली निर्माण | सेन्हा | सेन्हा | 1045600.00 | 2500.00 | 21000.00 | 03 (तीन) माह |
| 2 | निरूहद उराँव के घर से सोहन साहु के घर तक पक्की नाली निर्माण | अरेया | किस्को | 1220700.00 | 2500.00 | 24500.00 | 03 (तीन) माह |
| 3 | तौफिक के घर से इमामबाडा तक पक्की नाली निर्माण | अरेया | किस्को | 567600.00 | 1250.00 | 11400.00 | 03 (तीन) माह |
| 4 | बथान डीपा तालाब से पतगच्छा ग्राम के मुक्तिधाम नदी तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण | बेटहट | किस्को | 495700.00 | 750.00 | 10000.00 | 03 (तीन) माह |

2 वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :–15.09.2023
3 बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि व समय :–21.09.2023/05:00 बजे अपराह्न तक
4 अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल (हार्ड कॉपी) जमा करने की तिथि एवं समय:–22.09.2023/03:00 बजे अपराह्न तक
5 निविदा खोलने की तिथि व समय :–23.09.2023/02:00 बजे अपराह्न में
6 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता:–जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा
7 निविदा खोलने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :–जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा

नोट – 1. जिला परिषद् लोहरदगा में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते हैं। संवेदक का U-Can में निबंधन अनिवार्य है।
2. निविदा की प्राक्कलित राशि घट बढ सकती है तत्पश्चात् अग्रधन की राशि देय होगा।
3. कार्य की मात्रा आवश्क्तानुसार घट–बढ सकती है।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, लोहरदगा

PR 305753 Lohardaga(23-24).D



## कार्यालय- झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढ़वा

**आवश्यक सूचना**

झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद, राँची के पत्रांक–IE/13/17/2022/2700 दिनांक– 07.07.2023 एवं पत्रांक– 3548 दिनांक– 25.08.2023 के द्वारा प्राप्त निदेश के आलोक में समावेशी शिक्षा अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 में जिले के सभी प्रखण्डों में 03–18 आयुवर्ग के दिव्यांग बच्चों को आवश्यक सहायक उपकरण (Aid & Appliances) प्रदान कर शिक्षा की मुख्य धारा में जोड़ने हेतु एलिम्को भुवनेश्वर एवं झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढ़वा के संयुक्त तत्वाधान में निम्न विवरणी के अनुसार जाँच/वितरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है :–

| क्र. सं0 | कैम्प स्थल | प्रखण्ड | आयोजन की तिथि | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | रा0मध्य वि0 टण्डवा | गढ़वा | 30.08.2023 | 09:00 बजे पूर्वाहन से 05:00 बजे अपराहन तक |
| 2 | प्रखण्ड संसाधन केन्द्र, रंका | रंका | 01.09.2023 | 09:00 बजे पूर्वाहन से 05:00 बजे अपराहन तक |
| 3 | प्रखण्ड संसाधन केन्द्र, नगर उँटारी | नगर उँटारी | 02.09.2023 | 09:00 बजे पूर्वाहन से 05:00 बजे अपराहन तक |
| 4 | प्रखण्ड संसाधन केन्द्र, मझिआंव | मझिआंव | 04.09.2023 | 09:00 बजे पूर्वाहन से 05:00 बजे अपराहन तक |
| 5 | प्रखण्ड संसाधन केन्द्र, बरडीहा | बरडीहा | 05.09.2023 | 09:00 बजे पूर्वाहन से 05:00 बजे अपराहन तक |
| 6 | प्रखण्ड संसाधन केन्द्र, भवनाथपुर | भवनाथपुर | 06.09.2023 | 09:00 बजे पूर्वाहन से 05:00 बजे अपराहन तक |
| 7 | प्रखण्ड संसाधन केन्द्र, केतार | केतार | 08.09.2023 | 09:00 बजे पूर्वाहन से 05:00 बजे अपराहन तक |
| 8 | प्रखण्ड संसाधन केन्द्र, भण्डरिया | भण्डरिया | 09.09.2023 | 09:00 बजे पूर्वाहन से 05:00 बजे अपराहन तक |
| 9 | प्रखण्ड संसाधन केन्द्र, बड़गड़ | बड़गड़ | 11.09.2023 | 09:00 बजे पूर्वाहन से 05:00 बजे अपराहन तक |
| 10 | उत्क्र0 म0 वि0 गोन्दा, मेराल | मेराल | 12.09.2023 | 09:00 बजे पूर्वाहन से 05:00 बजे अपराहन तक |
| 11 | प्रखण्ड संसाधन केन्द्र, धुरकी | धुरकी | 13.09.2023 | 09:00 बजे पूर्वाहन से 05:00 बजे अपराहन तक |
| 12 | प्रखण्ड संसाधन केन्द्र, सगमा | सगमा | 14.09.2023 | 09:00 बजे पूर्वाहन से 05:00 बजे अपराहन तक |
| 13 | प्रखण्ड संसाधन केन्द्र, डण्डा | डण्डा | 15.09.2023 | 09:00 बजे पूर्वाहन से 05:00 बजे अपराहन तक |
| 14 | प्रखण्ड संसाधन केन्द्र, चिनियां | चिनियां | 16.09.2023 | 09:00 बजे पूर्वाहन से 05:00 बजे अपराहन तक |
| 15 | प्रखण्ड संसाधन केन्द्र, रमना | रमना | 18.09.2023 | 09:00 बजे पूर्वाहन से 05:00 बजे अपराहन तक |
| 16 | प्रखण्ड संसाधन केन्द्र, बिशुनपुरा | बिशुनपुरा | 20.09.2023 | 09:00 बजे पूर्वाहन से 05:00 बजे अपराहन तक |
| 17 | प्रखण्ड संसाधन केन्द्र, कांडी | कांडी | 21.09.2023 | 09:00 बजे पूर्वाहन से 05:00 बजे अपराहन तक |
| 18 | प्रखण्ड संसाधन केन्द्र, खरौन्धी | खरौन्धी | 22.09.2023 | 09:00 बजे पूर्वाहन से 05:00 बजे अपराहन तक |
| 19 | प्रखण्ड संसाधन केन्द्र, रमकण्डा | रमकण्डा | 23.09.2023 | 09:00 बजे पूर्वाहन से 05:00 बजे अपराहन तक |
| 20 | प्रखण्ड संसाधन केन्द्र, डंडई | डंडई | 25.09.2023 | 09:00 बजे पूर्वाहन से 05:00 बजे अपराहन तक |

जाँच शिविर में बच्चें के पास दिव्यांग बच्चों को निम्न दस्तावेज के साथ उपस्थित होना आवश्यक है।

1. बच्चें का दो प्रति फोटोग्राफ (पासपोर्ट साईज)
2. आधार कार्ड की छायाप्रति (बच्चा अथवा बच्चें के माता/पिता/अभिभावक का)
3. दिव्यांगता प्रमाण पत्र की छायाप्रति।
4. आय प्रमाण पत्र अथवा दिव्यांगता छात्रवृति प्रमाण पत्र। यदि किसी बच्चें के पास आय प्रमाण पत्र न हो तो संबंधित ग्राम प्रधान/मुखिया/वार्ड सदस्य से आय प्रमाण पत्र प्राप्त किया जा सकता है।)
5. बच्चों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं होने के स्थिति में विहित प्रपत्र (सभी प्रखण्डों में उपलब्ध कराया जा चुका है। के माध्यम से बच्चों के दिव्यांग प्रमाण पत्र हेतु विद्यालय के प्रधान शिक्षक, समग्र शिक्षा के अधिकृत पदाधिकारी/प्रतिनिधि, एलिम्को प्रतिनिधि तथा सरकारी चिकित्सा पदाधिकारी के संयुक्त हस्ताक्षर से बच्चों के Assissment हेतु प्रमाण पत्र जारी किया जा सकेगा, जो सिर्फ बच्चें के Assessment एवं Aid & Appliances प्राप्त करने के लिए मान्य होगा।

अतः जिले के सभी सम्मानित जनप्रतिनिधि/पदाधिकारी/विद्यालय प्रधान/शिक्षक/ बी0आर0पी0/सी0आर0पी0/ रिसोर्स शिक्षक/विद्यालय प्रबंधन समिति/सरस्वती वाहिनी संचालन समिति (माता समिति) दिव्यांग बच्चों के माता/पिता/ अभिभावक, समाज के प्रबुद्ध जन एवं सर्वसाधारण से अपील है कि अपने क्षेत्राधीन विद्यालय के पोशक क्षेत्रों के 03 से 18 आयुवर्ग के दिव्यांग बच्चों को सूचित कर आवश्यक सहयोग प्रदान करते हुए जाँच शिविर में ससमय उपस्थित होने के लिए प्रेरित करेंगें तथा उन्हे सरकार के इस महत्वकांक्षी कार्यक्रम से लाभान्वित करायेंगे।

जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–
अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढ़वा

उपायुक्त–सह–अध्यक्ष
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढ़वा

PR 305816 Human Resource Developement (23-24)_D

NEWS इन ब्रीफ

### श्रम अधिनियमों पर आधारित एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**मेदिनीनगर।** सहायक श्रमायुक्त के कार्यालय में श्रम अधीक्षक एतवारी महतो की अध्यक्षता में श्रम अधिनियमों के प्रमुख प्रावधानों से संबंधित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में औद्योगिक प्रतिष्ठान, होटल, स्कूल, अस्पताल, दुकान प्रतिष्ठान के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यशाला में सभी श्रम अधिनियमों के प्रमुख प्रावधानों को पीपीटी के माध्यम से न्यूनतम मजदूरी अधिनियम 1948, बोनस भुगतान अधिनियम 1965, उत्पाद अधिनियम 1972, मजदूरी भुगतान अधिनियम 1936, सामान पारिश्रमिक अधिनियम 1976, दुकान प्रतिष्ठान अधिनियम 1953, ठेका मजदूर अधिनियम 1970, बाल श्रम अधिनियम 1986, मातृत्व अधिनियम 1961, औद्योगिक विवाद अधिनियम और प्रवासी मजदूर अधिनियम के प्रावधानों के बारे में जानकारी दी गई। कार्यशाला में सभी संस्थाओं के प्रतिनिधियों को विभिन्न श्रम अधिनियमों के प्रावधानों का पालन करने का निर्देश दिया गया। कार्यशाला में भगवती हॉस्पिटल, रिवर व्यू रिसोर्ट, क्रोन प्लाजा, संत मरियम स्कूल, न्यू कोलकाता बाजार, संत जेवियर अकैडमी, आदित्य विजन, वी-मार्ट, द्वारका जी हॉस्पिटल, सिटी स्टाइल, रिलायंस ट्रेंड्स, आरसी केयर हॉस्पिटल, आरसी लाइफ केयर हॉस्पिटल, प्रकाशचंद जैन सेवा सदन, कम्पोटेंट पॉलीमर्स, सनटेक प्लास्टीजर प्राइवेट लिमिटेड, सेक्रेट हार्ट स्कूल, हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल, इलाइट पब्लिक स्कूल, ब्राइट लेंट स्कूल, डीएवी पब्लिक स्कूल, ज्ञान निकेतन स्कूल, ऑक्सफोर्ड स्कूल, दिल्ली पब्लिक स्कूल के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी जोर शोर से शुरू

# नव सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का किया जायेगा आयोजन

**लोक अदालत में इस बार 14 हजार से अधिक मामलों के निस्तारण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है : अध्यक्ष**



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने को लेकर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष नीरज कुमार श्रीवास्तव ने प्रेसवार्ता की। उन्होंने पत्रकारो को जानकारी देते हुए कहा कि नव सितंबर को 10:30 से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि लोक अदालत में इस बार 14 हजार से अधिक मामलों के निस्तारण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए पूर्व से ही विभागीय पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने विभाग से संबंधित लंबित वादों की सूची तैयार करें । उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत में मामले के निष्पादन से पक्षकारों को आर्थिक परेशानियों से राहत मिलती है। साथ ही इससे समय की बचत होती है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में माईन्स ,श्रम विभाग,वन विभाग,उत्पाद विभाग, बैंक के अलावे विभिन्न विभाग के लोगो के साथ बैठक हो चुकी है। साथ ही सभी को अधिक से अधिक मामले निस्तारण हो इसके लिए अभी से ही लग जाने की सलाह दी गई है। उन्होंने बताया कि पारिवारिक विवाद समाधान के लिए कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश मार्तण्ड प्रताप मिश्रा करेंगे। जबकि विधुत विभाग से सम्बंधित मामले का निपटारा जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रथम सन्तोष कुमार के देखरेख में होगा। एम. ए. सी. टी. से सम्बंधित मामलों का निस्तारण जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पंचम अभिमन्यु कुमार करेंगे। वन विभाग, उत्पाद विभाग व आपराधिक कम्पाउडेबल केस का निपटारा सी जे एम निरूपम करेंगे। वहीं रेलवे कोर्ट से सम्बंधित मामले का निस्तारण रेलवे मजिस्ट्रेट मनोज कुमार करेंगे। इसके अलावे आठ अन्य बेंच होगीं, जिसमें भी कई तरह के मामले का निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने लोक अदालत की महत्ता के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत में कम्पाउंडिंग फीस कम करायी जाती है। इससे अधिक से अधिक केस का निपटारा तो होता ही है साथ मे बिजली विभाग को राजस्व भी अच्छा मिल जाता है। उन्होंने बताया कि जागरूकता शिविर व मध्यस्थता से भी लोक अदालत में अधिक मामले निपटारा के प्रति पक्षकारों में उत्साह देखा जा रहा है। उन्होंने बताया कि लोक अदालत के पूर्व से ही कोर्ट में प्रिसिटिंग होता है व पक्षकारों को मामले निस्तारण के लिए तैयार कराया जाता है। इस मौके पर डीजे प्रथम सन्तोष कुमार, कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश मार्तण्ड प्रताप मिश्रा, डीजे पंचम अभिमन्यु कुमार, सी जे एम निरूपम कुमार, ए सी जे एम आनन्दा सिंह, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव, रेलवे जे एम मनोज कुमार उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर बॉलीबॉल प्रतियोगिता आयोजित



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के जिला कार्यालय बरालोटा में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर बौलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया सर्व प्रथम मेजर ध्यानचंद की तस्वीर पर फूल मला चढ़ा कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। मेजर ध्यानचंद का जन्म दिवस राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप मे मनाया जाता है। मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने कहा कि मेजर ध्यानचंद सिंह का जन्म 29 अगस्त 1905 ई. को इलाहाबाद मे हुआ था उन्हें प्यार से लोग दादा कह कर पुकारते थे। वे हॉकी के जादूगर थे। 1922 ई. मे सेना मे बहाल हुए मेजर ध्यानचंद सिंह ने भारत को 1928--1932 और 1936 ओलिंपिक मे लगातार 3 गोल्ड मेडल दिलाने मे अहम भूमिका अदा की। 1948 तक अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खेलते रहे ध्यानचंद ने 400 से अधिक गोल किये। भारत सरकार नें 1956 में उन्हें पद भूषण से सम्मानित किया। मोर्चा अध्यक्ष ने कहा कि खेल की दुनिया मे मेजर ध्यानचंद के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। शिवनारायण शाव नें मेजर ध्यानचंद की जीवनी पर प्रकाश डाला एवं भारत सरकार से मांग किया की कि मेजर ध्यानचंद को भारत रत्न से सम्मानित किया जाये। इस अवसर पर संजीत कुमार, सनी पासवान, श्याम पाठक, विजय राम, अनिल राम, संन्योश बिश्वकर्मा ,उपेंद्र तिवारी, कृष्णा राम, संजय चौराशिया, सतीश दुबे सहित कई लोग उपस्थित थे विजेता एवम उप विजेता को कलम कॉपी किताब दे कर पुरुष्कृत किया गया। रामनरेश महतो नें धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम नें की।

## आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के लाभुकों का कार्ड निर्गत करें : उपायुक्त

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त-सह- जिला स्वास्थ्य समिति के अध्यक्ष शशि रंजन ने आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जनआरोग्य योजना अंतर्गत आच्छादित लाभुकों का ई- केवाईसी के माध्यम से आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया को प्रभावी करने का निदेश दिया है। उन्होंने पलामू सिविल सर्जन, जिलाअंतर्गत सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को निदेश दिया है कि अपने प्रखंडों के वैसे गांव जहां अब तक ई- केवाईसी के माध्यम से लाभुकों का आयुष्मान कार्ड निर्गत नहीं किया गया है, उन्हें एवं आदिम जनजातियों के परिवार के सदस्यों के साथ अन्य लाभुकों को ई- केवाईसी करने की प्रक्रिया को प्रभावी रूप से करना सुनिश्चित करें। उपयुक्त शशि रंजन ने कहा है कि आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना से गरीब परिवारों को अच्छादित करें, ताकि जरूरत के अनुरूप उन्हें चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराकर मदद की जा सके। उन्होंने अभियान चलाकर वृहद रूप से आयुष्मान कार्ड बनाने एवं ई- केवाईसी की प्रक्रिया पूरी कर आयुष्मान कार्ड निर्गत करने का निदेश दिया। उपायुक्त ने जिले के विश्रामपुर, चैनपुर, छतरपुर, हरिहरगंज, हुसैनाबाद, मनातू, मेदिनीनगर, नीलांबर- पीतांबरपुर (लेस्लीगंज ) पांकी एवं पाटन प्रखंड क्षेत्रों में कार्ड बनाने की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों को व्यक्तिगत रुचि लेते हुए अभियान चलाकर आयुष्मान कार्ड निर्गत करने की गति को तेज करने का निदेश दिया।

### खाद आपूर्ति विभाग की धोती साड़ी योजना लाभकारी है : रुद्र

**मेदिनीनगर।** झारखण्ड सरकार के वित्त सह खाद्ध आपूर्ति मंत्री रामेश्वर उरांव के आदेशा अनुसार पांकी विधानसभा क्षेत्र के नीलांबर पितांबरपुर प्रखंड के बनुवा ग्राम में पांकी विधानसभा के पूर्व विधायक प्रत्याशी , प्रतिनिधि वित्त सह खाद्ध आपूर्ति विभाग झारखंड सरकार उपस्थित हो वहां के जन वितरण प्रणाली के दुकानदार भाई एवं ग्राम के वरिष्ठों के साथ धोती साड़ी का वितरण किये ।। कांग्रेस नेता रूद्र शुक्ला ने कहा कि माननीय खाद आपूर्ति मंत्री महोदय ने आम जनता के लिए अनाज के साथ-साथ उत्तम वस्त्र की व्यवस्था की है। झारखंड सरकार की यह लाभकारी योजना है ।जिससे आम जनता को ग्राम स्तर पर धोती साड़ी उपलब्ध हो रहा है । आम जनता भी इस योजना को लेकर हर्ष व्यक्त कर रहे हैं और झारखंड सरकार को को धन्यवाद दे रहे हैं।


## पलामू पुलिस ने गायब मंगलदेव सिंह को रामगढ़ से किया बरामद

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस ने मेदिनीनगर से गायब मंगलदेव सिंह को रामगढ़ से पकड़ा। मंगल देव सिंह खुद के अपहरण का साजिशकर्ता निकला । बैंक से लोन लेने के दबाव में खुद का अपहरण का नाटक रचा था । मंगल देव सिंह मेदिनीनगर पलामू एजेंसी में मैनेजर के पद पर काम करता है । दुकान का दो लाख रुपया बैंक में जमा करने को लेकर निकला था। एसडीपीओ आईपीएस ऋषभ गर्ग ने बताया कि दिनांक 28 अगस्त को अवतार सिंह पिता स्व० हजारा सिंह सा० नामधारी गुरूद्वारा नावाटोली चौक, थाना शहर जिला पलामू द्वारा एक लिखित आवेदन दिया गया कि उनका पुत्र मंगल सिंह देव जो कि पलामू स्टोर, माली मुहल्ला थाना शहर जिला पलामू से दिन लगभग 11:15 बजे 2,50,000 / ( दो लाख पचास हजार) रूपया स्थानीय आई०सी०आई०सी० बैंक में जमा करने के लिए गया था, बैंक नही पहुॅचे तथा दोपहर 13:30 बजे फोन पर सम्पर्क करने पर उनके द्वारा बताया गया कि बैंक जाने के क्रम में चार लोग गाड़ी में बैठाकर उन्हें बेहोश कर दिये तथा वे गाड़ी में बंद है। इस सूचना पर शहर थाना में अपहरण का मामला दर्ज कर पुलिस अधीक्षक, पलामू के द्वारा टीम का गठन कर प्राप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए लातेहार पुलिस तथा रामगढ थाना (जिला रामगढ़) के सहयोग से दस घंटे के अन्दर मंगल सिंह देव को उनके द्वारा बैंक में जमा की जानेवाली रकम के साथ सकुशल बरामदगी की गयी। बरामदगी पश्चात पूछताछ के क्रम में मंगल सिंह देव के द्वारा खुलासा किया गया कि उनके द्वारा चाईनिज ऐप के माध्यम से लोन लिया गया था जिसके बाद से उन्हें लोन का भुगतान करने के लिए मानसिक रूप से प्रताडित किया जा रहा था। जिस वजह से वे भावनात्मक कमजोरी के कारण अपने अपहरण कर लिये जाने की झूठी कहानी अपने परिवारवालों को बताये।

### वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट की सचिव ने चैनपुर सड़क हादसे पर व्यक्त किया दुख

**मेदिनीनगर।** वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट की सचिव श्रीमती शर्मिला वर्मा ने चैनपुर ( बरांव) के सड़क हादसे पर काफी दुख व्यक्त किया है। जैसा कि विदित है कि वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट लगातार विभिन्न स्कूल, कॉलेजों में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान सालों से चला रहा है और लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की सीख दे रहा है। ऐसे में शहर से सटे चैनपुर में सड़क दुर्घटना में दर्जनों लोगों के घायल होने और तीन की मौत हो जाने से यह संस्था काफी मर्माहत है। सचिव शर्मिला वर्मा ने प्रशासन से मांग की है कि दोषियों जल्द से जल्द गिरफ्तार करके सजा दी जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों। ज्यादातर दुर्घटनाओं में नशे में गाड़ी चलाने की बात सामने आती है, कुछ ऐसी ही खबर इस हादसे में भी आ रही है। ऐसे कृत्य की जितनी भी निंदा की जाए कम है।

PR No. 305847 (Health Med Edu and Family Welfare) 2023-24

## दूसरे प्रदेशों की राखी कलाई की बढ़ाएगी शोभा

# रक्षाबंधन कल, बाजार में हुई खरीददारी



**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

भाई बहन के प्रेम का त्योहार रक्षाबंधन का त्योहार गुरुवार को मनाया जाएगा। त्योहार को लेकर बाजार में जमकर खरीदारी हुई। त्योहार को लेकर बहन व भाइयों में उत्साह है। रक्षाबंधन को लेकर बहनों ने सभी प्रकार की तैयारियां पूरी कर ली है। सावन पूर्णिमा के अवसर पर बहनें अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधेगी। रक्षा बंधन को ले सोमवार को ही युवतियों और महिलाओं ने राखी की खरीदारी कर ली है। रक्षाबंधन को लेकर कई घरों में घर पर ही मिठाई भी तैयार की जा रही है। बाजार में राखी की दुकानें सजी हुई हैं। बहनों ने अपने भाइयों के लिए राखी की खरीद की। बाजार में विभिन्न प्रकार की आकर्षक राखियां बिक रही हैं। पांच रुपये प्रति पीस से लेकर 2000 रुपये प्रति पीस तक राखी बाजार में बिक रही है। महिलाएं पसंद के अनुसार राखी की खरीददारी करती दिखीं। जिला मुख्यालय में विभिन्न चौक-चौराहों और बाजार में राखी की दुकानें सजाई गई है। रंका मोड़, सहिजना मोड़, पुरानी बाजार, मझिआंव मोड़, मेन रोड में जगह-जगह पर राखी की दुकानें सजाई गई है। वहीं सरार्फा दुकानों में भी चांदी की राखी की बिक्री हो रही है। राखी को लेकर चौक-चौराहों पर राखी की दुकानें सजी हुई हैं। दूसरे प्रदेशों से आई राखी ही भाइयों की कलाई की शोभा बढ़ाएगी। राखी विक्रेता पंकज कुमार ने बताया कि गढ़वा में बनारस, कोलकाता और दिल्ली से राखी लाई गई है। उन्होंने कहा कि स्टोन और नग वाली राखी की डिमांड सबसे ज्यादा है। वहीं बच्चों के बीच कार्टून वाली राखी भी पसंद की जा रही है।

**राखी पर खूब बिकी मिठाइयां :** भाई-बहनों के प्यार का त्योहार रक्षाबंधन का उत्सव पर मिठाइयों का बाजार भी उत्साह जनक रहा। जिला मुख्यालय के होटल, चौक-चौराहों के साथ-साथ ठेले पर मिठाई की दुकान सजी हुई है। जयसवाल स्वीट के मालिक प्रवीण जयसवाल ने बताया कि राखी को लेकर जिला मुख्यालय के सभी होटलों में मिठाई की स्पेशल तैयारी की गई है। उन्होंने बताया कि पूरे जिले में राखी पर लगभग पांच करोड़ मिठाई का कारोबार होता है। कई दुकानदार तो दूसरे प्रदेशों से भी मिठाई लाकर बिक्री करते हैं। उन्होंने बताया कि मिठाई 140 रुपये से लेकर 1200 प्रति किलो बिक रही है। जिला मुख्यालय में दो करोड़ से ज्यादा की मिठाई की बिक्री होने का अनुमान है।

## बस स्टैंड पर मिठाइयों राखी की दुकानें सजीं

**मेराल।** रक्षाबंधन त्यौहार को लेकर मेराल बस स्टैंड पर मिठाईयां एवं राखी की दुकानें सज गई है मिठाई एवं राखी के व्यवसाई हर वर्ष की भांति इस वर्ष अधिक मिठाइयां एवं राखी दुकान पर सजाया है अभी से ही लोग राखी की दुकान पर भीड़ लगाने लगे हैं। पांच रुपये से लेकर 200 रुपये तक की राखी उपलब्ध हैं। राज स्वीट्स के संचालक कृष्ण कुमार ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष तरह-तरह की अधिक मिठाइयां बनाई जा रही है। कई मूल्य के मिठाइयां बनाई गई है तथा शुद्ध एवं स्वादिष्ट मिठाइयां रक्षाबंधन पर्व के लिए बनाया गया है। वहीं राखी व्यवसाई संतोष सोनी, कृष्णा प्रसाद, सनोज राम ने बताया कि रक्षाबंधन को लेकर राखी की दुकानें सजाई गई हैं। इस बार अधिक से अधिक राखी बिकने की संभावना है। व्यवसायों ने कहा कि इस बार हर तरह की रखी बाजार उपलब्ध है।

## राखी बंधन कार्यक्रम का किया आयोजन

**मेराल।** प्रखंड स्थित डीएवी लीलावचन पब्लिक स्कूल लातदाग में रक्षाबंधन पर मंगलवार को राखी बंधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सभी छात्र छात्राओं ने बड़े ही हर्षोल्लास के साथ भाग लिया। इस मौके पर सभी बहनों ने बड़े ही स्नेह से थाल सजाकर भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर राखी बांधी और उनके सुख - समृद्धि की कामना की और भाइयों ने भी अपनी बहनों की रक्षा करने के लिए संकल्प दोहराया। वहीं विद्यालय के निदेशक सुरेंद्र विश्वकर्मा के द्वारा सभी बच्चों को रक्षाबंधन की अग्रिम बधाई और शुभकामनाएं दी। सभी बच्चों को भाई बहन के इस पवित्र त्यौहार को बड़े हीं प्रेम पूर्वक हंसी खुशी और उल्लास के साथ मानाने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार ने कहा कि राखी का पवित्र त्यौहार भाई-बहन के अटूट प्रेम का त्यौहार है। यह त्यौहार भाई-बहन के आपसी प्रेम को बढ़ता है यहां पढ़ने वाला प्रत्येक छात्र छात्रा भाई बहन होते है मौके पर विद्यालय के शिक्षक रिजवान अंसारी, नागेंद्र प्रसाद ठाकुर, सुफिया नाहिद, प्रियंका कुमारी, रेनू कुमारी, अमिता कुमारी, नागवंति कुमारी, सफाई कर्मी अंजू कुमारी बलराम शर्मा शामिल थे।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर कबड्डी का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

स्टेशन रोड स्थित एमके इंटरनेशनल स्कूल में रक्षाबंधन, श्रावण और कबड्डी खेल का मंगलवार को आयोजन किया गया। श्रावण और रक्षाबंधन का उत्सव मनाया गया साथ ही राष्ट्रीय खेल दिवस पर मेजर ध्यानचंद की स्मृति में विद्यालय निदेशक डॉ अभिमन्यु सिंह, प्रिंसिपल डॉ रे रोज एवं कोऑर्डिनेटर कृषाणु परुआ ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस मौके पर प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर अमृता सिंह ने कहा की रक्षाबंधन का त्योहार हम कब से और किस लिए मनाते हैं। कंचन गुप्ता ने कहा कहा कि श्रावण मास हमारे लिए कितना महत्वपूर्ण है। हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर एमके इंटरनेशनल स्कूल के द्वारा अंतर स्कूल दोस्ताना प्रतियोगिता कराई गई, जिसमें एमके इंटरनेशनल स्कूल और सरस्वती शिशु मंदिर के बच्चों के बीच कबड्डी खेल का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य रेफरी सौरभ सर (खेल प्रशिक्षक), जितेंद्र, विजय, राजेश, हरेंद्र सर एवं अन्य प्रशिक्षक गणों ने मुख्य भूमिका निभाई।

## संक्षिप्त

### बारिश कम होने से किसानों की उम्मीद टूटी

**डंडई।** अगस्त माह का महीना समाप्ति की ओर है लेकिन अभी तक प्रखंड क्षेत्र में अपेक्षा अनुकूल बारिश नहीं हुई है जिससे किसानों की उम्मीद भी टूटने लगी है। वहीं उनके द्वारा किसी तरह खेत में रोपनी किए धान के पौधे भी सूखने लगे हैं। अगस्त माह तक इससे पूर्व 280 मिमी बारिश हो जाती थी लेकिन इस वर्ष मात्र 132.5 मिमी ही बारिश हो पाई है। बारिश मौसम का का मध्य महीना कहलाने वाला अगस्त मे भी अपेक्षा के अनुकूल बारिश नहीं होने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। किसानों का कहना है कि अगर इस वर्ष कहीं खेती धोखा दिया तो हम सभी किसान बेमौत मारे जाएंगे, क्योंकि पिछले दो वर्षों से हम लोगों के साथ प्रकृति यही खेल खेलती आई है। प्रकृति की उम्मीद पर ही हम सभी इससे पूर्व अपने-अपने खेतों में धान की रोकने करते आ रहे थे। वहीं रुक रुक कर कमोबेश बारिश होते रहने से हम सबों को खाने पीने के लिए धान की पैदावार हो जाती थी। लेकिन इस वर्ष अभी तक जिस तरह प्रकृति ने धोखा दिया है उससे नहीं लगता है कि हम सभी की खेती इस वर्ष हो पाएगी। उन्होंने कहा कि अगस्त माह के शुरुआती दौर में अच्छी बारिश हुई थी जिसका कृषि वैज्ञानिक ग्राफ 280 मिमी था। इस दौरान आनन फानन में प्रखंड क्षेत्र के मात्र दो प्रतिशत किसान ही धान की रोपनी कर पाए थे। उसके बाद से बारिश में सुधार होता देख हम सभी अच्छी बारिश की उम्मीद लगा डीजल पंप मोटर सहित कई तरह के संसाधन के बदौलत अपने-अपने खेतों में धान की रोपनी करना शुरू कर दिए जिससे उसका ग्राफ 2 प्रतिशत से बढ़ कर 30 से 35 प्रतिशत तक पहुंचा दिए। परिस्थिति बस हम सभी बीच में ही धान रोपनी का कार्य बंद कर दिए। उन्होंने कहा जिस खेत में धान की रोपनी किये थे अब वह धूप की वजह से सूखने लगी। जगह-जगह पर खेतों में बड़े-बड़े आकार की दरार भी खुलनी शुरू हो गयी।

### आंगनबाड़ी में सहायिका पद पर रेणु का चयन

**केतार।** केतार प्रखंड क्षेत्र के लोहरगाडा.पंचायत के हुरका गांव के आंगनबाड़ी केंद्र पर आंगनबाड़ी सहायिका का चयन को लेकर आम सभा का आयोजन किया गया। इसमें आंगनबाड़ी सहायिका के रूप में रेणु देवी का चयन किया गया। इस आम सभा में तीन अभ्यार्थी सुनीता देवी, सुषमा देवी और रेणु देवी ने दावेदारी किया। लेकिन इसमें योग्यता के अनुसार रेणु देवी का चयन किया गया। इस आंगनबाड़ी केंद्र में सेवारत सहायिका विंध्याचल कुंवर का 62 वर्ष सेवानिवृत्त होने के कारण सहायिका का पद रिक्त हो गया था। इस मौके पर सीडीपीओ जयपाल महतो, केतार बीडीओ मुकेश मछुआ ने नवचयनित सहायिका रेणु देवी को प्रमाण पत्र सौंपा। मौके पर आंगनबाड़ी प्रयवेक्षिका रिंकी कुमारी, मुखिया नीलम देवी, मुखिया प्रतिनिधि सीता राम शर्मा, आंगनबाड़ी सेविका रीमा देवी मौजूद थे।

### बसपा की दो दिवसीय सेक्टर समीक्षा बैठक



**भवनाथपुर।** भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में दो दिवसीय सेक्टर कमेटी संगठन समीक्षा बैठक हुई। इसमें मुख्य अतिथि पार्टी के केंद्रीय राज्य प्रभारी गया चरण दिनकर, रामबाबू चिरगाइयां, विशिष्ट अतिथि प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता, प्रदेश महासचिव मनीष कुमार सिंह, गढ़वा जिला कमेटी से जिला अध्यक्ष सुनील कुमार गौतम, जिला प्रभारी नंदा पासवान, जिला प्रभारी जितेंद्र चंद्रवंशी, जिला उपाध्यक्ष श्रवण कुमार कुशवाहा, जिला कोषाध्यक्ष चंद्रिका सिंह, जिला महासचिव सुदेश्वर राज, जिला महासचिव शिव शंकर मेहता, जिला सचिव गरीबुलाह अंसारी, बसपा नेता रामचंद्र राम, विधानसभा प्रभारी चुनमुन चौधरी, विधानसभा प्रभारी जोगिंदर राम, विधानसभा अध्यक्ष आशीष चौबे, विधानसभा उपाध्यक्ष बैजनाथ आर्या, महासचिव वजीर अंसारी, कोषाध्यक्ष रामेश्वर पासवान के साथ-साथ भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के 10 प्रखंड के प्रखंड अध्यक्ष, भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के सारे सेक्टर के पदाधिकारी, बामसेफ पदाधिकारी नथुनी राम, बहुजन समाज पार्टी के पूर्व एवं वर्तमान तमाम पदाधिकारी मौजूद थे।

### पैक्स प्रत्याशी ने की पुनर्मतगणना की मांग

**केतार।** केतार पंचायत पैक्स अध्यक्ष पद के प्रत्याशी रवि कुमार रवि ने निवार्ची पदाधिकारी मनोज कुमार गुप्ता को आवेदन देकर पुनर्मतगणना की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया है कि अध्यक्ष पद के उम्मीदवारों के मत पत्रों में की गणना करते समय मुहर की जगह स्याही या अंगुठा लगे निशान की भी गिनती कर ली गई है, जो नियमानुकूल नहीं है। उन्होंने आपत्ति व्यक्त करते हुए निवार्ची पदाधिकारी से मांग की है कि सिर्फ मुहर लगे मतपत्रों की गणना की जाये। 22 अगस्त को केतार पैक्स अध्यक्ष के लिए चुनाव हुआ है, जहां निर्वाचित पदाधिकारी के द्वारा मतों की गणना के बाद दोनों प्रत्याशियों को 97-97 मत मिलने की बात कही। इससे अध्यक्ष पद का निर्णय नहीं हो सका। अब निवार्ची पदाधिकारी ने पैक्स अध्यक्ष के चयन के लिए लॉटरी से 31 अगस्त की तिथि तय की है।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया राष्ट्रीय खेल दिवस



**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

सीबीएसई से मान्यता प्राप्त स्थानीय जीएन कॉन्वेंट +2 स्कूल में राष्ट्रीय खेल दिवस (29 अगस्त) उत्साह पूर्वक मनाया गया जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के निदेशक मदन प्रसाद केशरी तथा उपप्राचार्य बसंत ठाकुर द्वारा मेजर ध्यानचंद की तस्वीर पर माल्यार्पण कर हुयी। कार्यक्रम को सफल बनाने में खेल शिक्षक अजय कुमार के साथ-साथ शिक्षक मुकेश भारती, खुर्शीद आलम, आलोक सिन्हा, नरेंद्र कुमार, संजीव कुमार, निलम कुमारी, सुनिता, सरिता, रिजवाना शाहीन, सुषमा, शिवानी कुमारी, संतोष प्रसाद आदि की भूमिका सराहनीय रही। खेलों में जिला स्तर, राज्यस्तर एवं राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को गोल्ड,सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल तथा पेन प्रदान कर सम्मानित किया गया। इनमें विजेता भारती (गोल्ड), मुस्कान तिवारी (गोल्ड), पवल किशोर (गोल्ड), नमन, अविनाश को सिल्वर वहीं राजीव नयन, अजित, आर्या, संस्कार, कुणाल, रणवीर, सीटू, पीयूष और अमर शामिल रहे।

## देसी शराब के विरुद्ध छापेमारी अभियान एक गिरफ्तार

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र अंतर्गत थाना के सशस्त्र बल द्वारा ग्राम जहर सराय टोला परसाखाड़ थाना मझिआंव जिला गढ़वा में अवैध देसी महुआ शराब के विरुद्ध छापामारी अभियान चलाया गया, जिसमें प्रेमनाथ सिंह उर्फ रोवन सिंह उम्र 55 वर्ष पिता स्वर्गीय गणेश सिंह को अवैध महुआ देसी शराब बनाने के विरोध में गिरफ्तार किया गया है। इसमें ग्राम जाहरसराइ टोला परसाखाड़ थाना मझिआंव जिला गढ़वा के घर के पीछे चटवा नाला के पास से एक अलमुनियम का शराब बनाने का उपकरण व लगभग 15 लीटर महुआ शराब जब्त किया गया है। मझिआंव थाना कांड संख्या 99/2023 दिनांक 29/8/ 23 धारा 272/ 273 भादवी एवं 47 एक्साइज एक्ट दर्ज किया गया है। वहीं थाना प्रभारी विवेक कुमार पंडित ने कहा कि अवैध रूप से कार्य करने वाले लोगों को बख्शा नहीं जाएगा उन पर नकेल कसी जाएगी।

# राइजिंग सन व व्हाइट लायनेस की जीत



**नवीन मेल संवाददाता। मेराल**

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर एसडी मेमोरियल एकेडमी में बालक एवं बालिका वर्ग में अलग-अलग कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की गई। बालक वर्ग में राइजिंग सन तथा व्हाइट लायंस के बीच एवं बालिका वर्ग में राइजिंग सन तथा व्हाइट लायनेस के बीच कबड्डी खेली गई, जिसमें बालक वर्ग से राइजिंग सन तथा बालिका वर्ग में व्हाइट लायनेस की टीम विजेता रही। बालिका वर्ग में दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर हुई जिसमें मात्र एक अंक से व्हाइट लायनेस मैच को जीतने में सफल रही। बालक वर्ग में भी व्हाइट लायंस तथा राइजिंग सन के बीच जोरदार मुकाबला हुआ जिसमें राइजिंग सन ने तीन अंक से व्हाइट लाइंस को पराजित कल मैच को जीत लिया। मौके पर उपस्थित भाजपा के जिला उपाध्यक्ष संजय भगत समाजसेवी अजय प्रसाद गुप्ता बिरझन राम, सुरकेश बैठा विकास कुमार इत्यादि द्वारा विजेता तथा उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर उनका उत्साह वर्धन किया गया। अतिथियों ने कहा कि खेलकूद से अनुशासन की सीख के साथ-साथ तन एवं मन दोनों स्वस्थ रहता है। बालिका वर्ग व्हाइट लाइंस की ओर से कप्तान चंदा कुमारी चुनमुन कुमारी रिया कुमारी रिजवी परवीन वंदना कुमारी महिमा कुमारी, नूरी, रोशन, तारा कशिश, सना, अंजलि सपना, निशा, राइजिंग सन की ओर से रानी तनु प्रिया रानी कुमारी अनुष्का कप्तान समरीना, सब्बा, अनुराधा, सुहाना, शबनम फैजाना नाज तथा रागिनी कुमारी ने खेल में हिस्सा लिया। वहीं बालक वर्ग में राइजिंग सन की ओर से, कप्तान पवन रजक आदित्य कुमार अमन विश्वकर्मा गौतम चौधरी आयुष गुप्ता गुलाम गौस अनिकेत कुमार अजमेरुल हक, शुभम सोनी अभिजीत सिंह, ठाकरे आलम दुर्गा दत्त प्रजापति हिमांशु रजक तथा व्हाइट लाइंस की ओर से कप्तान सानू जैसवाल आरिफ राजा आशू कुमार रवि रंजन प्रिंस फंटूश आयुष राजकिशोर राजेश सुमित पुरुषोत्तम उज्जवल कुमार शिवम कुमार शशि कुमार शामिल थे। रेफरी की भूमिका गौतम कुमार तथा श्यामदेव पांडे द्वारा निभाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं तथा दर्शक के रूप में काफी लोग उपस्थित थे।

# बनसानी पंचायत में एक ही स्थल दिखा की तीन योजनाओं की राशि की निकासी



**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

प्रखंड क्षेत्र के बनसानी पंचायत के झगडाखांड के हाई स्कूल परिसर में मनरेगा से तीन एकड़ भूमि पर वृक्षारोपण का कार्य किया जाना था। लेकिन तीनों योजना को एक ही स्थल को दिखाकर तीनों योजनाओं में बिचौलिए एवं मेठ द्वारा सरकारी पैसा का निकासी कर दुरुपयोग किया जा रहा है जबकि योजना स्थल पर मनरेगा से संबंधित कोई भी बोर्ड भी वहां पर नहीं है। इससे साफ जाहिर होता कहीं ना कहीं ब्लॉक कर्मियों व पंचायत के प्रतिनिधियों के मिली भगत से सरकारी राशि का निकासी कर दुरुपयोग किया जा रहा है।

इस योजना में एक एकड़ भूमि पर लगभग 200 पौधे लगाये जाने हैं, जिसकी एक योजना की लागत लगभग 4.44 लाख है। तीन योजना झगडाखाड़ हाई स्कूल में चयनित किये गये हैं। लेकिन कोड संख्या (7080902715141) आरके हाई स्कूल झगडाखाड़ में 7600 रुपये, कोड संख्या (7080902730824) आरके हाई स्कूल 2 झगडाखाड़ में 10710 रुपये, कोड़ संख्या (7080902722019) आरके हाई स्कूल 3 झगडाखाड़ में 9180 रुपये का भुगतान हो चुका है। उक्त तीनों पौधरोपण का कार्य एक ही स्थल पर किया जा रहा है। इन तीनों योजनाओं में अभी भी मजदूरों की डिमांड चल रही है जबकि कार्य स्थल पर कोई भी मेठ एवं मजदूर उपस्थित नहीं थे। बताते चलें कि पूरे भवनाथपुर प्रखंड में 90 एकड़ भूमि पर पौधा लगाने का लक्ष्य रखा गया है जो पंचायत में रोजगार सेवक के माध्यम से लगाया जाना है जिसमें फलदार और बिना फलदार वाले पौधा शामिल है। इस संबंध में रोजगार सेवक सह प्रभारी बीपीओ तहमीद अंसारी ने बताया कि एक ही स्थल पर तीनों योजना का कार्य किया जा रहा है। इस संबंध में वनसानी मुखिया प्रतिनिधि राजेश्वर पासवान ने बताया कि झगडाखाड़ हाई स्कूल में तीन एकड़ भूमि में योजना का कार्य किया जा रहा है। इस संबंध में बीडीओ जयपाल महतो ने कहा कि वृक्षारोपण का कार्य किया जा रहा है। जांच किया जाएगा जांच के क्रम में गलत पाए जाने पर कारवाई की जाएगी। इस संबंध में पूछे जाने पर डीडीसी राजेश कुमार राय ने बताया कि अगर इस प्रकार का कार्य पंचायत में किया जा रहा है तो गलत है। जांच की जाएगी। अगर जांच में सत्य पाया जाता है तो जो भी दोषी पाया जाएगा उसके पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## किसानों के बीच मडुवा बीज का किया गया वितरण

**चिनिया।** प्रखंड मुख्यालय के रंग का मोड पर स्थित एग्रीकल्चर फार्म्स प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के ऑफिस में सोमवार को किसानों के बीच निशुल्क मडुवा बी का वितरण किया गया है। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य बनारसी सिंह अध्यक्ष फूलमानी देवी सचिन बेलाल अंसारी, वह एफपीओ के प्रखंड समन्वयक अमर गुप्ता मौजूद रहे। वहीं किसानों को संबोधित करते हुए एफपीओ के अमर गुप्ता ने कहा कि मडूवा बीज विशेष गुणवत्ता का बीज है जो य ह किसानों के लिए बहुत बड़ा लाभदायक है। बीज उन्नत किस्म का है इसके पैकेट में सुरक्षित रखने के लिए केमिकल का उपयोग किया गया है, इसलिए खाने के रूप में यह प्रयोग नहीं किया जा सकता है। वहीं जिला परिषद सदस्य बनारसी सिंह ने कहा कि मड़ूवा बी अब झारखंड से विलुप्त होती हुई नजर आ रही है, जिसे लेकर सरकार के द्वारा बीज को फिर से किसानों के बीच उपलब्ध करा रही है।

# हाथियों ने 9 एकड़ में लगी फसलों को पहुंचायी क्षति



**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया**

चिनिया में हाथियों का एक झुंड ने फिर से दस्तक दे दी है। वहीं बीती देर रात थाना क्षेत्र के खूरी पंचायत के मसरा गांव में कई किसानों के खेतों में लगी 9 एकड़ में मकइ तील व धान की फसलों को हाथियों के द्वारा रौंदते हुए फसलों को बर्बाद किया गया, जिससे किसानों को भारी क्षति का सामना करना पड़ा है। जिन किसानों के खेतों में लगी फसलों को नुकसान पहुंचाया गया है उनमें उपेंद्र सिंह उर्फ शेखर सिंह के खेत में लगी दो एकड़ में धान, लालमूनी प्रजापति के एक एकड़ धान, दशरथ चौधरी के दो एकड़ में लगी धान मक्का व तील की फसल, मंगल चौधरी का एक एकड़ धान, सुरेश चौधरी का एक एकड़ धान, नरेश चौधरी का एक एकड़ धान, सजीवन मिस्त्री के 50 डिसमिल में लगी धान, व सुरेंद्र सिंह के 50 डिसमिल शामिल हैं। मामले में प्रभारी बनपाल अनिमेष कुमार ने बताया कि मसरा गांव में हाथियों के द्वारा किसानों के कई एकड़ में लगी फसलों को नुकसान पहुंचाया गया है जिसकी जानकारी हमें मिली है। फसलों का आकलन किया जा रहा है। सरकारी प्रावधान के हिसाब से किसानों को विभाग द्वारा उचित मुआवजा दिया जाएगा। साथ ही उन्होंने अपील करते हुए कहा है जब तक हाथी क्षेत्र से भाग न जाए तब तक लोग सतर्क रहे।

## पहल | उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक हुयी

# यातायात नियमों के उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई का निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

जिला में सड़क हादसों को नियंत्रित करने समेत अन्य संबंधित विषयों को लेकर उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय गढ़वा के सभागार में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक की गई।

इस दौरान उपायुक्त जमुआर ने सड़क सुरक्षा समिति द्वारा किये जा रहे कार्यों एवं जागरूकता गतिविधियों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया। साथ ही बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिले में सड़क हादसों को कम करने के उदेश्य से किये जा रहे कार्यों की समीक्षा के अलावा आईआरएडी एप्प पर सड़क दुर्घटनाओं में मृत व घायलों से जुड़ी जानकारी को अपडेट रखने का निदेश दिया। उन्होंने जिले में दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से सभी घटनाओं के डेटा को संग्रहित कर एनालीसिस करने का भी निर्देश दिया। इसके अलावे उपायुक्त जमुआर ने शहरी क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के उद्देश्य से विभिन्न बिन्दुओं की समीक्षा के दौरान ब्लैक स्पॉट को चिन्ह्ति करते हुए उन स्थानों को बेहतर बनाने के उद्देश्य से कार्य करने का निदेश दिया, ताकि ब्लैक स्पॉट वाली जगह हादसों में कमी लाई जा सके। जिले में अवस्थित मुख्य रूप से तीन ब्लैक स्पॉट यथा- अन्नराज घाटी, गुलरिया ढोड़ा तथा बुढ़ापरास का टेढ़ी पुल के कार्य प्रगति को लेकर भी चर्चा की गई। अन्नराज घाटी के कर्व को सीधा करने संबंधी जानकारी ली गई। एनएचएआई से संबंधित पथों पर ब्लैक स्पॉट एवं वल्नरेबल एक्सीडेंटल पॉइंट्स आदि पर विभिन्न आवश्यक सामग्रियों यथा- स्पीड ब्रेकर, कन्वैक्स मिरर तथा सोलर ब्लिंकर आदि को इंस्टॉल करा दिए जाने की जानकारी परियोजना निदेशक ठलअक के द्वारा दी गई। शहरी क्षेत्र के अलावा स्कूल, कॉलेज के आसपास छोटे व बड़े वाहनों द्वारा बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, ट्रिपल लोडिंग, रैश ड्राइविंग एवं नियमों के उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने सभी थानों में पुलिस कर्मियों को फर्स्ट एड से जुड़े कार्यों के प्रशिक्षण दिलाने के अलावा पीसीआर वाहनों में फर्स्ट एड कीट की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निदेश सिविल सर्जन डॉ. अवधेश सिंह को दिया। साथ ही जिले में व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार करने के साथ-साथ सभी अस्पतालों में इससे संबंधित बैनर-पोस्टर का अधिष्ठापन करने का निदेश दिया गया। जागरूकता के उद्देश्य से जिले में ब्लड डोनेशन कैम्प के आयोजन का निर्देश सिविल सर्जन को दिया गया। अनुमंडल पदाधिकारी को अपने-अपने क्षेत्रों में सड़क सुरक्षा के नियमों के शत प्रतिशत अनुपालन कराने को लेकर बैठक करने का निर्देश दिया। साथ ही उपस्थित विभिन्न जनप्रतिनिधियों एवं सड़क सुरक्षा समिति के सदस्यों द्वारा विभिन्न बातों पर चर्चा की गई।। संबंधित कार्य की जिम्मेवारी मौके पर उपस्थित नगर परिषद गढ़वा के कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार को दी गई। निर्देशित किया गया कि सड़क सुरक्षा नियमों का अनुपालन कड़ाई से लागू कराते हुए जागरूकता सह वाहन जांच अभियान का आयोजन करते रहें।

### ब्लड बैंक में थैलेसीमिया डे केयर यूनिट का किया शुभारंभ

# उपायुक्त ने किया सदर अस्पताल का निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
उपायुक्त हिमांशु मोहन के द्वारा आज सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उपायुक्त द्वारा आईसीयू, ओपीडी, एसएनसीयू, प्रसव वार्ड, एमटीसी, डायलिसिस, जांच केंद्र, जिरियाट्रिक वार्ड, दवा स्टॉक के साथ विभिन्न वार्डों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस दौरान उपायुक्त ने अस्पताल में भर्ती मरीजों को उपलब्ध करायी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने सिविल सर्जन को स्पष्ट निर्देश दिया कि स्वास्थ्य सुविधा में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं हो। उपायुक्त ने सदर अस्पताल में साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया।



उन्होंने चिकित्सकों को समय पर अस्पताल में उपस्थित होने तथा टीम भावना के साथ कार्य करते हुए बेहतर सेवाएं जनता को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। सदर अस्पताल में अल्ट्रा साउंड सेंटर का उपायुक्त हिमांशु मोहन ने फीता काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि अल्ट्रासाउंड मशीन सेवा को सदर अस्पताल में चालू कर दिया गया। अब जरूरतमंद, गर्भवती महिलाओं को अल्ट्रासाउंड की सुविधा मिलनी शुरू हो गई है, जिसके आधार पर उनका बेहतर इलाज संभव हो सकेगा। उन्होंने कहा कि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना सरकार का उद्देश्य है। इसके लिए कई स्तरों पर कार्य किया जा रहा है। मरीजों को बेहतर इलाज के लिए सरकारी अस्पताल से बाहर नहीं जाना पड़े, इसका पूरा ख्याल रखा जा रहा है। अस्पताल में ही बेहतर सुविधा प्रदान करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके पश्चात ब्लड बैंक, लातेहार में थैलेसीमिया डे केयर यूनिट का उपायुक्त ने शुभारंभ किया। थैलेसीमिया डे केयर यूनिट में थैलेसीमिया के मरीजों का ब्लड ट्रांसफ्यूजन की व्यवस्था की गयी है। सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार, गोपनीय प्रभारी श्रेयांश एवं संबंधित चिकित्सक उपस्थित थे।

# जिले में लंबे समय के बाद बालगृह (बालक) का संचालन हुआ प्रारंभ

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**
झारखंड राज्य बाल संरक्षण संस्था रांची से पंजीकृत राईज (बालक) बाल गृह का संचालन नगवां बाईपास रोड चतरा में मंगलवार से प्रारंभ किया गया। स्वयं सेवी संस्था रेडियंट इंस्टीट्यूट ऑफ सॉफ्टवेयर एजुकेशन द्वारा संचालीत राईज बाल गृह का जायजा जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुरमुनी कुमी, सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष धनंजय तिवारी, सदस्य श्वेता जायसवाल, पिंकी कुमारी, मुकेश कुमार, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी अरुण प्रसाद आदि ने जायजा किया।

इस दौरान डीएसडब्ल्यूओ व अध्यक्ष तिवारी आदि ने बाल गृह में उापलब्ध संसाधनों की जानकारी लेते हुए संस्था के सचिव आर्यन राज को जेजएक्ट के नियमानुसार




संचालन करने को लेकर दिशा निर्देश देते हुए कहा कि लंबे समय से बाल गृह की आवश्यक्ता जिले में थी लेकिन संचालन संभव नही हो पायचा था, लेकिन उपायुक्त अबु इमरान ने इसे गंभीरता से लिया और इनके पहल पर जिले में बाल गृह का निबंधन हुआ और संचालन भी किया जा रहा है। अब सीडब्ल्यूसी में प्रस्तुत सीएनसीपी बच्चों के आवासन में परेशानी नही होगी। इस अवसर पर संस्था के लोगों के अलावे सीसीआसई के पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

### शिक्षा से आज भी दूर, दातुन व रस्सी बेच करते हैं जीविकोपार्जन

# मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं बिरहोर आदिम जनजाति

**हिमांशु सिंह। मयूरहंड(चतरा)**
सरकारी स्तर पर लाख दावा किया जाय, मगर आदिम जनजाति बिरहोर आज भी अपने उत्थान के लिए संघर्ष कर रहे हैं। प्रखंड मुख्यालय से महज 10 किमी दूर करमा बिरहोर टोला में निवास करने वाले लगभग पैंतिस घर आदिम जनजाति बरहोर परिवार आजादी के सात दशक बाद भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। इतना ही नहीं, जिस मकान में बिरहोर परिवार निवास कर रहे हैं, उसकी हालत इतनी जर्जर है कि कभी भी बड़ी घटना घट सकती है।

गरीबी व बदहाली के आलम में गुजर कर रहे करमा बिरहोर टोला के ये आदिम जनजाति लोगों के बीच समुचित रूप से सड़क, बिजली, पानी व रोजगार जैसी मूलभूत सुविधाओं का भी घोर अभाव है। करीब 35 घर में डेढ़ सौ की आबादी वाले इस टोले की विकास का अंदाजा इस बात से ही भी लगाया जा सकता है कि इतनी बड़ी आबादी



महज एक चापाकल पर आश्रित है। वहीं दिखावे को लेकर तीन चापाकल अधिष्ठापित है, जिसमें दो बेकार पड़ा हुआ है। मुख्य सड़क से टोला तक पहुंचने के लिए पक्की सड़क तक नहीं है रोजगार का तो पहले से ही टोटा लगा है, जिस जंगल पर ये बिरहोर परिवार निर्भर थे, अब वह भी सहारा नहीं रहा। सीधे-साधे सरल स्वभाव के बिरहोर परिवार बेरोजगारी व गरीबी के आलम में प्लास्टिक की रस्सी बुनकर, दातुन बेच कर किसी प्रकार गुजर करते हैं। गरीबी के आलम में आज भी कुछ बिरहोर लोग घूम घूम कर लोगों से मदद मांगने को मजबूर हैं। शिक्षा की अभाव शुरू से ही रहा है, टोला में एक एनपीएस स्कूल व एक आंगनबाड़ी केंद्र जरूर है, किंतु जागरूकता के अभाव में यहां के बच्चे पठन-पाठन का समुचित लाभ नहीं उठा पाते। बिरहोर परिवारों के अशिक्षित रहने व जागरूकता के अभाव में कुछ लोग इसका लाभ भी उठा लेते हैं। टोला के लोग मुखर होकर अपने हक व अधिकार की मांग भी नहीं कर पाते। इस बात का अंदाजा इस बात से किया जा सकता है कि एक साल पहले इस बिरहोर टोला में आवास निर्माण तो जरूर हुआ किन्तु उसमें अनियमितता बरती गई। आज भी कुछ लोग सरकारी पेंशन से दूर हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा टोला वासियों के नियमित मेडिकल टेस्ट भी नहीं होता। जिसके कारण बच्चे कुपोषण का शिकार हो रहे हैं।

#### हाथी दांत बनकर रह गया सोलर जलमीनार

करमा बिरहोर टोला में पीएचईडी विभाग द्वारा कुछ वर्ष पहले सोलर जलमीनार निर्माण करवाया गया। किन्तु मोटर काम नहीं किया, मोटर खोल कर संवेदक ले गया किन्तु आज तक उसमें दुबारा मोटर नहीं लगाया गया। बिन पानी के जलमीनार आज तक हाथी दांत बन कर रह गया। टोला में तीन चापाकल में दो खराब है, एक चापाकल के भरोसे 150 की आबादी निर्भर हैं।

# पुलिस ने अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को किया जब्त

**नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड**
जिले के मयूरहंड थाना क्षेत्र अंतर्गत बडकरीया नदी से रोक लगाने के बावजूद बालू तस्करों द्वारा निरंतर अवैध बालू का उठाव किया जा रहा है।बुधवार को सहायक अवर निरीक्षक शशिकांत ठाकुर ने गस्ती के दौरान मंझगावा चौक से एक अवैध बालू लदे ट्रेक्टर को जब्त कर थाना लाया। जब्त ट्रेक्टर पदमा थाना क्षेत्र के नावाडीह का बताया जा रहा है।मंझगावा में पीएमजेएसवाई के तहत पीसीसी सड़क निर्माण कार्य की जा रही है। जिसमें अवैध रुप से बालू का



स्टॉक की जा रही थी। इस विषय में थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह ने बताया की अंचल अधिकारी के आदेशानुसार उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस विषय में प्रभारी अंचल अधिकारी साकेत ने बताया की मामला संज्ञान में आया है उचित कार्रवाई की जाएगी।

# चंदवा में 10 दिन से गायब युवक का कोई सुराग नहीं

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**
शहर से सटे डैमटोली से भुनेश्वर चौधरी (21 वर्ष) नामक युवक पिछले रविवार (20 अगस्त) से गायब है। युवक बाइपास रोड पर चिकन-मटन का शॉप चलाता है। पिता कुलेश्वर चौधरी ने बताया कि रविवार को उसका बेटा दुकान में था, करीब 11 बजे उन्होंने उसे खाने के लिए घर भेजा। थोड़ी देर बाद जब मैंने घर में पता किया तो मालूम हुआ कि वो घर नहीं पंहुचा है। दुकान से घर जाने के क्रम में ही अचानक वो गयाब हो गया। दो दिनों तक हमने खोजबीन की। नहीं मिलने के बाद हमने इसकी लिखित शिकायत चंदवा थाना में की। घटना के 10 दिन बीत गए हैं अबतक उसका कोई सुराग नहीं मिला है। कुछ माह पूर्व एक लड़की के साथ मेरे बेटे का विवाद भी हुआ था उसने धमकी भी दी थी।

## संक्षिप्त

### वायु सेना करेगी भर्ती रैली का आयोजन

**लातेहार।** भारतीय वायु सेना के द्वारा अहर्ता पूर्ण करने वाले झारखण्ड के उम्मीदवारों के लिए 15 और 18 सितंबर 2023 को मेडिकल असिस्टेंट ट्रेड के लिए एयरमैन भर्ती रैली आयोजित की जाएगी। योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार पश्चिम बंगाल के उत्तरी 24 परगना के बैरकपुर में स्थित भारतीय वायु सेना स्टेशन में आयोजित भर्ती रैली में शामिल हो सकते हैं। 15 सितंबर से शुरू होने वाले पहले चक्र में, 26 दिसंबर 2002 और 26 दिसंबर 2006 के बीच जन्मे अविवाहित अभ्यर्थी, जिन्होंने 10+2 की परीक्षा भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान व अंग्रेजी विषय के साथ न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक के साथ उत्तीर्ण किया है वे शामिल हो सकते हैं। वहीं 18 सितंबर को होने वाले रैली के अंतिम चक्र में 26 दिसंबर 1999 और 26 दिसंबर 2004 के बीच जन्मे अविवाहित अभ्यर्थी अथवा 26 दिसंबर 1999 से 26 दिसंबर 2002 के बीच जन्मे विवाहित अभ्यर्थी जिन्होंने किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से फामेर्सी में डिप्लोमा या डिग्री न्यूनतम 50 प्रतिशत के साथ उत्तीर्ण किया है वे शामिल हो सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए रिपोर्टिंग का समय सुबह के 6:00 से सुबह के 10:00 बजे तक निर्धारित की गई है।

### ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय में बांधी गई राखी

**मनिका।** राकृ +2 उच्च वि. मनिका प्रधानाचार्य मृगेंद्र नारायण सिंह को रक्षा सूत्र कविता बहन ने बांधा और साथ-साथ सभी शिक्षक गण को बांधा गया। और उसके साथ-साथ मनीका हॉस्पिटल डॉ. दिव्य क्षितिज कुजूर प्रभारी मनिका, कमलेश कुमार प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक को आत्य स्मृति का तिलक लगाया गया मधुर रक्षा के प्रतिक मिठाई खिलाया गया। राखी बांधकर भाई-बहनों से बुराई का त्याग करने का संकल्प लिया जाता है। और साथ ही परमात्मा से सुख शांति एवं दीघार्यु के लिए भगवान से प्रार्थना किया। मौके पर कविता बहन बीके ज्योति बहन मौजूद थी।

### ब्रह्माकुमारी विवि ने मनाया रक्षाबंधन उत्सव

**सिमरिया (चतरा)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वाधान में मंगलवार को सिमरिया प्रखंड में रक्षाबंधन उत्सव मनाया गया। संस्था की मनोरमा बहन ने सिमरिया थाना प्रभारी विवेक कुमार और सिमरिया महाविद्यालय के सभी शिक्षकों, रेफरल अस्पताल के डॉक्टर मधुर मोहन एवं मरीज को राखी बांधकर संकटकालीन समय में समाज की रक्षा एवं स्वय की रक्षा पर प्रकाश डाला। मौके पर संस्था के पूनम माता, देवनारायण, आलोक व वचन देव मौजूद थे।

### विद्यालय में रक्षा बंधन कार्यक्रम का अयोजन

**चतरा।** जिला मुख्यालय के प्रोफेसर कॉलोनी स्थित इंदिरा गांधी आवासीय विद्यालय में बच्चो के बीच रक्षा बंधन कार्यकर्म का अयोजन मंगलवार को किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के जुनियर कक्षा के छात्राओं ने छात्रों को रक्षा सूत्र बांध कर लंबी उम्र की कामना की। विद्यालय की शिक्षिका पूनम सिंह और प्रज्ञा पाठक ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। निर्मला कुमारी, काजल कुमारी, मधु कुमारी, इशिका सिंह, निक्की कुमारी, जिन्नत प्रवीण, समीक्षा कुमारी एवम दीपिका कुमारी ने बच्चो को राखी बांधने में सहयोग किया।

### प्रखंड स्तरीय पंचायत समिति की हुई बैठक

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड कार्यालय सभागार में मंगलवार को पंचायत समिति की समीक्षा बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रमुख व संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह ने किया। बैठक से अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों का एक दिन का वेतन काटने का निर्णय लिया गया। सात पशुओं में लंपी बीमारी को लेकर विशेष चर्चा किया गया।पशुपालन विभाग से सभी गांव व पंचायत में पशुओं के टीकाकरण करने का प्रस्ताव पारित किया गया। वहीं बगैर सूचना के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी द्वारा शिक्षकों को बेवजह विभिन्न विद्यालयों में प्रतिनियुक्ति किए जाने का मामला छाया रहा। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा की किसी भी स्थिति में विद्यालय में एमडीएम बंद न हो। बंद पाए जाने पर बीईईओ पर कार्रवाई करने की बात कही गई।बीईईओ को प्रत्येक महीना विद्यालय परिभ्रमण का रिपोर्ट प्रखंड कार्यालय को समर्पित करने का भी निर्देश दिया गया। इस प्रकार बैठक में मनरेगा, स्वास्थ्य विभाग, आंगनबाड़ी सहित अन्य विभाग की समीक्षा किया गया। बैठक में उप प्रमुख, सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि महादेव दांगी, डा. अमृता अनुप्रिया, सहायक अभियंता, मुखिया निर्मला देवी सहित अन्य उपस्थित थे।

### कलश यात्रा के साथ हरि कीर्तन हुआ प्रारंभ

**कुन्दा(चतरा)।** श्रावण पूर्णिमा के अवसर पर मरगड्डा पंचायत के पिंजनी गांव (धमधमवा) में मंगलवार को हिरीकीर्तन को लेकर कलश यात्रा निकाली गई। जिसमे बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। वही कलश स्थापित होने के उपरांत दोपहर से पुरोहित पंडित द्वारा विधवत पूजा अर्चना कर हरे राम, हरे कृष्णा उच्चारण के साथ हरि कीर्तन प्रारंभ कर दी गई। इस पुनीत कार्य को सफल बनाने में कृष्ण यादव, प्रदीप यादव, विकास कुमार, महेश साव, सुनील सिंह, परगुन यादव समेत कई श्रद्धालु सहयोग कर रहे हैं।

### फायरिंग रेंज के विरोध में राष्ट्रपति को ज्ञापन

**चतरा।** डुमरी फील्ड फायरिंग रेंज के अवधी विस्तार के विरोध में जिले के कान्हाचट्टी प्रखंड के प्रमुख, उप प्रमुख सभी पंचायत के मुखिया, पंचायत समिति सदस्यों ने अरुण सिंह के नेतृत्व में देश के राष्ट्रपति व सांसद सुनील सिंह को ज्ञापन दिया दिया है।
जनप्रतिनिधियों ने जिला मुख्यालय में उपायुक्त को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन देते हुए कहा कि देवरी-डुमरी फील्ड फायरिंग रेंज के अवधी विस्तार के संबंध में पूर्व में फायरिंग रेंज के अवधी विस्तार का पत्र निकाला गया है, जिसमें कान्हाचट्टी प्रखंड के मदगड़ा पंचायत के 12 गांवों का नाम दर्ज होने के साथ 1938 के सेक्शन 9 के अधिसूचित क्षेत्र में अवधी विस्तार की सूचना दर्ज है। मदगड़ा पंचायत में कुल 12 गांव हैं जिसकी आबादी कुल 8100 है। जिनका मुख्य पेशा कृषि और पशुपालन है। ऐसे में पंचायत में फील्ड फायरिंग रेंज का अवधी विस्तार हुआ तो यहां निवास करने वाले परिवारों के बीच भुखमरी, बेरोजगारी व विस्थापन की समस्या उत्पन्न हो जायेगी।

# गलत स्थल में बनाया जा रहा जल मीनार, विरोध



**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर**
प्रखंड क्षेत्र के बारियातु पंचायत स्थित भुइयां टोली के ग्रामीणों ने पेय जल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा बनाए जा रहे जल मीनार का विरोध किया है। जिसे ले ग्रामीणों ने बीडीओ को आवेदन देकर गलत स्थल पर बनाए जा रहे जलमिनर की शिकायत दर्ज करवाई है। आवेदन में कहा गया है कि जिस स्थल पर जल मीनार का निर्माण किया जा रहा है वहां सिर्फ एक घर है। जबकि भुइयां टोली में अनुसूचित जाति के करीब 35 घर की आबादी है। जहां प्रत्येक वर्ष गर्मी के मौसम के साथ-साथ अन्य मौसम में पेयजल की भारी किल्लत रहती है। ग्रामीणों ने भुइयां टोली में जल मीनार बनाने की मांग किया है। मांग पूरी नहीं होने पर इसकी शिकायत उपायुक्त के साथ अन्य उच्च अधिकारियों से करने की बात कही है। इधर प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह ने मामले की जांच कर कार्रवाई करने की बात कही है।

# तीन वारंटियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
पुलिस ने तीन लाल वारंटियों को गिरफ्तार करने में सफलता पायी है। सदर थाना परिसर में आयोजित एप्रेसवार्ता में एसडीपीओ संतोष मिश्र ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निर्देश पर स्थायी और लाल वारंटियों के खिलाफ सघन छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी छापेमारी अभियान के दौरान पुलिस ने तीन लाल वारंटियों को दबोच लिया। वारंटियों में चंदन कुमार (36) तरवाडीह लातेहार, विरेंद्र सिंह उर्फ कुनू सिंह (38) नावाडीह, कुसुमटोला व रविंद्र राम (38) ग्राम शीशी के नाम शामिल है। एसडीपीओ ने कहा कि अन्य लाल और स्थायी वारंटियों की धर पकड़ जारी रहेगी। छापेमारी टीम में पुअनि सह थाना प्रभारी आशुतोष कुमार, पुअनि मो शाहरूख, राज रौशन सिन्हा, देवानंद कुमार, रविंद्र महली व नागेश्वर महतो समेत सदर थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।



#### चार अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**बारियातु।** बालूमाथ एसडीपीओ अजीत कुमार सिंह को मिली गुप्त सूचना के आधार पर थाना प्रभारी मुकेश कुमार चौधरी के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के रहिया व मनातु में छापामारी अभियान चला कर फरार चल रहे चार अभियुक्त को मंगलवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी मुकेश कुमार चौधरी ने बताया कि बालुमाथ एसडीपीओ अजीत कुमार सिंह को गुप्त सुचना मिली थी के बारियातू थाना कांड संख्या 8/23 के एक अभियुक्त गुडन उर्फ मनोज गंझु, पिता सुदा गंझु ग्राम रहिया थाना बारियातू व थाना कांड संख्या 58/23 के तीनों अभियुक्त जिवलाल गंझु, पिता? स्वर्गीय? कमल गंझु, लाल कृष्ण गंझु, पिता जिवलाल गंझु, व कैलाश गंझु, पिता डेगन गंझु, ग्राम मनातु थाना बारियातु जिला लातेहार घर पर आया हुआ है सुचना पर थाना स्तरीय दो टीम गठित किया गया और छापामारी अभियान चला कर चारों आरोपियों को अपने अपने घर से गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया गया। छापामारी अभियान में थाना प्रभारी मुकेश कुमार चौधरी, पुलिस अवर निरिक्षक बिंन्देश्वर महतो, धर्मेंद्र कुमार लेंबु सहायक अवर निरिक्षक बालेश्वर गंझु, मिथलेश सिंह के अलावा थाना के कई सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### पहल | पशुधन विकास योजना के लाभुकों के चयन के लिये हुयी बैठक

# योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचाएं : बीडीओ

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**
अनुसूचित जनजाति लाभुकों के बीच मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना का लाभ देने को लेकर मंगलवार को प्रखंड विकास प्राधिकारी राकेश सहाय के कक्ष में योजना को लेकर गठित प्रखंड स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बीडीओ के साथ जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह पिंटू, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर प्रमोद कुमार, जेएसएलपीएस के बीपीएम अभय कुमार मौजूद थे।

बैठक मेंअनुसूचित जनजाति परिवार के लाभुकों के चयन को लेकर सबसे पहले पंचायत स्तर पर



चर्चा की गई, जिसके तहत पंचायत स्तर पर सुकर विकास योजना, बत्तख चूजा योजना, बकरा विकास योजना, कुक्कुट पालन योजना, बॉयलर कुकक्कुट पालन योजना के लाभ दिलाने के साथ-साथ महिला विधवा दिव्यांग निसंतान दंपती को प्राथमिकता देने पर भी प्रखंड स्तरीय समिति द्वारा चर्चा हुई। पंचायत और लाभुकों के चयन को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जरूरतमंद परिवारों को मिले ताकि अनुसूचित जनजाति से संबंध रखने वाले परिवार खुद को इस योजना का लाभ प्रकार आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ अपने जीवन यापन की शैली को और बेहतर बना सके।

### बीडीओ ने की विकास कार्यों की समीक्षा बैठक

**बरवाड़ीह।** प्रखंड कार्यालय सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय की अध्यक्षता में विकास कार्यों की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रखंड के सभी पंचायत के मुखिया, पंचायत सचिव, कनीय अभियंता, रोजगार सेवक, जन सेवक समेत सभी कर्मी उपस्थित थे। बैठक में प्रखंड में संचालित हो रहे सभी योजनाओं का बारी-बारी से समीक्षा किया गया। समीक्षा बैठक में लंबित पीएम आवास को पूर्ण करने हेतु पीएम आवास कोऑर्डिनेटर दीपक कुमार समेत सभी पंचायत सचिवों को देश दिया गया कि निर्देश दिया गया कि लंबित पीएम आवास रखने वाले लाभुकों की सूची बनाकर आवश्यक कार्रवाई करने हेतु प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया। संक्षिप्त मतदाता पुनरीक्षण कार्य में लगे सभी कर्मियों को नए मतदाताओं का नाम जोड़ने हेतु डोर टू डोर सर्वे कर 18 वर्ष पूर्ण करने वाले सभी वंचित मतदाताओं का मतदाताओं का नाम आवश्यक रूप से जुड़ने की सख्त हिदायत दी। बैठक में मुखिया कालो देवी, वेरोनिका कुजूर, पूनम देवी, बलदेव परहिया, जितेंद्र सिंह, आशीष सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त

### द्वितीय सोपान प्रशिक्षण शिविर 31 अगस्त से

**लोहरदगा।** भारत स्काउट और गाइड जिला कमेटी लोहरदगा के द्वारा 31 अगस्त से 4 सितंबर तक द्वितीय सोपान प्रशिक्षण शिविर का आयोजन शहर के चुन्नी लाल उच्च विधालय सभागार में आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन लोहरदगा डीसी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण के द्वारा भारत स्काउट और गाइड की झंडा फहरा कर किया जाएगा। जिला सचिव शैलेंद्र कुमार सुमन ने बताया कि द्वितीय सोपान प्रशिक्षण शिविर करने वाले ही छात्र छात्राएं आगे राज्य पुरस्कार और राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त करने का कार्य करेंगे। प्रशिक्षण शिविर में शामिल होने के लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला शिक्षा अधीक्षक अपरूपा पॉल चौधरी ने विभागीय पत्र जारी कर दिया है, जिसमें सभी कोटि के मध्य, उच्च और उच्चत्तर विधालय के स्काउट एवं गाइड प्रशिक्षण सह परीक्षण शिविर में शामिल होंगे, जो पांच दिनों के लिए सुबह के 9 बजे से शाम तीन बजे तक संचालित किया जाएगा। एडवांस कोर्स और एचडब्लूबी होल्डर द्वितीय सोपान प्रशिक्षण शिविर में शिविर प्रधान के रूप में अपनी सेवा देंगे। लंबे समयांतराल के बाद शुरू हो रहे प्रशिक्षण शिविर में अधिक से अधिक संख्या में स्काउट और गाइड शामिल होंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला संगठन आयुक्त गौतम लेनिन के अलावे स्काउटर बी के बालाजिनप्पा, मुमताज अहमद, रविशंकर मिश्रा,संध्या सिंह, चन्द्रकला देवी, सिस्टर असरीता, सिस्टर उषा, रितीका कुमारी सहित अन्य प्रशिक्षक प्रशिक्षिका मौजूद रहेंगी।

### शिशु विद्या मंदिर में रक्षा बंधन उत्सव मनाया



**सेन्हा।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में रक्षा बंधन उत्सव मनाया गया। वहीं भाई बहनों का पावन पर्व रक्षा बंधन के बारे में बताते हुए प्रधानाचार्य बिमलेश कुमार तिवारी ने कहा कि रक्षा बंधन का त्योहार भाई बहनों के बीच प्रेम और सद्भावना का प्रतीक है। कार्यक्रम प्रमुख प्रतिभा देवी ने रक्षा बंधन का महत्व पर प्रकाश डाला। यह त्योहार अटूट प्रेम का आधार होता है। सभी भैया बहनों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। जयप्रकाश सिंह, डॉली कविता, मालती कुमारी, गंगा कुमारी, राजकिशोर उरांव, चांदनी कुमारी, प्रेमशीला उरांव सभी आचार्य आचार्या व छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### प्रधानाध्यापकों का गैर आवासीय प्रशिक्षण शुरू

**कुडू।** स्कूल स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम के तहत जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) चीरी के तत्वाधान में प्रधानाध्यापकों का दो दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ। इसका उद्घाटन प्रभारी प्राचार्य अमृता सिन्हा ने किया। सेंटर फोर कैलाइजिंग चेंज सी3 द्वारा तकनीकी सहयोग में शुरू किए गए इस प्रशिक्षण के दौरान सी3 के परियोजना पदाधिकारी दीपक कुमार एवं प्रतिनिधि पवन कुमार ने कार्यक्रम के बारे में विस्तारपूर्वक बताते हुए इसके अन्तगर्त होने वाली गतिविधियों और संवेदनशील मुद्दों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में डायट के प्राचार्य अभिषेक बड़ाइक, प्रशिक्षक अरुण कुमार दाम, विनय कुमार, कोषित तिर्की, रविशंकर कुमार, दीपक कुमार और प्रतिनिधि पवन कुमार गुप्ता, श्याम बिहारी महतो, विजय बैठा, महबूब आलम और ललिता आदि की विशेष भूमिका रही।

### संयोजिका व रसोइया को प्रशिक्षण दिया गया

**लोहरदगा।** सदर प्रखंड अंतर्गत सभी संकुलों के सभी सीआरपी और 2-2 संयोजिका तथा रसोईया सह सहायिकाओं का प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के प्रखंड स्तरीय पुनश्चर्या प्रशिक्षण दिया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से सीआरपी नीलू गोयल और जीतेंद्र मित्तल के द्वारा रसोईया को खाना बनाने में बरती जाने वाली सावधानी, परोसने का विधि सहित बच्चों को विद्यालय में निर्धारित मीनू के अनुसार भोजन देने, साफ-सफाई, विद्यालय के सभी आवश्यक अभिलेखों यथा दैनिक व्यय रोकड़ पंजी, भंडार पंजी, चखन/स्वाद पंजी आदि पर सभी को प्रशिक्षित किया गया। बीईईओ रामजीवन नायक द्वारा संयोजिका और रसोईयाओं के कार्य और दायित्व के बारे में बताया गया। प्रशिक्षण में श्याम सिंह, पूर्णकाम,संयुक्ता देवी,निधि गुप्ता, सीआरपी, सोमारी उरांव, रेखा देवी, अस्तोरबा देवी, साबित देवी, मुनि उरांव आदि उपस्थित थी।

### दिव्यांग जांच शिविर का आयोजन किया गया

**कैरो।** प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रखंड संसाधन केंद्र कैरो में मंगलवार को झारखंड शिक्षा परियोजना लोहरदगा एवं एलसिको भुनेश्वर के द्वारा दिव्यांग जांच शिविर का आयोजन किया गया।जांच शिविर में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विधालय के पूर्व में जांच किये गए संतोषी कुमारी, सावित्री कुमारी,सामी उरांव,सुनीता, उरांव,अनिल कुजूर,दानिश अख्तर,जुनैद अंसारी,प्रकाश उरांव सहित कुल 22 बच्चो को निःशुल्क सहायक समाग्री दिया गया।वही डॉ तपस कुमार, अनुभव कुमार, पवन कुमार के द्वारा 26 बच्चो का दिव्यांगता जांच किया गया जिसके तहत बच्चो को विकलांगता के आधर पर सहायक समाग्रही दिया जाएगा। मौके पर बीआरसी ओमप्रकाश रंजन, सहदेव भगत, पोली एक्का, सलेन्द्र कुमार आदि उपस्थित थे।

### दुगाबाँड़ी में भंडारे का किया गया आयोजन

**कैरो।** बजरंगबली मंदिर प्रांगण दुगाबाँड़ी में मंगलवार को शिव भक्तों द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। दिनेश साहू, ओमप्रकाश गुप्ता, राजकुमार रविदास, विकास उरांव, अंकित सोनी, अनमोल कुमार, राहुल कुमार,मिठ्ठू कुमार के द्वारा सावन के पवित्र माह में माता वैष्णोदेवी के दर्शन कर लौटने के पश्चात मंगलवार को शिव मंदिर, देवी मंदिर, बजरंगबली का पूजा कर भंडारे का आयोजन किया।

## मंत्री ने किया छह करोड़ की लागत से 39 योजनाओं का शिलान्यास

# सभी वर्गों का सामाजिक विकास कर रही राज्य सरकार : डॉ. उरांव



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

कुडू प्रखंड अंचल कार्यालय में मंगलवार को कल्याण विभाग द्वारा आयोजित अनुसूचित जनजाति, जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा स्वीकृत योजना सरना, मसना, अल्पसंख्यक, ईसाई, मुस्लिम कब्रिस्तान घेराबंदी, जनाजा सेड एवं आधारभूत संरचना निर्माण शिलान्यास कार्यक्रम के तहत वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के द्वारा किया गया। वित्त मंत्री ने कहा कि वर्तमान झारखंड सरकार सभी वर्गों के सामाजिक विकास के लिए अग्रसर है। यह सरकार आधारभूत संरचना के साथ साथ सामाजिक संस्कृत विकास के लिए जोर-शोर से कार्य कर रही है। आज कल्याण विभाग के माध्यम से सरना, मसना, अल्पसंख्यक, ईसाई, मुस्लिम कब्रिस्तान जनाजा सेड एवं आधारभूत संरचना का निर्माण कुल राशि 6 करोड़ 81 लाख 14 हजार 198 रुपए की लागत से 39 योजनाओं का शिलान्यास किया गया, जिससे पूर्वजों और सामाजिक संस्कृत स्थलों का परिरक्षण किया जा सके। इसके साथ-साथ धार्मिक सांस्कृतिक सामाजिक विकास के लिए पारंपरिक वाद्य यंत्र मांदर का वितरण लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों एवं अखड़ा में किया जाएगा, एवं विभिन्न अखड़ा में सोलर लाइट भी उपलब्ध किया जाएगा। विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क निर्माण का कार्य तेजी से किया जा रहा है। मैं अपने दायित्व के लिए सजग हूं और जिले के विभिन्न प्रखंडों में पहुंचकर जनता के सारे परेशानियों को दूर कर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने में प्रयासरत हूं। मौके पर कार्यकारी जिलाध्यक्ष शकील अहमद,प्रदेश प्रतिनिधि डॉ अजय शहदेव, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, जिप अध्यक्ष रीना भगत, मुनी देवी, सदरुल अंसारी, इकबाल खान, आजाद खान, विशाल डुंगडुंग, संगीता उरांव, ऐनुल अंसारी, संतोष महतो, असलम अंसारी आदि उपस्थित थे।

## '2024 में सुनिश्चित करनी है कांग्रेस पार्टी की जीत'



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

सेन्हा प्रखंड कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन के तहत बैठक हुई। इस बैठक में विशुनपुर विधानसभा के कोऑर्डिनेटर नेसार अहमद, लोहरदगा जिला कांग्रेस के अध्यक्ष सुखैर भगत एवं गुमला जिला कांग्रेस के अध्यक्ष चैतु उरांव विशेष रूप से उपस्थित हुए। नेसार ने कहा कि उक्त मिशन का उद्देश्य वैसे समर्पित और निष्ठावान कांग्रेसी जो कांग्रेस पार्टी के लिए निरंतर कार्य करते हैं, जिन्हें आगे लाकर उन्हें नेतृत्व देने का एक अवसर है। कांग्रेस के अग्रणी मोर्चा युवा कांग्रेस महिला कांग्रेस एन एस यू आई, सेवा दल, आदिवासी कांग्रेस, ओबीसी प्रकोष्ठ, एस सी, प्रकोष्ठ एवं अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ, को सशक्त एवं मजबूत बनाकर 2024 के चुनाव में कांग्रेस पार्टी की जीत सुनिश्चित करना है। जिला अध्यक्ष सुखैर भगत ने कहा कि लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को कांग्रेस पार्टी के विचारधारा से जोड़ना है। गुमला जिला अध्यक्ष चैतू उरांव ने कहा कि जबतक आरएसएस बीजेपी की सरकार को केंद्र से उखाड़ नहीं फेंकेंगे चैन से नहीं बैठेंगे। बैठक में सनियारो उरांव, रामनिवास प्रसाद, जय नाथ साहू, हाजी सिकंदर, सीमा परवीन, विनय उरांव, नंद किशोर शुक्ला, हसनैन अंसारी, तजमुल अंसारी, अनिल महतो, हरि भगत, मुकेश ठाकुर, प्रमोद सोनी, रविंद्र उरांव, मिनहाज अंसारी आदि कांग्रेसी उपस्थित थे।

## मुंडा ग्रुप ने बोस ग्रुप को 1-0 से हराया



**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर नेहरू युवा केंद्र के राष्ट्रीय स्वयंसेवक आकाश कुमार साहू द्वारा सेरेंगहातु पंचायत ग्राम में संचालित अवेयरनेस कोचिंग सेंटर के विद्यार्थियों के बीच खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। खेल कूद प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि मुखिया शोभा देवी तथा विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के आदित्य कुमार साहू उपस्थित थे।

आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शोभा देवी ने बच्चों को बतलाया कि खेलकूद भी हमारे लिए आज शिक्षा से कम नहीं है। पढ़ाई के साथ साथ खेल कूद भी आवश्यक है। खेलकूद के माध्यम से भी लोग बहुत आगे निकल रहे हैं। विद्यार्थियों को कहा कि आप सभी लोग अपनी रुचि के अनुसार खेल का चयन करें और पढ़ाई के साथ खेल कूद को भी महत्व दे। विशिष्ट अतिथि आदित्य साहु ने हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद का जन्म दिन को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मना कर हॉकी के जादूगर को श्रद्धांजलि दिया जाता है। मेजर ध्यानचंद हॉकी के जादूगर थे। जिस कारण कारण हॉकी को देश में राष्ट्रिग खेल का दर्जा प्राप्त है. खेलकूद प्रतियोगिता कार्यक्रम में फुटबॉल प्रतियोगिता दौड़ एवं कुर्सी रेस प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया, जिसमें फुटबॉल मैच में बिरसा मुंडा ग्रुप ने सुभाषचन्द्र बोस ग्रुप को 1-0 से पराजित किया तथा कुर्सी रेस प्रतियोगिता में प्रथम सुहानी कुमारी, द्वितीय महबीस खातुन तथा तृतीय श्रुति कुमारी रहे और दौड़ में प्रथम स्मृति कुमारी, द्वितीय श्रेया किस्पोट्टा और तृतीय स्थान दीपिका कुमारी रहे। वहीं विजेता प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि द्वारा पुरस्कार स्वरूप मेडल और शील्ड देकर सम्मानित किया गया। मौके पर नवनीत प्रजापति, जया कुमारी, प्रदीप महतो, आकाश सहित सभी शिक्षक शिक्षिका और छात्र छात्राएं मौजूद थे।

### खेल से मजबूत होता है अनुशासन : बिपिन कुमार दास

**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर, लोहरदगा में विद्या भारती की योजना अनुसार मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन पर निर्धारित राष्ट्रीय खेल दिवस के मौके पर विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। खो -खो, वॉलीबॉल, लगोरी आदि खेलों में भैया बहनों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। खेल दिवस में कुल प्रतिभागियों की संख्या -240 रही। खेल दिवस को सफलतापूर्वक संपन्न करने में खेल आचार्य जोधन सिंह, सुरेश्वर कुजूर, अक्षरा पालीवाल, प्रमेंद्र सिंह सहित सभी आचार्य आचार्या बंधु भगिनी ने अपना योगदान दिया। प्रधानाचार्य विपिन कुमार दास ने कहा कि खेल समारोह भैया बहनों के लिए अत्यंत उत्साहवर्धक रहा। खेल के द्वारा भैया बहनों में अनुशासन के भाव का जागरण होता है। खेल के द्वारा मन एकाग्र होता है एवं पढ़ाई में भी जागरूकता आती है।

## शिशु मंदिर स्कूल में मनायी गयी ध्यानचंद की जयंती



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में हॉकी के जादूगर कहे जाने वाले मेजर ध्यानचंद की जयंती मनाई गई। मौके पर कृपा प्रसाद सिंह, भूतपूर्व शिक्षक गोरख पांडे तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे ने संयुक्त रूप से मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। मौके पर कृपा प्रसाद सिंह ने कहा कि जीवन के सर्वांगीण विकास के लिए खेल का महत्व सर्वाधिक है। राष्ट्रीय खेल दिवस पर विद्यालय में विविध प्रकार के खेलों का आयोजन भी किया गया। खेलों का शुभारंभ विद्यालय के सचिव अजय प्रसाद अग्रवाल के द्वारा किया गया। शिशु वाटिका के भैया बहनों ने चार प्रकार के खेलों में सहभागिता स्थापित की जिसमें संतुलन का खेल बास्केट में बाल फेंकने का खेल तथा दौड़ सम्मिलित है। कक्षा प्रथम से लेकर कक्षा पंचम तक के भैया बहनों ने 100 मीटर की दौड़ में सहभागिता की। इसके अतिरिक्त लगोरी खो खो चम्मच गोली रेस राजा कबड्डी प्रतियोगिता तीन पैर का दौड़ सतघरवा खेल लूडो शतरंज कुल 13 प्रकार के खेलों का आयोजन किया गया। विविध प्रतियोगिताओं में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया बहनों को प्रशस्तपत्रएवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। विद्यालय के समस्त आचार्य बंधु भगिनी एवं भैया बहन उपस्थित रहे।


### प्रेस विज्ञप्ति

कार्यालय :–उप निदेशक, पलामू व्याघ्र परियोजना, दक्षिणी प्रमंडल मेदिनीनगर।

संविदा नियुक्ति हेतु विज्ञापन सं0

पत्रांक–728 दिनांक–26.08.2023

पलामू व्याघ्र परियोजना अन्तर्गत निम्नांकित पदों पर झारखण्ड राज्य के योग्य अभ्यार्थियों से निश्चित मानदेय पर संविदा के माध्यम से नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते है :–

| क्र0स0 | पदनाम | मानदेय | वांछित योग्यता/कार्यानुभव | कुल पद |
|---|---|---|---|---|
| 1. | वेटनरी सर्जन | रु0 40,000/– प्रतिमाह | पशुपालन एवं पशु चिकित्सा विज्ञान में स्नातक उर्त्तीण एवं वेटनरी कौंन्सिल ऑफ इंडिया में पंजीकृत। | 01 |
| 2. | वाईल्डलाईफबा योलोजिस्ट | रु0 40,000/– प्रतिमाह | किसी भी मान्यता प्राप्त विश्व विद्यालय से एम0फील0/पी0एच0डी0/जन्तु विज्ञान/वनस्पति विज्ञान/वन्य प्राणी विज्ञान की मास्टरडिगी एवं वन्य जीव सेवा/जैव विविद्यता सेवा में कम से कम 2 वर्षो का कार्यानुभव। | 01 |

आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि :–समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशन के तिथि से 15 दिनों तक।

विस्तृत जानकारी http//www.palamautigerreserve.in पर उपलब्ध है।

उपनिदेशक,
पलामू व्याघ्र परियोजना,
दक्षिणी प्रमण्डल, मेदिनीनगर।

PR 305763 District(23-24)D



### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, लातेहार

**प्रेस विज्ञप्ति**

भोला शरण सिंह, शाहपुर टोला, पीपरडीह, जिला – औरंगाबाद, बिहार संवेदक को सूचित किया जाता है कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना मद अंतर्गत पैकेज सं0 JH14LWE001- Construction and Maintenance of Road from Latehar Banari Road via Gotag of Block Garu in District – Latehar (Length – 13.43 km) का आपके द्वारा एकरारनामा किया गया है, जिसका एकरारनामा सं0 SBD – 35/2018-19 है। जिसके कार्य प्रारंभ करने की तिथि 13.12.2018 एवं कार्य समाप्ति की तिथि 12.12.2019 था। आपके द्वारा पत्रांक शून्य दिनांक 27.03.2023 के द्वारा आवेदन दिया गया था कि दर पुनरीक्षित करते हुए कार्य के लिए निर्धारित अवधी विस्तार किया जाय। मुख्य अभियंता, जे0एस0आर0आर0डी0ए0, झारखण्ड रॉची का पत्रांक 999 (अनु0) दिनांक 27.07.2023 द्वारा आपके कार्य के एकरारनामा को यथास्थिति बंद करने का आदेश प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त कार्य में पूर्व में कराये गये कार्यो का अद्यतन अंतिम मापी निम्न सूची के अनुसार दर्ज तिथि को संबंधित कनीय अभियंता एवं सहायक अभियंता द्वारा ली जायेगी। उक्त तिथि को आप या आपके द्वारा प्रतिनियुक्त प्राधिकृत प्रतिनिधि स्थल पर उपस्थित रहेंगें। अगर उपस्थित नही रहते हैं तो भी अंतिम मापी ले ली जायेगी जो आपको मान्य होगा एवं भविष्य में आपके द्वारा किया गया किसी प्रकार का दावा मान्य नही होगा।

| क्र0 | योजना का नाम | संवेदक का नाम | कार्यपूर्ण करने की तिथि | अंतिम मापी की तिथि | मापी करने वाले अभियंताओं का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Construction and Maintenance of Road from Latehar Banari Road via Gotag of Block Garu in District – Latehar | भोला शरण सिंह, शाहपुर टोला, पीपरडीह, जिला – औरंगाबाद, बिहार | 12.12.19 | 04.09.2023 | श्री बिनकोष खेस्स, कनीय अभियंता। श्री धन्नजय कुमार सिंह, सहायक अभियंता |

एकरारनामा के समय दिये गये पते पर भी इसकी एक प्रति भेजी जा रही है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल, लातेहार

PR 305827 (REO)23-24*D



### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, चतरा।

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 –04 (Untied)/RCD/2023–24

1. विज्ञापन दाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल,चतरा।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : 08.09.2023 से 09.09.2023 तक कार्यालय अवधि में।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : 11.09.2023 अपराह्न 3:00 बजे तक
4. निधि : राज्य योजना अनाबद्द निधि
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 11.09.2023 अपराह्न 3:30 बजे
6. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान: (i) मुख्य अभियंता (यातायात) का कार्यालय पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, रॉंची, इंजिनीयरिंग हॉस्टल, नं0–2, धूर्वा, रॉंची। (ii) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, हजारीबाग। (iii) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, चतरा।
7. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान: क्रमांक 6 पर वर्णित स्थान
8. कार्य विवरणी :

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मुल्य (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | कार्य पूर्णता की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पुलिस लाईन में हेलीपैड तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण तथा गेट वाइडेनिंग कार्य। ग्राम+पंचायत+प्रखण्ड : चतरा। | 24,96,260 | 5,000=00 | 50,000=00 | 03 (तीन) माह |
| 2 | औरू टोला बरवाटांड़ (भुईयॉं टोला) में राजाबांध नाला पर पुलिया निर्माण कार्य। ग्राम :औरू, पंचायतः औरू, प्रखण्डः हंटरगंज। | 24,98,875=00 | 5,000=00 | 50,000=00 | 03 (तीन) माह |
| 3 | हरिजन टोला में गार्डवाल एवं नाली निर्माण कार्य। ग्रामः तेतरिया, पंचायतः नोनगांव, प्रखण्ड–पत्थलगड्डा। | 24,94,449=00 | 5,000=00 | 50,000=00 | 03 (तीन) माह |

निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in, एवं कार्यालय से सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

नोट : (1) परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है। तदनुसार अग्रधन की राशि का आंकलन मान्य होगा।

कार्यपालक अभियंता,
प0नि0वि0,पथ प्रमण्डल, चतरा

PR 305823 (Road) 23-24 (D)


**त्योहार** भाई -बहन के पवित्र प्रेम के प्रतीक का उत्सव रक्षाबंधन 31 अगस्त को

# रक्षाबंधन को लेकर सज गए लोहरदगा के बाजार



**नवीन मेल संवाददाता।लोहरदगा**

श्रावण मास की पूर्णिमा को मनाये जाने वाला रक्षाबंधन का पर्व भाई-बहन के प्रेम का अनुपम उदाहरण है। इस बार यह त्योहार 31 अगस्त, दिन गुरुवार को है। बहनों को इस पर्व का बड़ी ही बेसब्री से इंतजार रहता है। जब बहनें अपने भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधती है तो वे यह कामना करती हैं कि उसके भाई के जीवन में कभी कोई कष्ट न हो, वह उन्नति करें और उसका जीवन सुखमय हो। वहीं भाई भी इस रक्षा सूत्र को बंधवाकर गौरवांवित अनुभव करते हैं और जीवन भर अपनी बहन की रक्षा करने की कसम खाते है। भाई बहन मे परस्पर स्नेह व प्यार इस पर्व की गरिमा को और बढ़ा देता है। पुरोहितों ने बताया कि इस वर्ष रक्षा बंधन 31 अगस्त को मनाया जायेगा क्योंकि इस वर्ष 30 अगस्त को पूर्वाह्न 10:22 में पूर्णिमा आ रहा है और पूर्णिमा के साथसाथ भद्रा भी लग रही है और भद्रा भी पृथ्वी लोक में है शास्त्रों के अनुसार भद्रा आकाश लोक और पाताल लोक की भद्रा लाभदायक होती है और पृथ्वीलोक की भद्रा कष्ट प्रद होता है इसलिए भद्रा में रक्षा बंधन मनाना वर्जित है भद्रा 30 अगस्त को रात्रि 08:58 में समाप्त होगा। अब जैसा की हमसब जानते हैं की रात्रि में रक्षा बंधन नहीं मनाते इसलिए रक्षा बंधन 31 अगस्त को प्रातः सूर्योदय उपरांत मनाया जायेगा। रहा बात जहां तक की पूर्णिमा 31 अगस्त को प्रातः 07:45 तक रहेगा। बता दें कि निर्णय सिंधु ग्रंथ के अनुसार जिस तिथि में सूर्य का उदय हो और वही तिथि तीन घटी तक रहे तो अगले सूर्योदय तक उसी तिथि का मान होगा अतः 31 अगस्त को पूरे दिन पूर्णिमा का मान होगा इसलिए रक्षा बंधन 31 अगस्त को मनाया जायेगा। इधर रक्षाबंधन को लेकर राखी की दुकानों पर भीड़ लगनी शुरू हो गई है। रक्षाबंधन को लेकर बाजार खिल उठा है। सड़क किनारे रंग बिरंगी राखी की दुकानें सजी है।बहने अपने भाइयों की कलाई पर बांधने के लिए खूबसूरत से खूबसूरत राखियां खरीदते दिखी। इन दुकानों पर महंगी से महंगी और सस्ती से सस्ती राखियां देखने को मिली। बाजारों में हर तरफ रंग बिरंगी राखियों से सजी दुकानें नजर आने लगीं हैं। राखी के पर्व के लिये कपड़े, मिठाई और ड्राईफूड से लेकर गिफ्ट आईटम बेचने वालों की दुकानों पर भी रौनक दिखायी दे रही है इस पर्व को लेकर भाई और बहनों में खासा उत्साह रहता है। पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष राखी के दामों में लगभग 10 से 15 फीसदी का इजाफा देखा जा रहा है। रक्षाबंधन पर्व को लेकर तैयारियां जोर पकड़ रही हैं। राखी के त्यौहार के लिये सजे बाजार में इस बार जहां बच्चों के लिये कार्टून वाली राखी हैं तो वहीं युवाओं के लिये ओम रुद्राक्ष वाली राखियां मौजूद हैं। उच्च वर्गीय लोगों के लिये बाजार में सोने और चाँदी की सुंदर कलात्मक राखियां भी उपलब्ध हैं।

**बहनों की पसंद बनी चांदी की राखियां :** रक्षाबंधन पर इस वर्ष भी चांदी की राखियां बहनों की पसंद बनी हुई हैं। सरार्फा की दुकानों पर दिनभर चांदी की राखियां खरीदने वालों की संख्या भी लगातार बढ़ती जा रही है। रक्षाबंधन के लिए अब सिर्फ एक दिन ही बाकी रह गया। त्योहार को देखते हुए इस वर्ष भी सराफा की दुकानों पर सोने और चांदी की राखियों की डिमांड बढ़ती जा रही है। दुकानदार अजय सोनी ने बताया कि वैसे तो प्रत्येक वर्ष चांदी की राखियों की डिमांड रहती है, लेकिन इस वर्ष इनकी मांग काफी बढ़ गई है।

## फर्स्टक्राई के फाउंडर को इनकम टैक्स नोटिस पांच करोड़ डॉलर की टैक्स चोरी का आरोप




**नई दिल्ली।** इनकम टैक्स डिपार्टमेंट तीन भारतीय यूनिकॉर्न कंपनियों फर्स्टक्राई ग्लोबलबीज ब्रांड्स लिमिटेड और एक्सप्रेसबीज के फाउंडर द्वारा कथित तौर पर टैक्स चोरी को लेकर जांच कर रहा है। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने इन तीन यूनिकॉर्न कंपनियों के संस्थापक सुपम माहेश्वरी को इस संबंध में नोटिस भेजा है। विभाग ने नोटिस में पूछा है कि उन्होंने फर्स्टक्राई में किए गए इक्विटी लेनदेन पर 5 करोड़ डॉलर से ज्यादा के टैक्स का भुगतान क्यों नहीं किया। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, निजी इक्विटी फर्म क्रिसकैपिटल मैनेजमेंट कंपनी और सुनील भारती मित्तल के पारिवारिक कार्यालय सहित फर्स्टक्राई के कम से कम छह निवेशकों को भी इससे सम्बंधित मामले में नोटिस मिला है। रिपोर्ट के मुताबिक, माहेश्वरी जांच निपटाने के लिए टैक्स विभाग से बातचीत कर रहे हैं। बता दें कि कई वर्षों के घाटे के बाद फर्स्टक्राई 31 मार्च, 2021 को समाप्त वित्त वर्ष में मुनाफे में आई गई थी। मिडिया रिपोर्ट के अनुसार, ऑपरेशंस लेवल पर प्रॉफिट में आने के बाद यह कंपनी भारत के कुछ स्टार्टअप्स में से एक है जो आईपीओ बाजार में एंट्री करना चाहती है। इससे पहले पिछले सप्ताह ही फर्स्टक्राई में 29 फीसदी हिस्सेदारी रखने वाली निवेश फर्म २ङ्गा३ुंल्ल' ने इस यूनिकॉर्न में अपनी हिस्सेदारी करीब 1.5 से 2 फीसदी तक कम कर दी है।


### कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, चतरा।
वी0जे0 इंस्टीच्यूट भवन, पुराना कचहरी परिसर, चतरा।
Email Id- deo-chatra@jharkhandmail.gov.in

**इच्छा की अभिव्यक्ति (EOI)**
**(अति अल्पकालीन)**

DMFT मद अन्तर्गत चतरा जिला के ईच्छुक छात्र/छात्राओ के लिये Computer Coaching Classes in All Blocks के लिए ईच्छुक संस्था/एन0जी0ओ0/फर्म/कम्पनी से कार्य/सेवा हेतु प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है–

| | | | |
|---|---|---|---|
| I | इच्छा की अभिव्यक्ति प्रकाशन की तिथि | : | 28-08-2023 |
| II | इच्छा की अभिव्यक्ति जमा करने की अंतिम तिथि, समय एवं स्थान | : | 11.09.2023 को 5.00 बजे अपराह्न तक, कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, चतरा। |
| III | इच्छा की अभिव्यक्ति खोलने एवं प्रस्तुतीकरण की तिथि एवं समय | : | 13-09-2023, अपराह्न 12.00 बजे। |
| IV | इच्छा की अभिव्यक्ति खोलने का स्थान | : | DRDA Conference Hall, Chatra |

| Name of Work | Target (न्यूनतम छात्र) |
|---|---|
| Computer Coaching Classes in All Blocks (12 Blocks) | 12x100= 1200 |

नोटः– उक्त ईच्छा की अभिव्यक्ति से संबंधित अन्य शर्त एवं कार्य का विस्तृत विवरणी www.chatra.nic.in पर देखा जा सकता है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी
चतरा।

PR 305818 (School Education and Literacy) 23-24 (D)



### कार्यालय कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, पलामू।

**सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के ई0 पुर्ननिविदा संख्या 02/2023-24/RDD/NREP/PALAMU जिसका PR No. 305312 NREP (2023-24) के माध्यम से निविदा प्राप्ति की तिथि 31.08.2023 अपराह्न 01:00 बजे तथा निविदा खोलने की तिथि 31.08.2023 अपराह्न 02:00 बजे निर्धारित की गयी थी।

सरकार के संयुक्त सचिव, कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड के अधिसूचना ज्ञापांक 4881 दिनांक 28.08.2023 के द्वारा दिनांक 31.08.2023 को रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर अवकाश घोषित होने के कारण उक्त निविदा प्राप्ति की तिथि 01.09.2023 अपराह्न 01:00 बजे तथा निविदा खोलने की तिथि 02.09.2023 पूर्वाह्न 11:00 बजे निर्धारित की जाती है।

शेष शर्तें यथावत रहेंगे।

कार्यपालक अभियंता,
एन0आर0ई0पी0, पलामू।

PR 305804 (NREP) 23-24 (D)



### झारखंड सरकार
गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
राज्य सैनिक कल्याण निदेशालय

**भूतपूर्व सैनिकों के लिए आवश्यक सूचना**

सैनिक कल्याण निदेशालय, झारखण्ड एवं इसके अधिनस्थ जिला सैनिक कल्याण कार्यालयों में रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन संख्या PR222879(HOME)19-20#D दिनांक 31 दिसम्बर 2019 अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

सहायक निदेशक

PR 305795 Home(23-24)D



### झारखंड सरकार
गृह,कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
राज्य सैनिक कल्याण निदेशालय

**भूतपूर्व सैनिकों के लिए आवश्यक सूचना**

सैनिक कल्याण निदेशालय, झारखण्ड एवं इसके अधिनस्थ जिला सैनिक कल्याण कार्यालयों में रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन संख्या Pr222882 (HOME)19-20#D दिनांक 31 दिसम्बर 2019 अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

PR 305788 Home(23-24).D सहायक निदेशक



### कार्यालयः जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा
पुराना जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, भवन, लोहरदगा

**इच्छा की अभिव्यक्ति**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2023–24 में झारखण्ड, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) झारखण्ड, राँची के राज्यादेश सं0– 16 रा0 (वि0) दिनांक– 24.07.2023 के द्वारा प्राप्त लक्ष्य के अलोक में मत्स्य प्रसार, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण योजनांतर्गत लोहरदगा जिले में (02) दो केज मित्र का प्रावधान दिया गया है। केज मित्र द्वारा मछली पालन में तकनीकी सहायता का आदान–प्रदान करने एवं केज कल्चर स्थल से सूचना की प्राप्ति एवं आंकडों के संग्रहण/संप्रेष का कार्य किया जाना है। इस संदर्भ में केज मित्र हेतु आवेदन आमंत्रित किया जाता है, जिसके लिए अहर्त्ताएँ निम्नांकित है।

1. आवेदक शिक्षित बेरोजगार हो एवं आवेदक द्वारा स्वैच्छिक कार्यकर्त्ता के रूप में कार्य करने की इच्छा है।
2. आवेदक का अपना Android Mobile Phone होना आवश्यक है।
3. आवेदक को कम्प्यूटर का ज्ञान हो एवं अच्छा तैराक हो।
4. आवेदक का इंटरमीडिएट पास होना आवश्यक है। मत्स्य पालन से संबंधित तकनीकी ज्ञान होना आवश्यक है।
5. आवेदक को मोटरसाइकिल चलाना आता हो एवं स्वयं का ड्राइविंग लाइसेंस हो।
6. राज्यादेश/सरकारी नियमावली के आलोक में कार्य के विरूद्ध केज मत्स्य मित्रों को भुगतान किया जाएगा।
7. आवेदक को प्रशिक्षण के माध्यम से तकनीकी दक्ष होना होगा।
8. केज मत्स्य मित्र केज लाभुक नहीं होना चाहिए।

इच्छुक व्यक्ति उपरोक्त अहर्त्ताओं के अधीन अपना आवेदन दिनांक– 12.09.2023 तक वांछित कागजातों के साथ जिला मत्स्य कार्यालय में जमा कर सकते हैं। किसी भी आवेदन को बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार जिला मत्स्य पदाधिकारी, लोहरदगा के पास सुरक्षित होगा।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
लोहरदगा

PR 305781 Lohardaga (23-24)_D



### पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

**आवश्यक सूचना, (नोटिस)**

नाम–(1) काण्ड के प्रा0अभि0–अनिष उर्फ मनीष यादव, पे0–प्रसाद यादव, सा0–महुलनिया, थाना–छकरबन्धा, जिला–गया। (बिहार) भण्डरिया थाना काण्ड सं0–45/2018,दिनांक–30.05.2018,धारा–147/148/149/341/323/342 /324 /379 /435/ 427/387 /504 /506 भा0द0वि0, 27 आर्म्स एक्ट, 17 सी0एल0ए0 एक्ट एवं 38/39 यू0ए0पी0 एक्ट के प्राथमिकी अभियुक्त अनिष उर्फ मनीष यादव, पे0–प्रसाद यादव, सा0–महुलनिया, थाना–छकरबन्धा, जिला–गया। (बिहार) के प्राथमिकी अभियुक्त है, जो उक्त काण्ड में फिरार है। माननीय न्यायालय, श्री के0 लोहरा न्यायायिक दण्डाधिकारी प्रभम श्रेणी गढवा से फिरार है। आपको सूचित किया जाता है कि माननीय न्यायालय, गढ़वा में अविलम्ब आत्मसमर्पण करना सुनिश्चित करें।

निवेदक
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा

PR 305812 Police(23-24)#D


## 19 सितंबर को लॉन्च होगा जियो एयर फाइबर

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी ने सोमवार को ऐलान किया कि जियो एयर फाइबर को 19 सितंबर को गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर लॉन्च किया जाएगा, जिससे कंपनी को भारतीय होम सेगमेंट में ग्राहक मूल्य और राजस्व वृद्धि का एक और अवसर मिलेगा। जियो एयर फाइबर लास्ट-मील फाइबर की आवश्यकता को पूरा करने के लिए हमारे पैन-इंडिया 5जी नेटवर्क और एडवांस वायरलेस टेक्नोलॉजी का उपयोग करता है।


### पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, पलामू

**(सर्वसाधारण के लिए सूचना)**

रामगढ़ थाना कांड सं0–33/2019 के अभियुक्त 1. भोला सिंह 2. मालदेव सिंह 3. नन्दु सिंह तिनों पे0 अमिरका सिंह 4. नरेश सिंह पे0 शिव सिंह 5. सुग्रिव सिंह पिता कवलधारी सिंह 6. रमेश सिंह 7. बागिरथी सिंह 8. जवाहिर सिंह 9. सुरेश्वर सिंह चारो पे0 स्व0 अमरदयाल 10. जनेश्वर सिंह 11. उमेश सिंह 12. अनेश्वर सिंह 13. जोगेन्द्र सिंह चारो पे0 स्व0 हरिहर 14. राजु सिंह पिता शिव सिंह सभी सा0 भुईयांराजा चान्दो थाना चैनपुर जिला पलामू के विरूद्ध माननीय न्यायालय द्वारा ईश्तेहार निर्गत किया गया है। अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि उपरोक्त सभी अभियुक्तों के संबंध में सूचना/जानकारी प्राप्त होन पर पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर :– 9431706240
थाना प्रभारी, रामगढ़ :– 9431706260

पुलिस अधीक्षक,
पलामू

PR 305757 Police(23-24)#D



### कार्यालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू।
(समाज कल्याण शाखा)
Email ID - dswopalamau@gmail.com

**–: अति अल्पकालिन निविदा सूचना :–**

वित्तीय वर्ष 2023–24 में पलामू जिला अन्तर्गत समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों में नामांकित 03–06 वर्ष तक के बच्चों के लिए गर्म पोशाक (स्वेटर) का क्रय/आपूर्ति अधिकतम मूल्य रु0–200.00 (दो सौ रूपये) दर पर करने हेतु इस कार्यालय के पत्रांक 1005, दिनांक 04.07.2023 एवं ज्ञापांक 1125, दिनांक 25.07.2023 के द्वारा निविदा आमंत्रित की गई थी, परन्तु क्रमशः तकनीकी एवं अपरिहार्य कारणों से उक्त निविदा रद्द करते हुए पुनः गर्म पोशाक (हुड्डी) के लिए निविदा आमंत्रित की जा रही है।

आपूर्तिकर्ता के चयन के निमित मुहरबंद निविदा दिनांक 08.09.2023 को अपराह्न 01:00 बजे तक जिला समाज कल्याण कार्यालय, पलामू में आमंत्रित किया जाता है। निविदा से संबंधित जानकारी जिले के अधिकारिक वेबसाईट www.palamu.nic.in पर अथवा जिला समाज कल्याण कार्यालय, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त,
पलामू।

PR 305755 (District) 23-24 (D)



### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा।

1. विभाग का नाम :– भवन निर्माण विभाग।
2. विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा।
3. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय :– 22/09/2023 को (पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक)
4. मुहरबंद निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 23/09/2023 को अपराह्न 03:00 बजे तक।
5. मुहरबंद निविदा प्राप्ति खोलने की तिथि एवं समय:– 23/09/2023 को 03:00 बजे अपराह्न से।
6. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान :– 1. कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा द्वारा प्रतिनियुक्त, पदाधिकारी द्वारा पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के कार्यालय परिसर में।
7. निविदा प्राप्ति एवं खुलने का स्थान :– क्रमांक–6 के क्र0सं0–1 के स्थान पर।

| 3 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | (i) मेराल प्रखण्ड के पंचायत संगबरिया के अन्तर्गत ग्राम–भीमखांड़ खेल मैदान में चेंजिंग रूम एवं शौचालय तथा गोल पोस्ट का निर्माण कार्य। (ii) मेराल प्रखण्ड के पंचायत संगबरिया के अन्तर्गत ग्राम– बनुआ में खेल मैदान में चेंजिंग रूम एवं शौचालय तथा गोल पोस्ट का निर्माण कार्य। (iii) मेराल प्रखण्ड के पंचायत संगबरिया ग्राम– संगबरिया में सामुदायिक खेल मैदान में चेंजिंग रूम एवं शौचालय तथा गोल पोस्ट का निर्माण कार्य। (iv) मेराल प्रखण्ड के पंचायत तेनार के अन्तर्गत ग्राम–तेनार में हाई स्कूल के पास खेल मैदान में चेंजिंग रूम एवं शौचालय तथा गोल पोस्ट का निर्माण कार्य। (v) मेराल प्रखण्ड के पंचायत लोवादाग के अन्तर्गत ग्राम–बंका में उप स्वास्थ्य केन्द्र के बगल में खेल मैदान में चेंजिंग रूम एवं शौचालय तथा गोल पोस्ट का निर्माण कार्य। (vi) मेराल प्रखण्ड के पंचायत गोंदा अन्तर्गत ग्राम–लातदाग में खाता 124 प्लाट 1473 में खेल मैदान में चेंजिंग रूम एवं शौचालय तथा गोल पोस्ट का निर्माण कार्य। | 1090644.00 | 22000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 2 | (i) मेराल प्रखण्ड के पंचायत बाना ग्राम– बाना महाबीर मंदिर के पास खेल मैदान में चेंजिंग रूम एवं शौचालय तथा गोल पोस्ट का निर्माण कार्य। (ii) मेराल प्रखण्ड के पंचायत दुलदुलवा ग्राम– पेसका में हाई स्कूल के पास खेल मैदान में चेंजिंग रूम एवं शौचालय तथा गोल पोस्ट का निर्माण कार्य। (iii) मेराल प्रखण्ड के पंचायत गेरूआ के करिअई जरही चरमुहान के पास खेल मैदान में चेंजिंग रूम एवं शौचालय तथा गोल पोस्ट का निर्माण कार्य। (iv) मेराल प्रखण्ड ग्राम– हासनदाग में खेल मैदान में चेंजिंग रूम एवं शौचालय तथा गोल पोस्ट का निर्माण कार्य। (v) मेराल प्रखण्ड के पंचायत चेचरीआ के अन्तर्गत परियोजना उच्च विद्यालय अटौला के सिदबनवा में खेल मैदान में चेंजिंग रूम एवं शौचालय तथा गोल पोस्ट का निर्माण कार्य। (vi) मेराल प्रखण्ड के पंचायत ओखरगाड़ा (पश्चिम) ग्राम–दलेली में खेल मैदान में चेंजिंग रूम एवं शौचालय तथा गोल पोस्ट का निर्माण कार्य। (vii) मेराल प्रखण्ड के पंचायत तिसरा टेटुका में धरती महुआ के पास खेल मैदान में चेंजिंग रूम एवं शौचालय तथा गोल पोस्ट का निर्माण कार्य। | 1272418.00 | 26000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 3 | (i) केतार प्रखण्ड के केतार पंचायत अन्तर्गत ग्राम– केतार में लोहिया समता उच्च विद्यालय के खेल मैदान में चेंजिंग रूम एवं शौचालय तथा गोल पोस्ट का निर्माण कार्य। (ii)केतार प्रखण्ड के केतार पंचायत अन्तर्गत ग्राम– केतार में संस्कृति मंच के पास खेल मैदान में चेंजिंग रूम एवं शौचालय तथा गोल पोस्ट का निर्माण कार्य। (iii) केतार प्रखण्ड के मुकुन्दपुर पंचायत अन्तर्गत ग्राम–बक्सीपुर में मध्य विद्यालय के पास खेल मैदान में चेंजिंग रूम एवं शौचालय तथा गोल पोस्ट का निर्माण कार्य। (iv) केतार प्रखण्ड के पंचायत पाचाडुमर अन्तर्गत ग्राम–पाचाडुमर में खाता 540 प्लौट 4121 के खेल मैदान में चेंजिंग रूम एवं शौचालय तथा गोल पोस्ट का निर्माण कार्य। (v) केतार प्रखण्ड के पंचायत परसोडीह अन्तर्गत ग्राम–परसोडीह में नवनिर्मित उच्च विद्यालय के खेल मैदान में चेंजिंग रूम एवं शौचालय तथा गोल पोस्ट का निर्माण कार्य। (vi) केतार प्रखण्ड के पंचायत परसोडीह अन्तर्गत ग्राम–बांसडीह कला के खेल मैदान में चेंजिंग रूम एवं शौचालय तथा गोल पोस्ट का निर्माण कार्य। | 1090644.00 | 22000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 4 | (i) बरडीहा प्रखण्ड के पंचायत बरडीहा अन्तर्गत ग्राम–बरडीहा में सुकडआ दोहर में खेल मैदान में चेंजिंग रूम एवं शौचालय तथा गोल पोस्ट का निर्माण कार्य। (ii) बरडीहा प्रखण्ड के पंचायत बरडीहा अन्तर्गत ग्राम–बरडीहा में मिडिल स्कूल के खेल मैदान में चेंजिंग रूम एवं शौचालय तथा गोल पोस्ट का निर्माण कार्य। (iii) बरडीहा प्रखण्ड के पंचायत ओबरा अन्तर्गत ग्राम–ओबरा में उच्च विद्यालय एवं पंचायत भवन के बीच खेल मैदान में चेंजिंग रूम एवं शौचालय तथा गोल पोस्ट का निर्माण कार्य। (iv) बरडीहा प्रखण्ड के पंचायत ओबरा अन्तर्गत ग्राम–लोका में पचपोहड़ी पहाड़ के पास खेल मैदान में चेंजिंग रूम एवं शौचालय तथा गोल पोस्ट का निर्माण कार्य। (v) बरडीहा प्रखण्ड के पंचायत सलगा अन्तर्गत पंचायत भवन, सलगा के पास खेल मैदान में चेंजिंग रूम एवं शौचालय तथा गोल पोस्ट का निर्माण कार्य। | 908870.00 | 19000.00 | 1250.00 | 2 माह |
| 5 | (i) मझिआँव प्रखण्ड के पंचायत बोदरा अन्तर्गत नव प्राथमिक विद्यालय चौधरी टोला बिच्छी में खेल मैदान में चेंजिंग रूम एवं शौचालय तथा गोल पोस्ट का निर्माण कार्य। (ii) मझिआँव प्रखण्ड के पंचायत करमडीह अन्तर्गत मुखदेव +2 उच्च विद्यालय, करमडीह के पास खेल मैदान में चेंजिंग रूम एवं शौचालय तथा गोल पोस्ट का निर्माण कार्य। (iii) मझिआँव प्रखण्ड के पंचायत मोरबे अन्तर्गत ग्राम–मोरबे में खेल मैदान में चेंजिंग रूम एवं शौचालय तथा गोल पोस्ट का निर्माण कार्य। (iv) मझिआँव प्रखण्ड के पंचायत पुरहे अन्तर्गत ग्राम– पुरहे में खेल मैदान में चेंजिंग रूम एवं शौचालय तथा गोल पोस्ट का निर्माण कार्य। (v) मझिआँव प्रखण्ड के पंचायत रामपुर अन्तर्गत ग्राम–जहारसरई टोला परसाखांड़ में खेल मैदान में चेंजिंग रूम एवं शौचालय तथा गोल पोस्ट का निर्माण कार्य। (vi) मझिआँव प्रखण्ड के पंचायत सोनपुरवा अन्तर्गत मध्य विद्यालय रामपुर (मझिगावा) प्राणगंग में वीर शहीद खेल मैदान में चेंजिंग रूम एवं शौचालय तथा गोल पोस्ट का निर्माण कार्य। (vii) मझिआँव प्रखण्ड के पंचायत टड़हे अन्तर्गत मुन्द्रीका सिंह उच्च विद्यालय, करूई के खेल मैदान में चेंजिंग रूम एवं शौचालय तथा गोल पोस्ट का निर्माण कार्य। | 1272418.00 | 26000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 6 | (i) खरौंधि प्रखण्ड के पंचायत कूपा अन्तर्गत चौरीआ प्रस्तावित उच्च विद्यालय के खेल मैदान में चेंजिंग रूम एवं शौचालय तथा गोल पोस्ट का निर्माण कार्य। (ii) खरौंधि प्रखण्ड के पंचायत कूपा अन्तर्गत ग्राम–चौरीआ में ए0 पी0 ए0 डी0 पब्लिक स्कूल के खेल मैदान में चेंजिंग रूम एवं शौचालय तथा गोल पोस्ट का निर्माण कार्य। (iii) खरौंधि प्रखण्ड के पंचायत अरंगी अन्तर्गत ग्राम–तोरेलावा में परियोजना उच्च विद्यालय के खेल मैदान में चेंजिंग रूम एवं शौचालय तथा गोल पोस्ट का निर्माण कार्य। (iv) खरौंधि प्रखण्ड के पंचायत चांदनी अन्तर्गत उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय चिरईयाताड़ खेल मैदान में चेंजिंग रूम एवं शौचालय तथा गोल पोस्ट का निर्माण कार्य। (v) खरौंधि प्रखण्ड के पंचायत खरौंधि अन्तर्गत ग्राम–खरौंधी में उच्च विद्यालय के खेल मैदान में चेंजिंग रूम एवं शौचालय तथा गोल पोस्ट का निर्माण कार्य। (v) खरौंधि प्रखण्ड के पंचायत मझिगावाँ (अमरोरा) ग्राम– मझिगावां के खेल मैदान में चेंजिंग रूम एवं शौचालय तथा गोल पोस्ट का निर्माण कार्य। (vi) खरौंधि प्रखण्ड के पंचायत राजी अन्तर्गत ग्राम– राजी में + 2 उच्च विद्यालय के खेल मैदान में चेंजिंग रूम एवं शौचालय तथा गोल पोस्ट का निर्माण कार्य। | 1272418.00 | 26000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 7 | (i) प्रखण्ड कांडी के पंचायत हरिहरपुर अन्तर्गत शंकर प्रताप देव उच्च विद्यालय हरिहरपुर में खेल मैदान में चेंजिंग रूम एवं शौचालय तथा गोल पोस्ट का निर्माण कार्य। (ii) प्रखण्ड कांडी के पंचायत हरिहरपुर अन्तर्गत राजकीय मध्य विद्यालय रपुरा में खेल मैदान में चेंजिंग रूम एवं शौचालय तथा गोल पोस्ट का निर्माण कार्य। (iii) प्रखण्ड कांडी के पंचायत डुमरसोता अन्तर्गत अस्नोत्तर उच्च विद्यालय डुमरसोता के पास खेल मैदान में चेंजिंग रूम एवं शौचालय तथा गोल पोस्ट का निर्माण कार्य। (iv) प्रखण्ड कांडी के पंचायत मझिगावाँ अन्तर्गत बजरंगबली मंदिर के पास खेल मैदान में चेंजिंग रूम एवं शौचालय तथा गोल पोस्ट का निर्माण कार्य। | 727096.00 | 15000.00 | 1250.00 | 2 माह |
| 8 | (i) प्रखण्ड कांडी के पंचायत सरकोनी अन्गर्तत ग्राम–सेमौरा स्कूल में खेल मैदान में चेंजिंग रूम एवं शौचालय तथा गोल पोस्ट का निर्माण कार्य। (ii) प्रखण्ड कांडी के पंचायत सरकोनी अन्गर्तत राजकीय बुनियादी विद्यालय सेमौरा में खेल मैदान में चेंजिंग रूम एवं शौचालय तथा गोल पोस्ट का निर्माण कार्य। (iii) प्रखण्ड कांडी के पंचायत बलियारी ग्राम– सोनपुरा में खेल मैदान में चेंजिंग रूम एवं शौचालय तथा गोल पोस्ट का निर्माण कार्य। (iv) प्रखण्ड कांडी के पंचायत पतिला ग्राम– चोका में राजकीय उच्च विद्यालय के बगल में खेल मैदान में चेंजिंग रूम एवं शौचालय तथा गोल पोस्ट का निर्माण कार्य। (v) प्रखण्ड कांडी के पंचायत पतिला ग्राम–बेलहथ में प्राथमिक विद्यालय के बगल में खेल मैदान में चेंजिंग रूम एवं शौचालय तथा गोल पोस्ट का निर्माण कार्य। (vi) प्रखण्ड कांडी के पंचायत खरौंधा अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय के पास खेल मैदान में चेंजिंग रूम एवं शौचालय तथा गोल पोस्ट का निर्माण कार्य। | 1090644.00 | 22000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 9 | (i) प्रखण्ड कांडी के पंचायत चटनिया उत्क्रमित मध्य विद्यालय चटनिया एवं चटनिया पंचायत भवन दोनो के बीच खेल मैदान में चेंजिंग रूम एवं शौचालय तथा गोल पोस्ट का निर्माण कार्य। (ii) प्रखण्ड कांडी के पंचायत चटनिया ग्राम– पीपरडीह स्वास्थ्य उपकेन्द्र के पास खेल मैदान में चेंजिंग रूम एवं शौचालय तथा गोल पोस्ट का निर्माण कार्य। (iii) प्रखण्ड कांडी के पंचायत पतरिया के पंचायत भवन के बलग में खेल मैदान में चेंजिंग रूम एवं शौचालय तथा गोल पोस्ट का निर्माण कार्य। (iv) प्रखण्ड कांडी के पंचायत शिवपुर के हरिजन टोला उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय अधौरा में खेल मैदान में चेंजिंग रूम एवं शौचालय तथा गोल पोस्ट का निर्माण कार्य। (v) प्रखण्ड कांडी के पंचायत खुटहेरिया के राजकीय बुनियादी विद्यालय कुशा में खेल मैदान में चेंजिंग रूम एवं शौचालय तथा गोल पोस्ट का निर्माण कार्य। (vi) प्रखण्ड कांडी के पंचायत खुटहेरिया गरदाहा हाई स्कूल के मैदान में खेल मैदान में चेंजिंग रूम एवं शौचालय तथा गोल पोस्ट का निर्माण कार्य। | 1090644.00 | 22000.00 | 2500.00 | 3 माह |

निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता हैं।
नोटः– Updated Character PAN, GST Return File Latest, पंजीकरण प्रमाण–पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति अनिवार्य रूप से जमा करने के पश्चात ही निविदा पत्र निर्गत किया जायेगा।

कार्यपालक अभियता,
भवन प्रमण्डल, गढ़वा।

PR 305772 (Building) 23-24 (D)

# झारखंड की बेटियों का परचम

*झारखंड* में लड़कियां हर खेल में आगे बढ़ रही हैं। यह इस राज्य के लिए गौरव की बात है कि देश-विदेश में अपना परचम लहरा रही हैं। इन्हीं खेल में फुटबॉल भी शामिल है, जिसमें लड़कियां गांव से निकल कर देश-विदेश के मैदान पर भी किक मार रही हैं। हालांकि लड़कियों के लिए यह सफर इतना आसान नहीं रहा। गांव-घर के ताने, खेल के लिए छोटे कपड़े की सोच रुकावट बन रही थी। बावजूद इन पाबंदियों को बुलंद इरादों से तोड़ते हुए सफलता की राह पर आगे बढ़ रही हैं। इसमें घर-परिवार का पूरा साथ मिल रहा है। राज्य के 24 जिलों में 3000 से अधिक महिला फुटबॉलर अपना नाम रौशन कर रही हैं। इसके साथ राज्य भी गौरव का अनुभव कर रहा है। खेल के प्रति आकर्षण का आलम यह है कि हर जिले में एक-दो क्लब खुल रहे हैं। जहां लड़कियां ट्रेनिंग ले रही हैं। बस जरूरत है इन्हें प्रोत्साहन की। साथ ही सरकार का भी यह कर्तव्य बनता है कि इन प्रतिभाओं को एक मंच दे। एक नाम जिस पर सब को गर्व होता है वह है अंशु कच्छप का। अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी डाना कप की विजेता यह रह चुकी हैं। वह कहती हैं कि 2013 में फुटबॉल खेलना शुरू किया। उस वक्त परिवार का भी पूरा सहयोग नहीं था। बावजूद इसके फुटबॉल खेलती रही। काफी परेशानी हुई। गांव में छोटे कपड़े पहनकर फुटबॉल खेलना बड़ी बात थी। फब्तियां सुनने को मिलती। कभी-कभी तो जानबूझकर गांव के मनचले मैदान में ही डेरा जमा लेते। बावजूद हार नहीं मानी। उसी संघर्ष का परिणाम है कि डेनमार्क में आयोजित डाना कप में शामिल होने का मौका मिला। जीतकर वापस भी लौटी। आज 100 बच्चों खास कर लड़कियों को फुटबॉल की ट्रेनिंग दे रही हैं। खुद भी अभ्यास करती हैं। शाम चार से छह बजे तक गांव के ही एक छोटे से मैदान में ट्रेनिंग देती हैं। इस बाबत अंशु का कहना है कि सरकार से काफी सहायता की जरूरत है। अपना झारखंड खेल में काफी आगे जा सकता है। बात सौ प्रतिशत सच है। कारण यहां प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। आज भी ऐसी कई प्रतिभायें गांव के मैदान में फटे हुए जूते पहनकर फुटबॉल खेलती हैं। लेकिन इनकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। झारखंड के ही ओयना गांव की प्रिया कुमारी 2013 से फुटबॉल खेल रही हैं। वह कहती हैं कि गांव की दूसरी लड़कियों को खेलते देखकर अच्छा लगता था। इस कारण फुटबॉल खेलने की इच्छा बढ़ने लगी। लेकिन लड़कियों के लिए फुटबॉल खेलना आसान नहीं था। माता-पिता मजदूर हैं, जिस कारण आर्थिक परेशानी होती थी। फटे हुए जूते से खेलना पड़ा, क्योंकि मां-बाबा की कमाई घर के खर्च में ही खत्म हो जाती थी। वहीं गांव वालों का मानना था की लड़कियां सिर्फ घरों में ही अच्छी लगती हैं। छोटे पैंट पहन कर फुटबॉल खेलना बड़ी बात थी। गांव के कुछ लोग मां-बाबा को भड़काते भी थे, लेकिन उनका पूरा सहयोग मिला। यही कारण है कि कई राष्ट्रीय मुकाबला खेलने को मौका मिला। खेलो इंडिया यूथ गेम, सब जूनियर नेशनल गेम 2018, हीरो जूनियर गर्ल्स नेशनल चैंपियनशिप और सुब्रत मुखर्जी फुटबॉल चैंपियनशिप-2016 जैसे गेम्स खेल चुकी हैं। दूसरी तरफ प्रियंका इंग्लैंड में दमखम दिखाने के बावजूद दूसरे के खेतों में आज भी काम करने को मजबूर हैं। ऐसी स्थिति में सरकार को चाहिए कि वह झारखंड की लड़कियों को प्रोफेशनल फुटबॉल के बारे में बताने के लिए जगह-जगह एक कमिटी का गठन करे। यह खेल उनका भविष्य संवार सकता है। कुछ जगहों पर सरकारी छात्रवृत्ति का भी लाभ मिल रहा है। यह अच्छी बात है। ऐसे में अगर लड़कियों को खेल की जानकारी मिलती रहे, तो और भी आगे बढ़ सकती हैं।

**राज्य के 24 जिलों में 3000 से अधिक महिला फुटबॉलर अपना नाम रौशन कर रही हैं। इसके साथ राज्य भी गौरव का अनुभव कर रहा है। खेल के प्रति आकर्षण का आलम यह है कि हर जिले में एक-दो क्लब खुल रहे हैं। जहां लड़कियां ट्रेनिंग ले रही हैं। बस जरूरत है इन्हें प्रोत्साहन की।**

# प्रधानमंत्री मोदी का व्यापक दृष्टिकोण- भारत का स्वर्ण युग



पीयूष गोयल

*लाल* किले की प्राचीर से, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत की प्रगति और समृद्धि से जुड़े लंबे समय तक चलने वाले स्वर्ण युग के संबंध में अपने व्यापक दृष्टिकोण को अभिव्यक्ति दी है, क्योंकि माँ भारती हजारों वर्षों की गुलामी, अधीनता और दरिद्रता के बाद, आत्मविश्वास के साथ फिर से गौरव प्राप्त कर रही है। नरेन्द्र मोदी पहले प्रधानमंत्री हैं, जिनका जन्म आजादी के बाद हुआ है। प्रधानमंत्री देश के भविष्य के प्रति बहुत आशान्वित हैं। उनका आत्मविश्वास पिछले नौ साल में प्रगति के लिए किये गये अथक परिश्रम के बाद हुई ठोस प्रगति पर आधारित है। 140 करोड़ देशवासियों के धर्म, क्षेत्र, लिंग, जाति, उम्र या जातीय पहचान के आधार पर बिना कोई भेदभाव किए ये प्रयास किये गये हैं। मोदी सरकार की प्रत्येक नीति उनके 'सुधार, प्रदर्शन और बदलाव' के मंत्र को दर्शाती है, जो विशेष रूप से गरीबों और वंचितों को लाभान्वित कर रही है। इससे भारत को नौ वर्षों में दुनिया की दसवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से पांचवें पायदान तक पहुंचने में मदद मिली है। भारतीय अर्थव्यवस्था, पीएम मोदी के तीसरे कार्यकाल के दौरान तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। इस प्रगति को ठोस आर्थिक नीतियों, भ्रष्टाचार पर अंकुश, सरकारी खर्च में होने वाली चोरी को रोकने, शासन में दक्षता और पारदर्शिता की वृद्धि तथा उदार कल्याणकारी योजनाओं से गति मिली है। महिलाओं के नेतृत्व में होने वाला विकास बदलाव के एक महत्वपूर्ण हिस्से के रूप में है- भारत में महिलाओं के नेतृत्व में होने वाला विकास। जैसा कि पीएम ने कहा, भारत में किसी भी अन्य देश की तुलना में महिला पायलटों की संख्या अधिक है और वे चंद्रयान मिशन जैसे उच्च तकनीक कार्यक्रमों में भी सबसे आगे हैं। यह गर्व की बात है कि लड़कों की तुलना में ज्यादा लड़कियां विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (एसटीईएम) विषय का चयन कर रही हैं। पीएम का लक्ष्य गांवों में 2 करोड़ लाखपति-दीदी बनाना और ड्रोन के संचालन एवं मरम्मत के कार्य में महिलाओं को शामिल करना है। बदलाव की इस यात्रा में मोदी सरकार गरीबों को रोटी, कपड़ा और मकान के जीवन पर्यंत चलने वाले संघर्ष से मुक्ति दिला रही है। सरकार ने प्रत्यक्ष लाभ अंतरण, लगभग 80 करोड़ लोगों को निःशुल्क खाद्यान्न, राशन कार्डों की देशव्यापी वैधता, महिलाओं की गरिमा की रक्षा करने वाले शौचालय, प्रत्येक गांव में बिजली आपूर्ति, रसोई गैस, अच्छी सड़कें, स्वास्थ्य बीमा और किफायती इंटरनेट सेवा की सुविधाएं प्रदान की हैं। आवास उपलब्ध कराने और पाइप से पेयजल की आपूर्ति करने की योजनाएं तेजी से आगे बढ़ रही हैं। मोदी सरकार ने अन्य देशों की तुलना में या पिछली सरकारों की तुलना में मुद्रास्फीति को बेहतर ढंग से प्रबंधित किया है, लेकिन जैसा कि पीएम ने कहा, इन प्रयासों के बावजूद सरकार आत्मसंतुष्ट नहीं है। देशवासियों पर महंगाई का बोझ कम करने के लिए सरकार विभिन्न कदम उठायेगी। प्रधानमंत्री की लोगों का ध्यान रखने वाली और उनके प्रति संवेदनशील नीतियों के कारण पिछले पांच वर्षों में (2021 तक) 13.5 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकलने में सफल रहे हैं और वे मध्यम वर्ग की श्रेणी में शामिल हो गये हैं। एक सहस्राब्दी तक दुःख झेलने के बाद, नया भारत आशा, आकांक्षा और महत्वाकांक्षा के केन्द्र के रूप में उभर रहा है। देश को बढ़ती युवा शक्ति, महिला शक्ति, मेहनती श्रमिकों और किसानों, प्रतिभाशाली कारीगरों और बुनकरों तथा एक समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा की संपदा प्राप्त है, जिनके कारण हम दुनिया भर में अपनी पहचान बना रहे हैं। भारत का आकांक्षी युवा, मांग और उद्यमशीलता की ऊर्जा पैदा कर रहा है। मोदी सरकार आम लोगों को आवास, स्वास्थ्य देखभाल और खाद्यान्न प्रदान करने और करोड़ों लोगों को निर्धनता की बेड़ियों से बाहर निकलने में सफल रही है, विभिन्न उत्पादों की मांग बढ़ रही है। इससे हमारे लघु व्यवसायों और व्यापारियों के लिए नये अवसर पैदा हो रहे हैं। यह प्रतिभाशाली युवा पुरुषों और

**भारतीय अर्थव्यवस्था, पीएम मोदी के तीसरे कार्यकाल के दौरान तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। इस प्रगति को ठोस आर्थिक नीतियों, भ्रष्टाचार पर अंकुश, सरकारी खर्च में होने वाली चोरी को रोकने, शासन में दक्षता और पारदर्शिता की वृद्धि तथा उदार कल्याणकारी योजनाओं से गति मिली है।**

## इन दिनों

महिलाओं को स्टार्ट-अप बनाने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है, जो रोजगार की इच्छा रखने वालों को रोजगार प्रदाताओं में परिवर्तित कर रहा है। मोदी सरकार की मुद्रा ऋण योजना के अंतर्गत 8 करोड़ नये उद्यमियों को 23 लाख करोड़ रुपये वितरित किये गये हैं। इनमें से 70 प्रतिशत महिला उद्यमी हैं और 51 प्रतिशत लाभार्थी अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति या अन्य पिछड़ा वर्ग से हैं। 140 करोड़ लोगों की शक्ति और आकांक्षाओं पर आधारित भारत का रूपांतरण आज विश्व को दिखाई पड़ रहा है। आज, महामारी और यूक्रेन संकट के दोहरे आघात के बावजूद भारत को अशांत दुनिया में एक उज्ज्वल स्थान के रूप में विश्व स्तर पर सराहा जा रहा है।

**घबराया हुआ विपक्ष :** अमृत काल के दौरान आशावाद के इस दौर में, जहां प्रधानमंत्री का दूरदर्शी नेतृत्व भारत को एक विकसित देश बनायेगा, कुछ लोग ऐसे भी हैं जो घबराये हुए हैं।

**वे तीन बुराइयों :** भ्रष्टाचार, वंशवाद की राजनीति और तुष्टिकरण से लड़ने की प्रधानमंत्री की अपील से घबरा गये हैं। उनका डर समझा जा सकता है। सरकार ने प्रभावी कानून प्रवर्तन, प्रौद्योगिकी के उपयोग और पुराने कानूनों - जिनका दुरुपयोग लोगों को परेशान करने और रिश्वत वसूलने के लिए किया जाता था - को समाप्त करने के साथ भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए कई पहलें की हैं। प्रधानमंत्री ने यह भी सुनिश्चित किया है कि अतीत में तुष्टीकरण की नीतियों के विपरीत, जिनसे सामाजिक सद्भाव को नुकसान पहुंचा है, हर सरकारी पहल में सभी नागरिकों को समान समझा जाय। प्रधानमंत्री ने वंशवाद की राजनीति की बुराई को सही ढंग से उजागर किया है। राजनीति के इस ब्रांड में, एक विशेष परिवार के सदस्य, जिनके पास योग्यता हो या न हो, के बावजूद, एक राजनीतिक दल के शीर्ष पद पर बने रहते हैं, जबकि एक योग्य पार्टी सदस्य के लिए शीर्ष तक पहुंचने का कोई अवसर नहीं होता है। इन बुराइयों को समाप?त करने के लिए सरकार के दृढ़ संकल्प ने जनता को प्रोत्साहित किया है, लेकिन कुछ विपक्षी दल उदास हैं। वे अपनी नकारात्मकता को छिपा नहीं सकते। इसमें आश्चर्य की बात नहीं है। घमंडिया गठबंधन, घोटालों से घिरे वंशवादियों का एक समूह है, जो नियमित रूप से तुष्टीकरण को चुनावी माध्यम के रूप में इस्तेमाल करता है। इनमें नकारात्मकता, सत्ता की लोलुपता और तीनों बुराइयों के विरूद्ध निर्णायक कार्रवाई के बारे में बढ़ते डर के अलावा कुछ भी समान नहीं है। जब ऐसी पार्टी ने गठबंधन सरकार का नेतृत्व किया, तो उसे नियमित रूप से लाखों करोड़ रुपये के सार्वजनिक धन से जुड़े भ्रष्टाचार के घोटालों का सामना करना पड़ा। इस गठबंधन के प्रधानमंत्री ने एक बार कहा था कि यह गठबंधन की राजनीति की विवशता है। इससे अधिक दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति नहीं हो सकती कि एक प्रधानमंत्री ईमानदार प्रशासन देने में असमर्थ हो, क्योंकि उसे गठबंधन को बरकरार रखना है। पार्टी को चलाने वाले परिवार ने एक ऐसी व्यवस्था बनाई, जिसने उसे बिना किसी जवाबदेही के सत्ता सौंप दी। इसके विपरीत, प्रधानमंत्री श्री मोदी के लिए शासन; ईमानदारी, जवाबदेही, पारदर्शिता और नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाने की ज्वलंत इच्छा से जुड़ा है। प्रधानमंत्री के लिए परिवार का मतलब भारत के सभी 140 करोड़ लोग हैं, जो उनके संवेदनशील नेतृत्व पर भरोसा करते हैं। यही भरोसा उनको भारत का सबसे प्रभावी और सबसे लोकप्रिय प्रधान सेवक बनाता है।

**केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग, उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण और वस्त्र मंत्री।**

## बोधि वृक्ष

### *आइये सुने कथा राम भक्त जामवंत जी की*

*सृष्टि* के आदि में प्रसंग संकल्प के सतयुग में जामवंत जी उत्पन्न हुए थे जामवंत ने अपने सामने ही वामन अवतार को देखा था। वह राजा बलि के काल में भी थे राजा बलि से तीन पग धरती माँगकर भगवान वामन ने बली को चिरंजीवी होने का वरदान देकर पाताल लोक का राजा बना दिया गया था। वामन अवतार के समय जामवंत जी अपनी युवावस्था में थे जामवंत को चिरंजीवीओं में शामिल किया गया है जो कलयुग के अंत तक रहेंगे। राम यूग यानी त्रेता युग में जामवंत जी बूढ़े हो चले थे, राम के काल में उन्होंने भगवान श्रीराम की सहायता भी की थी कहते हैं कि जामवंत जी समुद्र को लांघने में सक्षम थे लेकिन त्रेता युग में वह बूढ़े हो चले थे इसीलिए उन्होंने हनुमान जी से इसके लिए विनती कि आप ही समुद्र लांघिये यानि की रामायण युद्ध कांड में जामवंत का नाम विशेष उल्लेखनीय है। जब हनुमान जी अपने शक्तियों को भूल जाते हैं तो जामवंत जी ही उनको यह उनको याद दिलाते हैं। माना जाता है कि जामवंत जी का आकार प्रकार कुंभकर्ण से तनिक सा ही छोटा था। जामवंत को परम ज्ञानी और अनुभवी माना जाता है उन्होंने ही हनुमान जी को हिमालय में प्राप्त होने वाले चार दुर्लभ औषधियों का वर्णन किया था जिसमें से एक संजीवनी थी। राम रावण के युद्ध में जामवंत जी राम सेना के सेनापति थे युद्ध की समाप्ति के बाद जब भगवान राम विदा होकर अयोध्या लौटने लगे तो जामवंत जी ने उनसे कहा कि प्रभु इतना बड़ा युद्ध हुआ मगर मुझे पसीने की एक बूंद नहीं आई तो समय प्रभु श्री राम मुस्कुरा दिये और चुप रह गये श्री राम समझ गये थे एक जामवंत जी के भीतर अहंकार प्रवेश कर गया है।

*(क्रमशः)*

# टिकाऊ विकास, हिमालय की आस



कुलभूषण उपमन्यु

*हिमाचल* प्रदेश में बाढ़-भूस्खलन का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। कुल्लू, मंडी, शिमला, सिरमौर और चंबा जिले बुरी तरह से प्रभावित हुए हैं। सबसे ज्यादा तबाही कांगड़ा में हुई है। वैसे तो पूरा हिमाचल प्रदेश ही तबाही की चपेट में है। सब कोई हैरान है कि आखिर यह हो क्या रहा है। गांव के गांव तबाह हो रहे हैं। जहां सोच भी नहीं सकते, वहां भी तबाही के बादल छाये हैं। 369 से ज्यादा अमूल्य जीवन इस आपदा में काल का असमय ग्रास बन चुके हैं और 10 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की संपत्ति नष्ट हो चुकी है। लगभग दो हजार घर पूरे तबाह हो चुके हैं। लगभग नौ हजार घर आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गये हैं। बादल फटने की घटनाओं से प्रदेश दहल गया है। भारी बारिश और बादल फटने की घटना में तकनीकी रूप से कुछ अंतर होता है। जब एक छोटे 100 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में एक घंटे में 10 सेंटीमीटर या इससे ज्यादा बारिश हो जाय तो उसे बादल फटना कहते हैं। हालांकि बादल फटने की पूर्व चेतावनी पूरी तरह से संभव नहीं है। फिर भी 12 घंटे पहले तक भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी संभव हो गई है। यह चेतावनी एक बड़े क्षेत्र के लिए होती है। सटीक स्थल की पहचान न होने के कारण मोटी सावधानी तो ली जा सकती है किन्तु घर के अंदर बैठे-बिठाए मुसीबत सिर पर आ जाए तो बचना कितना कठिन होता है इसका अंदाजा भी लगाया नहीं जा सकता है। हम वैश्विक तापमान वृद्धि के दौर से दो-चार हो चुके हैं। इसके कारण जलवायु में अभूतपूर्व बदलाव आ रहे हैं। बारिश का तरीका भी बहुत बदल गया है। कभी सूखा और कभी भारी बारिश। थोड़े समय में इतना पानी गिर जाता है जिसके बारे में सोच भी नहीं सकते। जुलाई की 255.9 मिलीमीटर औसत वर्षा के मुकाबले प्रदेश में 437 मिलीमीटर बारिश हुई। सिरमौर में सबसे ज्यादा 1097.5 मिलीमीटर बारिश हुई। किन्नौर में 199 प्रतिशत से औसत से ज्यादा बारिश हुई। कुल्लू में 476 मिलीमीटर, मंडी में 546 मिलीमीटर, शिमला में 584.6 मिलीमीटर और सोलन में 735.7 मिलीमीटर वर्षा जुलाई मास में रिकार्ड की गई। अधिकांश जिलों में यह आज तक का अधिकतम है। लाहुल स्पीति और कांगड़ा को छोड़कर सभी जिलों में औसत से अत्यधिक बारिश हुई। हालांकि अगस्त में कांगड़ा में भी भारी बारिश में कई जगह बादल फटने जैसे हालात बने। विधानसभा सीट ज्वाली के कोटला में गांव के ऊपर बादल फटने से बीस-पच्चीस घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। जलवायु परिवर्तन के इस दौर में हिमालय जैसी नाजुक और विकट पर्वत श्रृंखला में बहुत ज्यादा सावधानी बरतने की जरूरत है। खासकर बांध, सड़क निर्माण और भवन निर्माण में बहुत सावधानी की जरूरत है। किन्तु हो इससे उलटा रहा है। मनमर्जी से हर कहीं घर बनाये जा रहे हैं। बांध निर्माण में हर नदी-नाले का पूरी तरह से दोहन करने की होड़ लगी है और सड़क निर्माण में हर घर तक सड़क पहुंचाने के प्रयास हो रहे हैं। आवागमन की सुविधा हर नागरिक का अधिकार है, किन्तु हिमालय में सावधानी पूर्वक यह देखा जाना जरूरी है कि भूगर्भीय दृष्टि से यह कहां संभव नहीं है। जहां सडकें बनाई जा रही हैं वहां भूगर्भीय कारकों का कोई ध्यान नहीं रखा जाता है। सड़क निर्माण के लिए पर्वतीय क्षेत्रों के लिए उपयुक्त तकनीक क्या हो इस दिशा में भी कोई ध्यान नहीं है। हर कहीं मनमर्जी से मलबा फेंक दिया जाता है। 90 डिग्री पर कटिंग की जा रही है जब कि कटाई 'एंगल ऑफ रिपोज' पर की जानी चाहिए। जहां तक संभव हो सड़क निर्माण 'कट ऐंड फिल' तकनीक से किया जाना चाहिए। जहां-जहां फोरलेन का काम चल रहा है या जहां ग्रामीण सड़कों के लिए मनमानी डंपिंग की गई है वहां ही ज्यादा तबाही देखने को मिली है। फोरलेन के चक्कर में कुल्लू-मनाली क्षेत्र तो पूरी तरह आवागमन से वंचित हो गया है।


**भारी बारिश और बादल फटने की घटना में तकनीकी रूप से कुछ अंतर होता है। जब एक छोटे 100 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में एक घंटे में 10 सेंटीमीटर या इससे ज्यादा बारिश हो जाय तो उसे बादल फटना कहते हैं।**

## भूस्खलन

## फोटो की दुनिया



फेसबुक वॉल से




# महकती रहें यह राखियां सदा



योगेश कुमार गोयल

*रक्षाबंधन* का पर्व रक्षा के तात्पर्य से बांधने वाला एक ऐसा सूत्र है, जिसमें बहनें अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर जीवन के हर संघर्ष तथा मोर्चे पर उनके सफल होने तथा निरन्तर प्रगति पथ पर अग्रसर रहने की ईश्वर से प्रार्थना करती हैं तथा उनके सुखद जीवन के लिए मंगलकामना करती हैं। भाई इस कच्चे धागे के बदले अपनी बहनों की हर प्रकार की विपत्ति से रक्षा करने का वचन देते हैं और उनके शील एवं मर्यादा की रक्षा करने का संकल्प लेते हैं। वास्तव में भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक पर्व रक्षाबंधन स्नेह, सौहार्द एवं सद्भावना का एक ऐसा पर्व है, जो उन्हें अटूट एकता के सूत्र में बांध देता है। रक्षाबंधन पर्व इस वर्ष 30 अगस्त को मनाया जा रहा है। श्रावण मास की पूर्णिमा को मनाये जाने वाले रक्षाबंधन पर्व की भारतीय समाज और संस्कृति में कितनी महत्ता है, इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि बहनों के हाथ अपने भाइयों यों की कलाइयों पर राखियां बांधने के लिए मचल उठते हैं और कलाई पर बांधे जाने वाले मामूली से दिखने वाले इन्हीं कच्चे धागों से पक्के रिश्ते बनते हैं। पवित्रता तथा स्नेह का सूचक यह पर्व भाई-बहन को पवित्र स्नेह के बंधन में बांधने का पवित्र एवं यादगार दिवस है। इस पर्व को भारत के कई हिस्सों में श्रावणी के नाम से जाना जाता है। पश्चिम बंगाल में 'गुरु महापूर्णिमा', दक्षिण भारत में 'नारियल पूर्णिमा' तथा नेपाल में इसे 'जनेऊ पूर्णिमा' के नाम से जाना जाता है। रक्षाबंधन का पौराणिक एवं ऐतिहासिक प्रसंगों में उल्लेख मिलता है। कहा जाता है कि जब देवराज इन्द्र बार-बार राक्षसों से परास्त होते रहे और हर बार राक्षसों के हाथों देवताओं की हार से निराश हो गये तो इन्द्राणी ने बहुत कठिन तपस्या की और अपने तपोबल से एक रक्षासूत्र तैयार किया। यह रक्षासूत्र इन्द्राणी ने देवराज इन्द्र की कलाई पर बांधा। तपोबल से युक्त इस रक्षासूत्र के प्रभाव से देवराज इन्द्र राक्षसों को परास्त करने में सफल हुए। तभी से रक्षाबंधन पर्व की शुरूआत हुई। एक उल्लेख यह भी मिलता है कि जब भगवान विष्णु ने वामन अवतार लिया, तब उन्होंने एक ब्राह्मण वेश धारण कर अपनी दानशील प्रवृत्ति के लिए तीनों लोकों में प्रसिद्ध राजा बलि से तीन पग भूमि दान में मांगी और बलि द्वारा उनकी मांग स्वीकार कर लिए जाने पर भगवान वामन ने अपने पग से सम्पूर्ण पृथ्वी को नापते हुए बलि को पाताल लोक भेज दिया। कहा जाता है कि उसी की याद में रक्षाबंधन पर्व मनाया गया। रक्षाबंधन पर्व से कई ऐतिहासिक प्रसंग भी जुड़े हैं। ऐतिहासिक दृष्टि से इस पर्व की शुरूआत मध्यकालीन युग से मानी जाती है। भारतीय इतिहास ऐसे प्रसंगों से भरा पड़ा है, जब राजपूत योद्धा अपनी जान की बाजी लगाकर युद्ध के मैदान में जाते थे तो उनके देश की बेटियां उन वीर सैनिकों की आरती उतारकर उनकी कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा करती थी तथा वीर रस के गीत गाकर उनकी हौसला आफजाई करते हुए उनसे राष्ट्र की रक्षा का प्रण भी कराती थी। कहा जाता है कि उस जमाने में अधिकांश मुस्लिम शासक हिन्दू युवतियों का बलपूर्वक अपहरण करके उन्हें अपने हरम की शोभा बनाने का प्रयास किया करते थे और ऐसी परिस्थितियों से बचने के लिए राजपूत कन्याओं ने बलशाली राजाओं को राखियां भेजकर उनके साथ भ्रातृत्व संबंध स्थापित कर अपने शील की रक्षा करनी आरंभ कर दी थी। उसी परम्परा ने बाद में रक्षाबंधन पर्व का रूप ले लिया। चितौड़ की महारानी कर्मावती का प्रसंग तो इस संबंध में विशेष रूप से उल्लेखनीय है। कहते हैं जब गुजरात के शासक बहादुरशाह ने चितौड़ पर आक्रमण कर दिया तो चितौड़ की महारानी कर्मावती घबरा गई। उन्हें चितौड़ के साथ-साथ स्वयं की तथा चितौड़ की अन्य राजपूत बालाओं की सुरक्षा का कोई रास्ता नजर नहीं आ रहा था।

**वास्तव में भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक पर्व रक्षाबंधन स्नेह, सौहार्द एवं सद्भावना का एक ऐसा पर्व है, जो उन्हें अटूट एकता के सूत्र में बांध देता है। रक्षाबंधन पर्व इस वर्ष 30 अगस्त को मनाया जा रहा है।**

## राखी

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट । - फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# मप्र के भिण्ड में बन रही दुनिया की सबसे लम्बी राखी, विश्व रिकॉर्ड बनाने की तैयारी

इन दिनों पूरे देश में रक्षाबंधन पर्व की तैयारियां जोर-शोर से जारी हैं। इसी बीच मध्य प्रदेश के भिंड जिले में वर्ल्ड रिकार्ड बनाने की तैयारी चल रही है। यहां एक हजार फीट लंबी राखी बांधी जाएगी। आयोजकों का दावा है कि यह विश्व की सबसे बड़ी राखी होगी। इस दौरान गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की टीम भी मौजूद रहेगी। दिल्ली और ग्वालियर के कारीगर पिछले 15 दिनों से इसे बनाने में जुटे हैं। जिले के भाजपा नेता अशोक भारद्वाज द्वारा यह राखी बनवाई जा रही है। इसे मेहगांव में तैयार किया जा रहा है। राखी एक हजार फीट लंबी है, जिसके बीच में 25 फीट का आर्टिफीशियल फूल लगाया जाएगा। भाजपा नेता अशोक भारद्वाज ने बताया कि कुछ दिनों पहले कार्यकर्ता के बीच प्रदेश सरकार की लाडली बहना योजना पर चर्चा चल रही थी। हमने रक्षाबंधन पर कुछ अलग करने के बारे में सोचा। इसी दौरान सबसे बड़ी राखी बनाने का विचार आया। फिर इस पर काम शुरू कर दिया। इंटरनेट पर देखा तो पता चला कि पिछले साल पटना में विश्व की सबसे बड़ी राखी 808 फीट की बनाई गई थी। इसी से प्रेरित होकर एक हजार फीट की राखी बनाना तय किया। इस राखी का नाम गिनीज बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज कराया जाएगा।



उन्होंने बताया कि यह राखी प्लायवुड के ऊपर फोम लगाकर तैयार की जा रही है। फोम को कलर करके उस पर मोती, सितारे व अन्य सामग्री से राखी को डिजाइन कर लुक दिया जाएगा। राखी का धागा साफा को गूंथकर तैयार किया जा रहा है। धागे की लंबाई कई फीट रहेगी। इसका अंतिम छोर इतना पतला होगा कि जिसे कलाई पर बांधा जा सकेगा। राखी का सबसे बड़ा फूल 25 फीट का गोलाकार होगा। इसके बाद 20 फीट, 15 फीट, 10 फीट, पांच फीट समेत अन्य गोलाकार फूलों का आकार होगा। इसको बनवाने में 5 से 7 लाख रुपये का खर्च आ रहा है।

भाजपा नेता भारद्वाज ने दावा किया कि दुनिया की सबसे बड़ी राखी का कीर्तिमान तोड़कर मेहगांव में नया इतिहास बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि 31 अगस्त को रक्षाबंधन का कार्यक्रम उनके निवास पर सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक आयोजित किया जाएगा। यह विशालकाय राखी आयोजन स्थल की स्टेज पर पीछे लगाई जाएगी। राखी के दोनों छोर बहनें उनके हाथों में बांधेंगी। कार्यक्रम के लिए क्षेत्र की बहनों को भी बुलाया गया है। इस दौरान बहनों को तोहफे भी दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड, एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड, इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड, ओएमजी बुक ऑफ रिकॉर्ड के प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे।

# लखनऊ के टॉप इंजीनियरिंग कॉलेज की लिस्ट, क्या है एडमिशन प्रोसेस


इंजीनियरिंग का कोर्स भारत के सबसे अच्छे और फेमस कोर्स में से एक है। हर साल लाखों छात्र इंजीनियर बनने का सपना देखते हैं। भारत में करीब 4400 से अधिक इंजीनियरिंग कॉलेज हैं। इस संस्थानों से इंजीनियरिंग का कोर्स कर आप अपने कॅरियर की शुरूआत कर सकते हैं। इंजीनियरिंग का कोर्स भारत के सबसे अच्छे और फेमस कोर्स में से एक है। हर साल लाखों छात्र इंजीनियर बनने का सपना देखते हैं और इस सपने को पूरा करने के लिए जेईई मेंस और जेईई एडवांस की परीक्षा देते हैं। जिससे कि वह इसके जरिए अपने सपने को पूरा कर सकें। यह कोर्स पूरा करने के बाद देश के कई सरकारी विभागों के साथ ही छात्रों को प्राइवेट लिमिटेड कंपनियों के साथ काम करने का मौका मिलता है। इसके अलाना इंजीनियरिंग का कोर्स करने वाले छात्रों को विदेशी कंपनियों का साथ भी काम करने का अवसर प्राप्त होता है। इस तरह से वह अपने कॅरियर को बेहतरीन उड़ान दे सकते हैं। बता दें कि छोटे-बड़े सब मिलाकर भारत में करीब 4400 से अधिक इंजीनियरिंग कॉलेज हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि भारत के 5वें स्थान के सबसे बड़े प्रदेश यानी की उत्तर प्रदेश में करीब 588 कॉलेज हैं। वहीं उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में सरकारी और प्राइवेट मिलाकर करीब 69 इंजीनियरिंग कॉलेज हैं। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको लखनऊ के टॉप इंजीनियरिंग कॉलेज और उनकी फीस के बारे में बताने जा रहे हैं। इस संस्थानों से इंजीनियरिंग का कोर्स कर आप अपने कॅरियर की शुरूआत कर सकते हैं। इंजीनियरिंग का क्षेत्र बड़ा होने के साथ ही इसमें रोजगार के भी काफी अवसर हैं। वहीं सबसे अच्छी बात है कि इसमें कई तरह के स्पेशलाइजेशन कोर्स भी होते हैं। आप मकैनिकल इंजीनियरिंग, एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग, प्रोडक्शन इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस, सिविल इंजीनियरिंग, रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल आदि जैसे कोर्स कर सकते हैं। इस क्षेत्र में जितनी तेजी से वृद्धि होती है, छात्रों के लिए भी रोजगार के उतने बड़े अवसर प्रदान किए जाते हैं।

## इंजीनियरिंग कोर्स करने के लिए शैक्षणिक योग्यता

कक्षा 12 में साइंस स्ट्रीम होने के साथ किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से पास होना जरूरी है।
साइंस स्ट्रीम में पीसीएम यानी फिजिक्स, केमिस्ट्री और मैथ्स में अच्छे अंक होने चाहिए।
कोर्स में प्रवेश के लिए अंग्रेजी विषय की जानकारी भी जरूरी है।
अंक योग्यता - कक्षा 12 में छात्रों के कम से कम 50 से 60% अंक प्राप्त होना अनिवार्य है।
आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों को अंक योग्यता में 5% की छूट दी जाएगी।
आयु सीमा - कोर्स में प्रवेश के लिए छात्रों की न्यूनतम आयु 17 वर्ष और अधिकतम आयु 24 वर्ष होना चाहिए।

## इंजीनियरिंग कोर्स की टॉप प्रवेश परीक्षा

इंजीनियरिंग कोर्स में एडमिशन के लिए तीन स्तर की परीक्षा का आयोजन किया जाता है। यह परीक्षा संस्थान, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर होती है। राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली परीक्षा जेईई की होती है। इस परीक्षा के लिए लाखों स्टूडेंट्स आवेदन करते हैं। इस एग्जान में स्कोर किए गए अंको के आधार पर काउंसलिंग की प्रक्रिया होती है। यह काउंसलिंग राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर की जाती है। काउंसलिंग के जरिए रैंक के आधार पर उन्हें शैक्षणिक संस्थानों में सीट अलॉट की जाती है। जिससे कि छात्र एडमिशन प्रोसेस पूरा कर सकें। फिर संस्थान आधारित प्रवेश परीक्षा पास करने वाले स्टूडेंट्स को इंटरव्यू प्रोसेस से गुजरना पड़ता है। इसी के आधार पर उनका कॉलेज में एडमिशन होता है।




## टॉप प्रवेश परीक्षा की लिस्ट

जेईई मेन, जेईई एडवांस्ड, ईएएमसीईटी, बीआईटाएसएटी, सीओएमईडीके, यूपीएसईई, गुजरात सेट, एमएचटी-सीईटी, केसीईटी, डब्ल्यूबीजेईई।

## लखनऊ के बेस्ट इंजीनियरिंग कॉलेज

बाबू बनारसी दास प्रौद्योगिकी एवं प्रबंधन संस्थान, लखनऊ - 116,803 रुपये (फर्स्ट इयर की फीस)
आईआईआईटी लखनऊ - भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान लखनऊ - 2,19,000 रुपये (फर्स्ट इयर की फीस)
इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संस्थान (IET) - 89,775 रुपये (फर्स्ट इयर की फीस)
एसआरएम, प्रौद्योगिकी संस्थान, लखनऊ - 117,500 रुपये (फर्स्ट इयर की फीस)
श्री रामस्वरूप मेमोरियल कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट, लखनऊ - 1,37,000 रुपये (फर्स्ट इयर की फीस)
इंटीग्रल यूनिवर्सिटी, लखनऊ - 1,40,000 रुपये (फर्स्ट इयर की फीस)
डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय लखनऊ - 55,000 रुपये (फर्स्ट इयर की फीस)
बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय (BBU), लखनऊ - 1,10,000 रुपये (फर्स्ट इयर की फीस)
बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय, लखनऊ - 125,000 रुपये (फर्स्ट इयर की फीस)
लखनऊ प्रौद्योगिकी संस्थान (LIT), लखनऊ - 40,000 रुपये (फर्स्ट इयर की फीस)

## लखनऊ के सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज

सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ प्लास्टिक इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, लखनऊ (एआईसीटीई स्वीकृत)
डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय (एआईसीटीई, एनबीए स्वीकृत)
फाल्कन इंस्टीट्यूट ऑफ एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस इंजीनियर्स (एआईसीटीई स्वीकृत)
डॉ शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय (यूजीसी स्वीकृत)
बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय (यूजीसी, नैक स्वीकृत)
गौतम बौद्ध तकनीकी विश्वविद्यालय (यूजीसी, एआईसीटीई स्वीकृत)
इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संस्थान (एआईसीटीई स्वीकृत)
लखनऊ विश्वविद्यालय (यूजीसी, नैक स्वीकृत)

लखनऊ के प्राइवेट इंजीनियरिंग कॉलेज
आजाद इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी - 56,000 रुपये (फर्स्ट इयर की फीस)
प्रौद्योगिकी और प्रबंधन संस्थान - 67,400 रुपये (फर्स्ट इयर की फीस)
सरोज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट - 85,000 रुपये (फर्स्ट इयर की फीस)
महर्षि सूचना प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय - 80,000 रुपये (फर्स्ट इयर की फीस)
एसआरएम प्रौद्योगिकी संस्थान - 1,18,000 रुपये (फर्स्ट इयर की फीस)
लखनऊ प्रौद्योगिकी संस्थान - 40,000 रुपये (फर्स्ट इयर की फीस)
श्री रामस्वरूप मेमोरियल यूनिवर्सिटी - 1,37,000 रुपये (फर्स्ट इयर की फीस)
बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय - 1,25,000 रुपये (फर्स्ट इयर की फीस)
इंटीग्रल यूनिवर्सिटी - 1,40,000 रुपये (फर्स्ट इयर की फीस)
भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान - 2,19,000 रुपये (फर्स्ट इयर की फीस)

## जेईई स्कोर के आधार पर प्रवेश देने वाले बेस्ट संस्थान

श्री रामस्वरूप मेमोरियल कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट, लखनऊ
आईआईआईटी लखनऊ - भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान लखनऊ
डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय लखनऊ
अम्बालिका इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी, लखनऊ
बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय (BBU), लखनऊ
डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ
लखनऊ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी - एलआईटी लखनऊ
गोयल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, लखनऊ
इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संस्थान (IET)
एसआर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, लखनऊ
लखनऊ विश्वविद्यालय।

- **अनन्या मिश्रा**

# वित्त कोर्स करने वाले छात्रों को मिलेगी 5 लाख तक की स्कॉलरशिप

आज के समय में उच्च शिक्षा काफी ज्यादा महत्वपूर्ण है। अच्छे कॅरियर की शुरूआत के लिए कैंडिडेट पसंदीद विषयों में ग्रेजुएशन करते हैं। लेकिन कई छात्र आर्थिक तंगी के कारण उच्च शिक्षा प्राप्त करने में असमर्थ होते हैं। ऐसे छात्रों को रमन कांत मुंजाल फाउंडेशन स्कॉलरशिप दे रही है। आज के समय में उच्च शिक्षा काफी ज्यादा महत्वपूर्ण है। अच्छे कॅरियर की शुरूआत के लिए कैंडिडेट पसंदीद विषयों में ग्रेजुएशन करते हैं। लेकिन कई छात्र आर्थिक तंगी के कारण उच्च शिक्षा प्राप्त करने में असमर्थ होते हैं। ऐसे छात्र जो आर्थिक रूप से कमजोर होते हैं, उनकी सहायता के लिए भारत में कई स्कॉलरशिप प्रोग्राम हैं। आज इस आर्टिकल में हम आपको एक ऐसे प्रोग्राम के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसके जरिए आप अपने कोर्स की अवधि तक सालाना 5 लाख रुपये की स्कॉलरशिप राशि प्राप्त कर सकते हैं। बता दें कि अपनी सामाजिक जिम्मेदारी को समझते हुए हीरो फिनकॉर्प कंपनी द्वारा समर्थित रमन कांत मुंजाल फाउंडेशन उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे स्टूडेंट्स वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए स्कॉलरशिप लेकर आई है। इस स्कॉलरशिप का नाम रमन कांत मुंजाला स्कॉलरशिप है। यह स्कॉलरशिप उन छात्रों के लिए है, जो किसी प्रतिष्ठित कॉलेज से कोई वित्त संबंधित कोर्स कर रहे हैं, या फिर करना चाहते हैं। बीबीएस, बीएफआईए, बीकॉम, बीएमएस या कोई इंटीग्रेटेड प्रोग्राम जैसे कोर्स करने वाले छात्र यह स्कॉलरशिप ले सकते हैं। इनमें से किसी भी कोर्स की शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्रों को ग्रेजुएशन की तीन साल की पढ़ाई के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।

**योग्यता : 10वीं-12वीं कक्षा में कम से कम 80% अंक होना जरूरी है।**
छात्र के परिवार की वार्षिक आय 4 लाख रुपए से कम होनी चाहिए। साथ ही यह स्कॉलरशिप सिर्फ भारतीय छात्रों के लिए है।
हीरो फिनकॉर्प, रमन कांत मुंजाल फाउंडेशन और बडी4स्टडी के कर्मचारियों/अनुबंध कर्मचारियों के छात्र इस स्कॉलरशिप के लिए आवेदन नहीं कर सकते हैं।
स्कॉलरशिप प्राप्त करने वाले छात्रों को नीचे दिए गए विभिन्न विषयों में से किसी एक में मान्यता प्राप्त कॉलेज में नामांकन होना जरूरी है। बीबीए, बीएफआईए, बीकॉम, बीएमएस (बैचलर ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज), इंटीग्रेटेड प्रोग्राम इन मैनेजमेंट (आईपीएम), बी.ए. (अर्थशास्त्र), बिजनेस स्टडीज में स्नातक (बीबीएस), बैंकिंग और बीमा में स्नातक (बीबीआई), लेखांकन और वित्त में स्नातक (बीएएफ), बी.एससी. (सांख्यिकी) आदि।

**रमन कांत मुंजाला स्कॉलरशिप का लाभ :** रमन कांत मुंजाला फाउंडेशन द्वारा स्कॉलरशिप के लिए चयनित छात्र को कोर्स की 3 साल की अवधि के लिए वित्तीय सहायता दी जाएगी। इस दौरान छात्रों को 40,000 रुपए से 5 लाख रुपए तक सालाना स्कॉलरशिप दी जाएगी। हालांकि यह स्कॉलरशिप छात्रों के कॉलेज की फीस पर भी निर्भर करता है।

**जरूरी डॉक्यूमेंट्स**
कक्षा 10 और 12 की मार्कशीट
पासपोर्ट के आकार की तस्वीर
आवेदक का आधार कार्ड
माता-पिता का पैन कार्ड और आधार कार्ड
आय प्रमाण [आईटीआर (सभी 7 पृष्ठ सभी खातों को दशार्ते हैं)/आय प्रमाण पत्र/वेतन भोगी माता-पिता की वेतन पर्ची]
आवेदक के माता-पिता के बैंक खाते का विवरण
चालू वर्ष का प्रवेश प्रमाण
कॉलेज द्वारा जारी कॉलेज शुल्क रसीद/मांग रसीद
शपथ पत्र (यह बताते हुए कि आवेदकों द्वारा प्रदान किए गए सभी दस्तावेज उनकी जानकारी के अनुसार सही हैं)

**आवेदन प्रोसेस :** स्कॉलरशिप के लिए आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों को बडी4स्टडी की ऑफिशियल वेबसाइट www.buddy4study.com पर जाएं।
फिर 'रमन कांत मुंजाला स्कॉलरशिप 2023' के लिंक पर क्लिक करें।
अगर छात्र पहले से रजिस्टर है तो लॉगिन प्रोसेस पूरा करें और नया छात्र है तो ईमेल और मोबाइल नंबर के साथ खुद को रजिस्टर करें।
इसके बाद आवेदन फॉर्म के पेज पर जाएं।

## सूडोकु नवताल- 6807

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| | 6 | | 8 | 9 | | | 7 | 5 |
| 3 | | | 1 | | | | | 2 |
| | 3 | | 4 | | | | 6 | |
| 6 | | 2 | | 1 | | 4 | | 3 |
| | 8 | | | | 5 | | 2 | |
| 2 | | | | | 3 | | | 1 |
| 5 | 1 | | | 7 | 6 | | 4 | |
| | 9 | | | 4 | | | 3 | 6 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6806 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |

## दैनिक पंचांग

**30 अगस्त 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**





| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | सिंह में | कन्या | 07.03 बजे से |
| चंद्र | मकर में | तुला | 09.13 बजे से |
| मंगल | कन्या में | वृश्चिक | 11.28 ब.से |
| बुध | सिंह में | धनु | 13.44 बजे से |
| गुरु | मेष में | मकर | 15.49 बजे से |
| शुक्र | कर्क में | कुंभ | 17.36 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मीन | 19.09 बजे से |
| राहु | मेष में | मेष | 20.39 बजे से |
| केतु | तुला में | वृष | 22.19 बजे से |
| राहुकाल | | मिथुन | 00.17 बजे से |
| 12.00 से 1.30 | | कर्क | 02.31 बजे से |
| बजे तक | | सिंह | 04.47 बजे से |

**बुधवार** 2023 वर्ष का 242 वां दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945
**मास मास** श्रावण **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** चतुर्दशी 10.59 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** धनिष्ठा 20.47 बजे को समाप्त।
**योग** अतिगण्ड 21.32 बजे को समाप्त।
**करण** वणिज 10.59 बजे तदनन्तर विष्टि 21.02 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 13.6 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 09° 10'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1871721
**जूलियन दिन** 2460186.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2549
**हिजरी सन्** 1445
**महीना** सफर **तारीख** 13
**विशेष** रक्षा बंधन, पूर्णिमा उपवास, हयग्रीव जयंती।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | उद्वेग | 05.41 से 07.12 बजे तक |
| अमृत | 07.22 से 08.51 बजे तक | शुभ | 07.12 से 08.44 बजे तक |
| काल | 08.15 से 10.19 बजे तक | अमृत | 08.44 से 10.16 बजे तक |
| शुभ | 10.19 से 11.47 बजे तक | चर | 10.16 से 11.47 बजे तक |
| रोग | 11.47 से 01.16 बजे तक | रोग | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| उद्वेग | 01.16 से 02.44 बजे तक | काल | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| चर | 02.44 से 04.12 बजे तक | लाभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| लाभ | 04.12 से 05.41 बजे तक | उद्वेग | 04.23 से 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7869



**बाएँ से दाएँ**
1.दर्द से निकली कराह-2
2.ओट,चिलमन-3
4.जरा,थोड़ा-2
6.कपड़े की दीवार-3
7.निर्माण-3
8.झगड़ा,अनबन-3
9.गहन-3
10.लाज,लज्जा-3
11.रनिवास-3
13.500 कागजों की गड्डी-2
14.विश्राम,राहत-3
15.थोड़ा-2
16.एक कीमती लकड़ी-3
17.कैनाल,उपनदी-3
18.बूंद-3
19.मृत्युंजय-3
20.मेघ,बदरा-3
21.सम्राट,राजा-3
23.संपत्ति-2
24.विष,गरल-3
25.औषधि-2

**ऊपर से नीचे**
1.अग्नि,अनल-2
2.आश्रय,शरण-2
3.लीन,मगन-2
4.कूड़ा-कर्कट-3
5.इंकार-2
6.लेखनी,पेन-3
7.करुणा,दया-3
8.कर्म,भाग्य-3
9.उष्ण-3
10.भद्र,कुलीन-3
11.अवैध,नाजायज-3
12.युद्ध,रण-3
14.आश्रय-3
15.जलजला-3
16.ठंडा-3
17.नमस्कार,प्रणाम-3
18.कद्र,मान-3
19.जो कभी वृद्ध नो हो-3
20.चील,ईगल-2
21.पथ,मार्ग-2
22.इस पर रोटी सेंकते हैं-2

**शब्द पहेली -7868 का हल**



## आज का राशिफल

**मेष राशि** : जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी।

**वृष राशि** : श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा।

**मिथुन राशि** : समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

**कर्क राशि** : परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

**सिंह राशि** :जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी।

**कन्या राशि** : व्यापार में वृद्धि होगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहे। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे।

**तुला राशि** : पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा।

**वृश्चिक राशि** : महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**धनु राशि** : स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**मकर राशि** : अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

**कुंभ राशि** : कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा।

**मीन राशि** : शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। काम पर पैनी नजर रखिए। सब्र का फल मीठा होता है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

NEWS इन ब्रीफ

### राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति व पीएम ने देशवासियों को ओणम की बधाई दी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को ओणम के शुभ अवसर पर देशवासियों को बधाई दी। राष्ट्रपति ने एक्स (पूर्व ट्विटर) संदेश में कहा, ओणम पर सभी नागरिकों और केरल के भाइयों और बहनों को शुभकामनाएं! इस शुभ अवसर पर हम अनगिनत उपहारों के लिए प्रकृति मां के प्रति अपना आभार व्यक्त करते हैं। मेरी कामना है कि फसल का यह त्योहार सभी के बीच समृद्धि और सद्भाव की भावना लेकर आए। उपराष्ट्रपति ने एक्स संदेश में कहा, ओणम के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं! समुदायों को परंपराओं की डोर में बांधने वाला ओणम करुणा और बलिदान के शाश्वत मूल्यों की एक मार्मिक याद दिलाता है। यह हमारे कृषक समुदाय के अथक प्रयासों का सम्मान करने और प्रकृति की उदारता के लिए उसके प्रति आभार व्यक्त करने का भी अवसर है। ओणम की भावना सभी के जीवन में खुशियां और समृद्धि लाए। पीएम ने एक्स संदेश में कहा, सभी को ओणम की बधाई! आपके जीवन में अच्छे स्वास्थ्य, अद्वितीय आनंद और अपार समृद्धि की वर्षा हो।

### कांग्रेस नेता ए के एंटनी के बेटे बने भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता



**नई दिल्ली।** देश के पूर्व रक्षा मंत्री एवं कांग्रेस नेता ए. के. एंटनी के बेटे अनिल एंटनी को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का राष्ट्रीय प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी। अनिल एंटनी को पिछले महीने ही राष्ट्रीय सचिव बनाया गया था। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस के शीर्ष नेताओं में शुमार ए.के. एंटनी के पुत्र अनिल एंटनी एक समय में कांग्रेस के नेता थे और केरल कांग्रेस के चर्चित चेहरों में शामिल थे।

### खड़गे ने देशवासियों को दी राष्ट्रीय खेल दिवस की बधाई

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने देशवासियों को राष्ट्रीय खेल दिवस की बधाई दी है। खड़गे ने मंगलवार को ट्वीट कर कहा कि वह सभी प्रतिभाशाली खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों को हार्दिक बधाई देते हैं। खेल, चरित्र को उभारता है और हमारी जीवनशैली व व्यक्तित्व को बेहतर बनाता है।

रसोई गैस सस्ता करने के मोदी सरकार के फैसले पर जेपी नड्डा ने कहा

# मोदी ने रक्षाबंधन पर दिया उपहार



**एजेंसी। नई दिल्ली।**
भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने एलपीजी सिलेंडर को सस्ता करने के मोदी सरकार के फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए इसे रक्षाबंधन के पावन अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से देश की नारी शक्ति को दिया गया उपहार करार दिया है। नड्डा ने दावा किया है कि प्रधानमंत्री मोदी के इस निर्णय से देशभर में 33 करोड़ उपभोक्ता लाभान्वित होंगे। जेपी नड्डा ने एक्स (पहले ट्विटर) कर रसोई गैस की कीमत कम करने को लेकर केंद्रीय कैबिनेट के फैसले पर प्रधानमंत्री मोदी का आभार जताते हुए कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आज कैबिनेट द्वारा रसोई गैस की कीमत में भारी कटौती का निर्णय लेने के लिए हृदय से आभार। अब उज्जवला लाभार्थियों को रसोई गैस 700 रुपये में और अन्य सभी उपभोक्ताओं को रसोई गैस अब 900 रुपये में मिलेगी। नड्डा ने इसे रक्षाबंधन पर पीएम मोदी का उपहार बताते हुए आगे कहा कि, रक्षाबंधन के पावन अवसर पर हमारी नारी शक्ति को यह प्रधानमंत्री मोदी का उपहार है और पीएम मोदी के इस निर्णय से देशभर में 33 करोड़ उपभोक्ता लाभान्वित होंगे। भाजपा ने सरकार के इस फैसले को ओणम और रक्षाबंधन पर बहनों को मोदी सरकार का बड़ा उपहार करार दिया है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के अलावा पार्टी के अन्य नेता, मंत्री, सांसद, विधायक और अन्य जनप्रतिनिधि भी अपने-अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स पर मोदी सरकार द्वारा लिए गए इस फैसले का प्रचार-प्रसार करने में जुट गए हैं।

# भारतीय कुश्ती संघ के चुनाव पर रोक बरकरार

## सुप्रीम कोर्ट ने दखल देने से किया इनकार

**एजेंसी। नई दिल्ली**
भारतीय कुश्ती संघ के चुनाव पर लगी रोक को हटाने की याचिका को खारिज करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। 11 अगस्त को पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने भारतीय कुश्ती संघ के चुनाव पर 28 अगस्त तक रोक लगा दी थी। इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई थी लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने याचिकाकर्ता, आंध्र प्रदेश एमेच्योर कुश्ती संघ से अपनी शिकायतों के साथ हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाने को कहा है। 11 अगस्त को, पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने हरियाणा कुश्ती संघ (एचडब्ल्यूए) द्वारा दायर एक याचिका पर अगले आदेश तक चुनाव रोक दिया गया था, जिसमें हरियाणा एमेच्योर कुश्ती संघ को डब्ल्यूएफआई चुनावों में वोट डालने की अनुमति देने के कदम को चुनौती दी गई थी। न्यायमूर्ति विनोद एस भारद्वाज की पीठ ने यह देखने के बाद मामले को 28 अगस्त के लिए स्थगित कर दिया कि पार्टियों को भारतीय कुश्ती महासंघ की कार्यकारी समिति के चुनाव के लिए वोट डालने का महत्वपूर्ण अधिकार है, जो 12.08.2023 को होना था।......उसे



सुनवाई की अगली तारीख तक रोक लगाने का आदेश दिया जाता है। इससे पहले जुलाई में, शीर्ष अदालत ने एक याचिका पर डब्ल्यूएफआई चुनावों पर गुवाहाटी उच्च न्यायालय की रोक हटा दी थी।


# न्यूजीलैंड के कृषि मंत्री से मिले भारत के कृषि मंत्री

**एजेंसी। नई दिल्ली**
केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने दिल्ली में मंगलवार को न्यूजीलैंड के व्यापार एवं निर्यात विकास, कृषि, जैव सुरक्षा, भूमि सूचना व ग्रामीण समुदाय मंत्री डेमियन ओ'कॉनर से मुलाकात की है। यह जानकारी कृषि मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति जारी कर दी। मंत्रालय के अनुसार दोनों नेताओं ने दोनों देशों के बीच कृषि सहयोग एवं साझेदारी को और मजबूत करने के लिए मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता दोहराई है। न्यूजीलैंड के कृषि मंत्री और उनके प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री तोमर ने भारत व न्यूजीलैंड के बीच संबंधों के महत्व और इसकी निरंतर प्रगति के बारे में उल्लेख किया। उन्होंने 14 वर्षों के अंतराल के बाद संयुक्त व्यापार समिति को पुनः आरंभ किए जाने के संबंध में प्रकाश डाला और इसकी संरचना के तहत कृषि उत्पादों के लिए बाजार पहुंच के मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने, भारतीय अनार के दानों को बाजार तक पहुंच प्रदान करने और भारत में एमएसएएमबी वीएचटी सुविधा से आम के आयात पर रोक हटाने के लिए न्यूजीलैंड के मंत्री को धन्यवाद दिया। तोमर ने न्यूजीलैंड के मंत्री को वर्ष 2023 अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स (श्री अन्न) वर्ष के रूप में मनाने की भारत की पहल के बारे में जानकारी देते हुए श्री अन्न के स्वास्थ्य और अन्य लाभों को बढ़ावा देने में उनका सहयोग मांगा, जिस पर डेमियन ने सकारात्मक सहयोग की बात कही।




# चन्द्रयान मिशन : कैबिनेट ने की वैज्ञानिकों की सराहना

**एजेंसी। नई दिल्ली**
केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने इसरो के चन्द्रयान मिशन की सफलता के लिए देश के वैज्ञानिकों की सराहना की है और कहा है कि यह हमारी अंतरिक्ष एजेंसी की ही सफलता नहीं है बल्कि भारत की प्रगति और ग्लोबल स्टेज पर हमारी ताकत का भी प्रतीक है। कैबिनेट इस बात का स्वागत करती है कि अब 23 अगस्त को ह्यनेशनल स्पेस डेह्न के तौर पर मनाया जाएगा। केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए कहा कि कैबिनेट इसरो के प्रयासों के लिए उसे बहुत-बहुत बधाई देती है। हमारे वैज्ञानिकों के निरंतर प्रयासों की वजह से भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के समीप उतरने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है। चंद्रमा पर उतरना, वो भी पूर्व निर्धारित पैरामीटर्स पर पूरी तरह खरा उतरते हुए, अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। तमाम चुनौतियों को पार करते हुए चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के समीप उतरना इस भावना का प्रतीक है कि कैसे हमारे वैज्ञानिक ज्ञान की खोज के लिए हर सीमा के पार जाने के लिए तैयार रहते हैं। प्रज्ञान रोवर के द्वारा हमें जो जानकारियों का खजाना मिल रहा है, उससे हमारे ज्ञान में वृद्धि होगी, नई खोज का मार्ग बनेगा और चंद्रमा के रहस्यों को समझने और उसके भी पार जाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि कैबिनेट का यह मानना है कि तेजी से बदलते तकनीक और इनोवेशन के दौर में हमारे वैज्ञानिक ज्ञान, समर्पण और विशेषज्ञता की मिसाल हैं। भारत के अंतरिक्ष प्रोग्राम में महिला वैज्ञानिकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। कैबिनेट को गर्व है कि चंद्रयान-3 की सफलता में भी हमारी महिला वैज्ञानिकों का बहुत बड़ा योगदान रहा है। यह सफलता आने वाले वर्षों में भी हमारी महिला वैज्ञानिकों को प्रेरित करती रहेगी। कैबिनेट प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इंडियन स्पेस प्रोग्राम के प्रति उनके विजन और लीडरशिप के लिए बधाई देती है। उनके नेतृत्व में इंडियन स्पेस प्रोग्राम पूरी मानवता के कल्याण का संकल्प लेकर आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के अटूट भरोसे ने हर बार हमारे वैज्ञानिकों को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की प्रेरणा दी है। कैबिनेट चंद्रयान मिशन से जुड़े दो महत्वपूर्ण बिन्दू का नाम तिरंगा (चंद्रयान-2 के पदचिह्न जहां पड़े) और ह्यशिवशक्तिह्न (चंद्रयान-3 जहां उतरा) रखने का भी स्वागत करती है। ये नाम हमारे गौरवशाली इतिहास और आधुनिकता की भावना दोनों के अनुरूप हैं। ये सिर्फ दो नाम नहीं हैं, बल्कि ये हमारी हजारों वर्ष पुरानी विरासत औ? आज की वैज्ञानिक आकांक्षाओं वाले भारत को एक सूत्र में पिरोती हैं। कैबिनेट चंद्रयान मिशन से जुड़े हर व्यक्ति के योगदान की सराहना करती है। चंद्रयान-3 की सफलता इस बात का प्रमाण है कि भारत अपने सामर्थ्य, अपने जज्बे और समर्पण के बल पर कुछ भी हासिल कर सकता है। कैबिनेट को विश्वास है कि चंद्रयान की सफलता के बाद जोश और गर्व से भरे हुए हमारे देश के लोग, मिलकर 2047 तक भारत को विकसित बनाने के संकल्प को जरूर साकार करेंगे।



## दिल्ली में आईजीएल पाइपलाइन हादसे में तीन कर्मचारी झुलसे



**एजेंसी। नई दिल्ली**
राष्ट्रीय राजधानी में आईजीएल पाइपलाइन पर काम करने के दौरान दुर्घटनावश पाइपलाइन से टकराने के बाद तीन कर्मचारी झुलस गए। सोमवार दोपहर 2.44 बजे पुलिस को सूचना मिली कि उत्तरी दिल्ली के बुराड़ी में आग लगने की घटना हुई है। अधिकारी ने कहा कि पूछताछ करने पर पता चला कि सेफ सिटी परियोजना के लिए काम करने वाला ठेकेदार ट्रेंचलेस खुदाई करते समय गलती से आईजीएल पाइपलाइन से टकरा गया, जिससे कुछ क्षति हुई और तीन वेल्डिंग कर्मचारी झुलस गए। उनका अस्पताल में इलाज किया गया और मामूली चोटों के कारण उन्हें छुट्टी दे दी गई। उन्होंने कहा कि बाद में गैस आपूर्ति बहाल करने के लिए आईजीएल इंजीनियरों को मौके पर बुलाया गया। लेकिन तीन लोगों ने वर्करों को मरम्मत करने से रोक दिया और काम में बाधा पहुंचायी। मामले को सुलझाने के लिए पुलिस पार्टी भेजी गई।

## यूक्रेन सहित चार देशों के राजदूतों ने राष्ट्रपति को अपने परिचय पत्र प्रस्तुत किए



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में एस्टोनिया, यूक्रेन, बुर्किना फासो और नॉर्वे के राजदूतों का परिचय पत्र स्वीकार किया। राष्ट्रपति भवन की विज्ञप्ति के अनुसार आज जिन लोगों ने अपना परिचय पत्र प्रस्तुत किया उनमें एस्टोनिया की राजदूत मार्जे लूप, यूक्रेन के राजदूत डॉ. ऑलेक्जेंडर पोलिशचुक, बुर्किना फासो के राजदूत डॉ. डिजायर बोनिफेस सम और नॉर्वे साम्राज्य की राजदूत मे-एलिन स्टेनर शामिल हैं।




## काजोल ने मुंबई में अपने ऑफिस के लिए खरीदी नई जगह



**फिल्मी** सितारे अपने काम के साथ-साथ अपनी लाइफस्टाइल से भी हमेशा ध्यान खींचते रहते हैं। उनके ब्रांडेड कपड़े, महंगी कारें, आलीशान घर हमेशा चर्चा में रहते हैं। इन्हीं अभिनेत्रियों में से एक हैं काजोल। अजय देवगन और काजोल ऊपरी मंजिल पर प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं। तो अब काजोल ने मुंबई स्थित अपने ऑफिस के लिए जगह बना ली है। काजोल करोड़ों की मालकिन हैं। उनके कई जगहों पर घर हैं। कुछ दिन पहले उन्होंने बारह करोड़ के दो घर खरीदे थे। उनके पति अजय देवगन ने भी हाल ही में करोड़ों की प्रॉपर्टी खरीदी है। इसके बाद अब काजोल ने मुंबई में अपने नए ऑफिस के लिए नई जगह खरीदी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक काजोल ने ओशिवारा के सिग्नेचर बिल्डिंग में अपने नए ऑफिस के लिए जगह बुक की है। इसकी कीमत 7.60 करोड़ है। यह बिल्डिंग जहां काजोल का ऑफिस है, वह लोटस ग्रैंड्योर के ठीक बगल में है।

## आमिर खान 2024 में क्रिसमस रिलीज के साथ एक्टिंग में करेंगे वापसी



**बॉलीवुड** सुपरस्टार आमिर खान अन-टाइटल फिल्म के साथ एक्टिंग में वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उनकी फिल्म अगले साल क्रिसमस के मौके पर रिलीज होगी। यह अक्षय कुमार की 'वेलकम 3' के साथ टकराएगी। ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने एक्स पर फिल्म की घोषणा की। उन्होंने साझा किया कि फिल्म का प्री-प्रोडक्शन चल रहा है और यह 20 जनवरी, 2024 को फ्लोर पर जाएगी। आदर्श ने एक्स पर लिखा, 'एक्सक्लूसिव' आमिर खान ने अगली फिल्म के लिए क्रिसमस 2024 को लॉक कर लिया है... आमिर खान प्रोडक्शंस के 'प्रोडक्शन नंबर 16' (अभी तक टाइटल तय नहीं), 20 दिसंबर 2024 क्रिसमस 2024 को रिलीज होगी। फिल्म का प्री-प्रोडक्शन जारी है और फिल्म 20 जनवरी 2024 को फ्लोर पर जाएगी।

## फिल्म 'पंचकृति : फाइव एलीमेंट्स' की स्क्रीनिंग के दौरान हंगामा

**मुंबई** के प्रतिष्ठित मराठा मंदिर सिनेमा में बहुप्रतीक्षित फिल्म "पंचकृतिः फाइव एलीमेंट्स" की स्क्रीनिंग के दौरान हंगामा हो गया। इससे फिल्म देखने वाले और इंडस्ट्री के लोग दोनों हैरान रह गए। इस घटना ने बॉलीवुड माफिया और फिल्म के निमार्ताओं के बीच लंबे समय से चल रही अटकलों को सुर्खियों में ला दिया है।एक मैगजीन की खबर ने फिल्म इंडस्ट्री में तूफान ला दिया है। इस रिपोर्ट के अनुसार न केवल स्क्रीनिंग में गड़बड़ी हुई बल्कि यह दावा भी किया गया कि आर्टिकल का लेखक कोई और नहीं बल्कि तथाकथित "बॉलीवुड माफिया" का एक आदमी है। मराठा मंदिर सिनेमा में बॉलीवुड की कुछ क्लासिक फिल्मों को प्रदर्शित किया गया है, जिससे यह सिनेप्रेमियों के लिए एक बेहतरीन अड्डा बन गया है। "पंचकृतिः फाइव एलीमेंट्स" की स्क्रीनिंग के दौरान हुई गड़बड़ी ने पूरी इंडस्ट्री को हैरत में डाल दिया है, कई लोग इस घटना के पीछे के मकसद पर सवाल उठा रहे हैं। हालांकि लेखक की पहचान अज्ञात है, लेकिन लेख का समय और विषय इस बारे में सवाल खड़े होते हैं कि क्या यह खोजी पत्रकारिता का एक वास्तविक नमूना है या बॉलीवुड इंडस्ट्री के अंदर एक बड़े शक्ति प्रदर्शन का हिस्सा है।



उपलब्धि | उपराष्ट्रपति करेंगे मझगांव डॉक के स्टील्थ फ्रिगेट शिप 'महेंद्रगिरि' को लॉन्च

# अत्याधुनिक हथियार, सेंसर से लैस है जहाज



**एजेंसी। मुंबई**
उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ 1 सितंबर को मुंबई में मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) द्वारा बनाए जा रहे प्रोजेक्ट-17 अल्फा के चौथे स्टील्थ फ्रिगेट 'महेंद्रगिरि' को लॉन्च करेंगे। एक अधिकारी ने यहां मंगलवार को यह जानकारी दी। एमडीएल द्वारा बनाए जा रहे नीलगिरि श्रेणी के चौथे और अंतिम जहाज, 'महेंद्रगिरि' को भारतीय नौसेना के ब्यूरो ऑफ नेवल डिजाइन द्वारा डिजाइन किया गया है और इसे उन्नत अत्याधुनिक हथियारों, सेंसर, संचार सुविधाओं तथा अन्य प्रणालियों से सुसज्जित किया जाएगा।
पी-17 अल्फा क्लास का पहला जहाज 'नीलगिरि' में सितंबर 2019 में लॉन्च किया गया था और 2024 के मध्य के आसपास इसका समुद्री परीक्षण शुरू होने की उम्मीद है। इसी श्रेणी में दूसरा जहाज 'उदयगिरि' मई 2022 में लॉन्च किया गया था जिसका समुद्री परीक्षण 2024 के उत्तरार्द्ध में होना तय है। तीसरा जहाज 'तारागिरी' सितंबर 2020 में लॉन्च किया गया था और डिलीवरी अगस्त 2025 तक होने की उम्मीद है। 'महेंद्रगिरि' की कील जून 2022 में रखी गई थी, और पिछले संस्करणों की तरह, इसे एकीकृत निर्माण पद्धति के साथ बनाया जा रहा है। पी-17ए श्रृंखला की कुल लागत 27,500 करोड़ रुपये है और एमडीएल मुंबई इस श्रेणी के सात जहाजों में से चार का निर्माण कर रहा है। 'महेंद्रगिरि' लगभग 149 मीटर लंबा और 16 मीटर चौड़ा होगा। इसका विस्थापन लगभग 6,600 टन का और अधिकतम गति 30 समुद्री मील प्रति घंटे की होगी। जहाज का हल बनाने में उपयोग किया जाने वाला स्टील स्वदेशी रूप से विकसित डीएमआर 249अ है, जो सेल द्वारा निर्मित एक निम्न-कार्बन माइक्रो-मिश्र धातु ग्रेड स्टील है। पी-17अल्फा जहाज भारतीय नौसेना द्वारा संचालित किसी भी अन्य युद्धपोत की तुलना में कहीं अधिक उन्नत हैं और शक्तिशाली हथियारों और सेंसर पैकेजों से लैस है जो तीन आयामों - हवा में, समुद्र की सतह पर और समुद्र में पानी के भीतर खतरों को बेअसर करने में सक्षम हैं। देश में डिजाइन किए गए 'महेंद्रगिरि' में अत्याधुनिक हथियार, सेंसर, उन्नत कार्रवाई सूचना प्रणाली, एकीकृत मंच प्रबंधन प्रणाली, विश्व स्तरीय मॉड्यूलर रहने की जगह, परिष्कृत बिजली वितरण प्रणाली और अन्य आधुनिक विशेषताएं होंगी। यह एक सुपरसोनिक सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल प्रणाली से सुसज्जित होगा, और इसकी वायु रक्षा क्षमता दुश्मन के विमान खतरों और एंटी-शिप क्रूज मिसाइलों का मुकाबला करने के लिए डिजाइन की गई है जो ऊर्ध्वाधर प्रक्षेपण और लंबी दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली के चारों ओर घूमेगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुमू ने पिछले सप्ताह कोलकाता में पी-17ए का 'आईएनएस विंध्यगिरि' लॉन्च किया था।

NEWS इन ब्रीफ

## मारवाड़ी सहायक समिति का साधारण सभा व नये सत्र का चुनाव एक अक्टूबर को

**रांची।** मारवाड़ी सहायक समिति कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार नारसरिया की अध्यक्षता में मारवाड़ी भवन के समिति कार्यालय में संपन्न हुई। इस बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया तथा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि मारवाड़ी सहायक समिति रांची की साधारण सभा एवं समिति की निर्वाचन सत्र-2023-25 का चुनाव 1 अक्टूबर को मारवाड़ी भवन में होगा। इस चुनाव हेतु कमल कुमार केडिया को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बनाया गया है। श्री केडिया ने निर्वाचन सहयोगी के रूप में राजेंद्र केडिया पवन शर्मा एवं विनोद जैन को नियुक्त किया है। समिति के सचिव कौशल राजगढ़िया ने बताया कि मारवाड़ी सहायक समिति के चुनाव में सत्र 2023 - 25 के लिए संस्था के पदाधिकारीयों मे अध्यक्ष-एक, उपाध्यक्ष दो, उप सचिव दो, कोषाध्यक्ष एक, एवं बीस कार्यकारिणी सदस्यों का निर्वाचन होगा। बैठक में समिति के सभी पदाधिकारीगण एवं कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित थे। उक्त जानकारी मारवाड़ी सहायक समिति के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने दी।

## राधा-कृष्ण बाल रूप प्रतियोगिता छह को

**रांची।** श्री शिव मंदिर महावीर मंदिर न्यास समिति डोरंडा के तत्वावधान में होने वाले श्री कृष्ण जन्माष्टमी छह सितंबर को मनाई जाएगी। न्यास समिति की ओर से मंगलवार को बताया गया कि इसी दिन भगवान का जन्मोत्सव होगा और श्री राधा कृष्ण बाल रूप प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। यह तीन ग्रुपों में होगा। विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। प्रतियोगिता शाम सात बजे से शुरू होगी। प्रतियोगिता के लिए फॉर्म ,मंदिर परिसर और श्री राम-भरत मिलाप समिति के कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। सात सितंबर को जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में मेले का भी आयोजन किया गया है।

### श्री श्याम मंदिर में हर मंगलवार को 65 वां कार्यक्रम धूमधाम से संपन्न

# बजरंगबली की उद्घोष से गूंजा मंदिर परिसर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

दीन दयाल विरुद्ध संभारी हरहु नाथ मम संकट भारी जो यह पढ़े हनुमान चालीसा हुए सिद्धि साखी गौरी सा तुलसीदास सदा हरि चेरा की जै नाथ हृदय महु डेरा के सुरताल से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। अवसर था 65 वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा के संगीतमय पाठ का। श्री श्याम मित्र मंडल के द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में प्रत्येक मंगलवार को होने वाला 65 वां कार्यक्रम आज धूमधाम से संपन्न हुआ। मंडल के उपमंत्री अनिल नारनौली ने हनुमान जी महाराज की दिव्या अखंड पावन ज्योति प्रज्ज्वलित करके केसरिया पेड़ा गुड़ चना मौसमी फल का प्रसाद अर्पित कर परिवार के लिए खुशहाली की प्रार्थना की। मंडल के उपमंत्री अनिल ननोर्ली ने पूजन अनुष्ठान विधिवत करवाया। श्रवण ढानढनिया ने चना प्रसाद की सेवा निवेदित की। रामचरितमानस ग्रंथ व पाठ वाचको का चंदन वंदन करके श्री गणेश वंदना करके हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक डफली झांझ करताल के सुल्तान के साथ श्री सुंदरकांड का पाठ प्रारंभ किया। मंदिर परिसर में उपस्थित सैंकड़ो भक्तों ने भक्ति भाव से सामूहिक रूप से पाठ किया। पाठ के मध्य में भजनों का गायन भी किया गया। बजरंगबली की जय जयकारों से हरमू रोड गूंज रहा था। पाठ के समापन के बाद श्री हनुमान चालीसा का संगीतमय संकीर्तन करके महा आरती की गई। सभी भक्तजनों को केसरिया पेड़ा चना गुड़ केला फल व नारियल का प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी महामंत्र विश्वनाथ नारसरिया श्रवण ढानढनिया श्याम सुंदर जोशी आदि उपस्थित थे।



### शनिवार को श्री श्याम भंडारा

2 सितंबर शनिवार को हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में 77 व श्री श्याम भंडारा सायं 5:00 बजे से होगा । अमरेश गुप्ता व प्रमोद गुप्ता भंडारे की सेवा निवेदित करेंगे। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने भक्तों का आमंत्रित किया है । उपरोक्त जानकारी मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।

## पुलिस ने चलाया सघन चेकिंग अभियान

**रांची।** रांची में अपराधिक घटनाओं पर लगाम लगाने के उद्देश्य से एसएसपी किशोर कौशल लगातार कई निर्देश दे रहे हैं । इसी क्रम में रांची के ट्रैफिक एसपी हारिस बिन जमा ने शहर के कांके रोड,अल्बर्ट एक्का चौक,कांटा टोली, बरियातू सहित कई इलाकों में क्राइम कंट्रोल और ट्रैफिक नियम को लेकर संघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों को फटकार भी लगाई गई। रात में विभिन्न चौक में तैनात पुलिस अधिकारियों को कड़ाई से चेकिंग अभियान चलाने का निर्देश भी दिया गया है, ताकि अपराधियो पर लगाम लगाया जा सके। चेकिंग के दौरान कांटाटोली, बहू बाजार ,चुटिया सहित कई इलाकों में सदर डीएसपी प्रभात कुमार बरवार भी एक्टिव नजर आए और एंटी क्राइम चेकिंग अभियान खुद सड़क पर उतर कर कड़ाई से किया इस दौरान कई लोगो की तलाशी ली गई और जांच किया गया।

# झारखंड में अपराधी बेखौफ और जनता डरी हुई है : बाबूलाल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को डुमरी उप चुनाव में ऊपर घाट मंडल में बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। मरांडी ने कहा कि जनता भगवान है और कार्यकर्ता पार्टी की पूंजी हैं। उन्होंने सम्मेलन में बूथ जीतो-चुनाव जीतो मंत्र को सिद्ध करने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि झामुमो बता नहीं पा रहा कि आखिर उनके प्रत्याशी को वोट क्यों दिया जाए। आखिर हेमंत सोरेन की सरकार ने पिछले साढ़े तीन वर्षों में राज्य को जो लूट, भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण, बलात्कार, हत्या, चोरी, डकैती, अपहरण, बेरोजगारी का उपहार दिया है, उसके लिए लिए वोट दिया जाए। राज्य सरकार ने गरीबों के अनाज लूटवाए। मरांडी ने कहा कि आज राज्य की स्थिति भयावह है। अपराधी बेलगाम, बेखौफ हैं और जनता डरी-सहमी हुई है। अपराधी व्यापारियों को व्हाट्सएप पर मैसेज भेजकर रंगदारी मांग रहे। हेमंत है तो अपराधियों को हिम्मत है। उन्होंने कहा कि झारखंड में कानून का राज स्थापित करने के लिए हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकना आवश्यक है। डुमरी उप चुनाव में एनडीए प्रत्याशी की जीत के बाद झारखंड नई करवट लेगा।

उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में बिना पैसे का कोई काम नहीं होता। मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिए भी पैसे लिए जा रहे। पदाधिकारी कर्मचारी घूस मांगने की हिम्मत कर रहे क्योंकि, राज्य का मुखिया ही भ्रष्टाचार में शामिल है। महंगे वकील रखकर अपराधियों को बचाने के लिए कोर्ट जा रहे।

उन्होंने कहा कि जब कोई गलती नहीं की तो फिर ईडी को जवाब देने क्यों नहीं जा रहे। आखिर क्यों डर रहे।उन्होंने कहा कि यह सरकार अपने खिलाफ आवाज उठाने वालों का मुंह केस मुकदमों से बंद करना चाहती है। उनके खिलाफ छह जिलों में मुकदमे दर्ज हुए हैं लेकिन वे डरने वाले नहीं। सरकार चाहे तो सभी जिलों में उनके ऊपर मुकदमा करे। उन्हें जांच कराकर कार्रवाई करने से कौन रोक रहा है। वे तो जांच में पूरी मदद करने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि ऑफिसर राज्य सरकार के टूल की तरह उपयोग हो रहे।

उन्होंने ऐसे पदाधिकारियों को जो विधि विरुद्ध काम कर रहे उन्हें सचेत किया। बहुत जल्द उन्हें हिसाब चुकता करना पड़ेगा। साथ ही कहा कि प्रधानमंत्री ने देश से भ्रष्टाचार, परिवारवाद, तुष्टिकरण को समाप्त करने का आह्वान किया है। जनता उनके साथ खड़ी है।

## अर्जुन मुंडा ने एलपीजी गैस की कीमत कम करने पर पीएम का जताया अभार

**रांची/दिल्ली।** जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने प्रधानमंत्री का रक्षाबंधन उपहार के लिए उनका आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि आज कैबिनेट की बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने गरीबों और मध्यम वर्ग के लिए बड़ी राहत का ऐलान किया है। सभी एलपीजी उपभोक्ताओं (कुल 33 करोड़) के लिए एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में 200 रुपये की कमी की गई। यानी अब एक सिलेंडर 1100 की जगह 900 रुपये का मिलेगा। पीएम उज्वला योजना (पीएमयूवाई) के लाभार्थियों को मार्च 2023 में प्रदान की गई 200 रुपये की सब्सिडी के अलावा यह 200 रुपये की राहत मिलेगी। इस प्रकार, लगभग 10 करोड़ उज्ज्वला लाभार्थियों को 700 रुपये में सिलेंडर मिलेगा।

इसके साथ ही मोदी सरकार ने अतिरिक्त 75 लाख उज्वला कनेक्शन को भी मंजूरी दे दी है, जिससे पीएमयूवाई के तहत कुल लाभार्थियों की संख्या 10.35 करोड़ हो जाएगी।

## ट्रक ड्राइवरों के लिए मोबिल का नया अभियान लॉन्च

**रांची।** मोबिल ने अपना नया अभियान ट्रकिंग इज हार्ड; चूजिंग इंजन ऑयल शूडन्ट बी, लॉन्च किया है। इसका उद्देश्य ट्रक ड्राइवरों को अपने ट्रक के लिए सही गुणवत्ता वाले इंजन ऑयल चुनने में मदद करना है। अपने ट्रक की जरूरतों एवं उसकी उम्र के आधार पर खरीदारी करने का निर्णय लेने में ट्रक ड्राइवरों को पहले स्थान पर रख कर मोबिल उनकी मदद कर रहा है। आइकन का उपयोग किया है एवं दावा की भाषा को आसान किया है। अपने व्यवसाय को जवाबदेह और सतत तरीके से संचालित करने के लिए प्रतिबद्ध मोबिल ने हाल ही में इंजन ऑयल के लिए अपने 50% पोस्ट-कंज्यूमर रिसाइकिल्ड प्लास्टिक पेल के साथ टिकाऊ पैकेजिंग को प्रोत्साहित करने की एक पहल को शुरू किया है।

## विक्षिप्त अनाथ मनीषा पोद्दार पंचतत्व में विलीन

**रांची।** मंगलवार को निर्मल हृदय रांची में प्रातः 44 वर्षीय अनाथ विक्षिप्त हिंदू महिला मनीषा पोद्दार का प्राकृतिक कारणों से देहावसान हो गया। आज हरमू घाट रांची पर दोपहर 4 बजे स्व। मनीषा पोद्दार के पार्थिव शरीर को विश्व हिंदू परिषद के रांची महानगर अध्यक्ष कैलाश केसरी द्वारा विधिवत कर्मकांड और रीति रिवाज से मुखाग्नि देकर पंचतत्व में समर्पित किया। विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि अखिल भारतीय नारनौली महासभा के कोषाध्यक्ष संतोष अग्रवाल द्वारा शवदाह की सारी व्यवस्था की गई। उनके साथ विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग के प्रांत सह सेवा प्रमुख अशोक कुमार अग्रवाल, रांची विभाग सेवा प्रमुख राजेंद्र प्रसाद सिंह मुंडा, राजेश अग्रवाल, संजीत अग्रवाल, मनीष कुमार के अतिरिक्त रांची शोभा (डोम समाज) समिति के के सदस्यों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।


Tender ref. No,:1292 Dated:- __29/08/2023

**District Collectorate**
**District Supply Office**
**Garhwa, Jharkhand**

**INVITATION OF TENDERS FOR PROVIDING BLOCK-WISE DOOR-STEP DELIVERY (TRANSPORTATION & HANDLING) SERVICES TO THE FAIR PRICE SHOPS (FPS) LOCATED IN URBAN AREAS AND BLOCKS OF GARHWA DISTRICT OF JHARKHAND FOR PERIOD OF ONE YEAR THROUGH E-TENDER FOLLOWED BY REVERSE E-AUCTION PLATFORM**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Tender published on website | 30.08.2023 |
| 2. | Name of the Client | District Collectorate, District Supply Office Garhwa, Jharkhand |
| 3. | Address of the concerned person for correspondence | Abhishek Tiwari: 9795046772 Email: jhsupport@c1india.com |
| 4. | Bidding Document Cost | RS. 2,500/-(Rupees Two thousand five hundred Only) (Non-Refundable & non-Adjustable) as a Demand Draft in favour of "District Supply Office Garhwa Jharkhand". |
| 5. | EMD | As per the details mentioned in the RFP |
| 6. | Financial security money. | All bidders have to submit Bank Guarantee of Rs 5 lakh per block in favor of DSO Garhwa,Jharkhand. The Format of Bank Guarantee has been attached as Annexure-11 |
| 7. | Bid Submission Start | 30.08.2023 |
| 8. | Bid Submission End | 15.09.2023 |
| 9. | Technical E-Bid Opening Date & Time | 15.09.2023 |
| 10. | Pre-Bid Meeting | ______ |
| 11. | Date of Auction | Will be intimated later |
| 12. | Publishing Websites | https://garhwa.nic.in &https://jhtenders.eproc.in |
| 13. | Registration Fee for C1 India | Rs. 5000/- (Mandatory for all Bidders) |

1. All eligible individuals or partnership firm, Registered Company or Co-operative society or any legal organization should mandatorily register with C1 India Pvt. Ltd. for participation in reverse e-auction.
2. Any changes/modification in the tender documents in the tender documents will be posted on the website- https://garhwa.nic.in/ and https://jhtenders.eproc.in

PR 305817 (Food Public Distribution and Consumer Affairs) 23-24 (D)

**District Supply Officer**
**Garhwa**



**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय गढ़वा।**

आवश्यक सूचना
चोरी गयी वाहन
हिरो स्पलेण्डर प्लस मोटरसाईकिल

चिनिंया थाना कांड सं0–44/23 दि0–17.08.2023 धारा–379 भा0द0वि0 में चोरी गयी हिरो स्पलेण्डर प्लस मोटरसाईकिल जिसका रजी0 नं0 JH14k-0467, इंजन नं0–HA11E8PHD39122, चेचिस न0–MBLHAW239PHD79136 का अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया है। जिसकी बरामदगी अबतक नहीं हो पाई है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त चोरी गयी वाहन के बारे किसी प्रकार की सूचना किसी व्यक्ति को प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करेंगे।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा।

PR 305811 (Police) 23-24 (D)



सं0सं0:–18/आरोप–01–193/2012

झारखण्ड सरकार स्वास्थ्य चिकित्सा, शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग

प्रेस विज्ञप्ति

एतद् द्वारा डॉ0 गुरुचरण सिंह सलूजा, तत्कालीन चिकित्सा पदाधिकारी, अनुमण्डल अस्पताल, नगर उँटारी, गढ़वा, पत्राचार का पता–हनूमान चढ़ाई, बराकर, जिला–वर्द्धमान, पश्चिम बंगाल–713324 को सूचित किया जाता है कि माननीय उच्च न्यायालय, झारखण्ड द्वारा W.P.(S) No. 3978/2019 डॉ0 गुरुचरण सिंह सलूजा बनाम झारखण्ड राज्य एवं अन्य में पारित आदेश के आलोक में आपके विरुद्ध विभागीय संकल्प सं0–55(18) दिनांक– 29.01.2014 द्वारा संचालित विभागीय कार्यवाही में द्वितीय कारण–पृच्छा किए जाने का निर्णय लिया गया है।

उक्त के आलोक में संचालन पदाधिकारी से प्राप्त जांच प्रतिवेदन एवं संगत अभिलेखों/साक्ष्यों की प्रति भेजते हुए विभागीय पत्रांक–210(18) दिनांक–23.08.2023 द्वारा प्रमाणित आरोपों के संदर्भ में द्वितीय कारण–पृच्छा निर्गत किया गया है।

अतएव प्रमाणित आरोपों के संबंध में आप अपना द्वितीय कारण–पृच्छा का जवाब अनुशासनिक प्राधिकार के समक्ष दिनांक–15.09.2023 तक समर्पित करें।

निर्धारित अवधि तक जवाब अप्राप्त रहने पर यह समझा जाएगा की इस संबंध में आपको कुछ नहीं कहना है एवं तद्नुसार आपके विरुद्ध नियमानुसार अग्रेतर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

(विद्यानन्द शर्मा पंकज)
सरकार के संयुक्त सचिव

PR 305767 Health Med Edu and Family Welfare(23-24)D


## उत्कृष्ट कार्य करने वाले मुखिया होंगे सम्मानित: हिमांशु शेखर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आगामी 09 दिसम्बर, झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग के स्थापना दिवस के अवसर पर झारखंड राज्य के सभी जिलों में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के सफल क्रियान्वयन और निगरानी में उत्कृष्ट कार्य करने वाले मुखिया को सम्मानित किया जाएगा। उक्त जानकारी आज खाद्य आयोग के अध्यक्ष, हिमांशु शेखर चौधरी ने आयोग कार्यालय के सभा कक्ष में आयोजित बैठक में दी। उन्होंने बताया कि जिलों के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार हेतु मुखियाओं के चयन के लिए मापदण्ड निर्धारित किए जाएंगे। श्री चौधरी ने कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 से आच्छादित योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन और उसके बेहतर निगरानी में मुखिया की अहम भूमिका है। राज्य के सभी मुखिया को अपने दायित्वों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से ही खाद्य आयोग ने राज्य के सभी जिलों के मुखिया को सम्मानित करने का निर्णय लिया है। बैठक में विस्तृत विचार विमर्श के उपरांत उत्कृष्ट कार्य करने वाले मुखिया के चयन के लिए कुल-08 मापदण्ड तय किये गये। इन मापदंडों के आधार पर ही जिला स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहने वाले मुखिया का चयन किया जाना है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया है कि अक्टूबर, 2022 से सितम्बर, 2023 के बीच की अवधि में मुखिया द्वारा किये गये कार्यों के आधार पर जिला स्तरीय चयन समिति उत्कृष्ट तीन मुखिया का चयन करेंगे। बैठक में यह भी तय किया गया कि मुखिया को सम्मानित करने हेतु निर्धारित मापदण्ड के आधार पर अंक प्रदान करने हेतु सभी जिलों में एक चयन समिति का गठन किया जाएगा।



### फॉरेस्ट ऑफिसर्स वाइव्स एसो. ने मनाया सावन मिलन समारोह

## मीनू पांडियन चुनी गईं सावन क्वीन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची। फॉरेस्ट ऑफिसर्स वाइव्स एसोसिएशन ने सावन मिलन समारोह बड़े जोश और उत्साह के साथ मनाया। कार्यक्रम में मीनू पांडियन ने सावन क्वीन का खिताब जीता। सभी सदस्य हरे और लाल रंग की पारंपरिक पोशाक, मेहंदी और रंग-बिरंगी चूड़ियों से सजे हुए थे। फैशन शो का भी आयोजन किया गया, जहां मेंबर्स ने रैंप पर स्टाइल में वॉक किया। कलावती पांडे, रेखा राजपुरोहित, दीप्ति, विशाखा, रमिता, भावना और अल्पना द्वारा मनमोहक नृत्य और युगल प्रस्तुत किए गए। अध्यक्ष विभा श्रीवास्तव ने कहा कि यह आयोजन सदस्यों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए मंच प्रदान करता है। कार्यक्रम में अध्यक्ष विभा श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष रुचि उपाध्याय, संयुक्त सचिव सुनंदिता दास, कोषाध्यक्ष मीनू पांडियन, रंजना सामंत, अंजू सिंह, सीमा कुमार, अंजना, सुनीता, एवं सीनियर मेंबर्स उषा सिन्हा, प्रोमिला सिंह, राज्यश्री, सबिता मिश्रा, मुक्ता श्रीवास्तव समेत अन्य मौजूद थीं।

### बीएयू में कांउसेलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के सौजन्य से विशेष व्याख्यान का आयोजन

# बानस (अमुल) एशिया का सबसे बड़ा डेयरी उद्योग है

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

कुलपति डॉ. ओंकार नाथ सिंह के निर्देश पर बीएयू स्टूडेंट कांउसेलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के सौजन्य से प्लेसमेंट कार्यक्रम एवं विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसके तहत मंगलवार को कृषि संकाय के आरएसी सभागार में डेयरी उद्योग क्षेत्र में रोजगार के अवसर विषयक व्याख्यान आयोजित की गयी। व्याख्यान में बानस डेयरी (अमुल) - ओडिशा एवं झारखंड के विशेष कार्य पदाधिकारी (क्रय) जेएन पटेल ने बताया कि पूरे विश्व में भारत का डेयरी व्यवसाय क्षेत्र सबसे व्यापक और बड़ा है। गुजरात का बानस डेयरी (अमूल) एशिया का सबसे बड़ा डेयरी उद्योग है, जो देश के 8 राज्यों से जुड़ी है और प्रतिदिन करीब 90 लाख लीटर दूध एवं अन्य दुग्ध उत्पादों की आपूर्ति करती है। इससे देश के 60 हजार गांव तथा करीब 50 लाख कृषक जुड़े हैं। कंपनी अद्यतन तकनीकी के सुधारात्मक प्रयासों को आगे बढ़ा रही है। झारखंड राज्य में बानस डेयरी (अमूल) अपना दूसरा प्लांट हजारीबाग में स्थापित करने जा रही है। बताया कि डेयरी उद्योग क्षेत्र में कृषि, कृषि प्रबंधन, कृषि अभियांत्रिकी, वेटनरी एवं डेयरी टेक्नोलॉजी विषयों के स्नातकों की जरुरत होती है। रिक्तियों को कंपनी के वेबसाईट में प्रकाशित किया जाता है। कंपनी को ईमानदार, मेहनती एवं तकनीकी दक्ष छात्रों की जरुरत है। उन्होंने विवि के छात्रों के तकनीकी अभिवर्धन के लिए लखनऊ एवं गुजरात के डेयरी प्लांट का शैक्षणिक भ्रमण के आयोजन करने की बात कही। उन्होंने बताया कि कंपनी द्वारा सोमवार को विश्वविद्यालय में प्लेसमेंट अभियान चलाया गया। इस अभियान में कृषि एवं कृषि प्रबंधन विषयों के छात्र शामिल हुए। छात्रों का फील्ड सुपरवाइजर पद के लिए चयन किया गया है, जिसके परिणाम जल्द जारी किये जायेंगे। कंपनी शीघ्र ही फ्रेश एग्रीकल्चर ग्रेजुएट के लिए प्लेसमेंट अभियान आयोजित करेगी। कार्यकारी सहायक मुक्ति प्रसाद ने बताया कि इस उद्योग का सफल संचालन एक विस्तृत एवं मजबूत दल की श्रृंखला के माध्यम से होती है। इस व्यवसाय में कृषि प्रबंधन, पशु चिकित्सा और पशु पोषण, खाद्य प्रसंस्करण, खाद्य प्रौद्योगिकी, गुणवत्ता नियंत्रण विशेषज्ञ, पैकेजिंग विशेषज्ञ, आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन, विपणन और बिक्री जैसे क्षेत्रों में विशेषज्ञता वाले व्यक्ति और इंजीनियर और तकनीशियन की आवश्यकता होती हैं। मौके पर डीन एग्रीकल्चर डॉ डीके शाही ने डेयरी उद्योग को नियमित आय का स्रोत बताया। जो आय के जोखिम को कम करता है।




**जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा**

आम सूचना

राष्ट्रीय लोक अदालत
दिनांकः–09 सितम्बर 2023 (शनिवार)
स्थान–व्यवहार न्यायालय परिसर, लोहरदगा।

निःशुल्क, सुलभ एवं शीघ्र न्याय हेतु

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली के निदेशानुसार व्यवहार न्यायालय (कचहरी), लोहरदगा के प्रांगण में दिनांक 09.09.2023 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा।

उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में निम्नलिखित प्रकार के मामलों का निष्पादन किया जायेगाः–
(1) सुलह योग्य आपराधिक वाद (2) N.I. Act. u/s 138 से संबंधित वाद (चेक अनादर के केस) (3) मोटर–दुर्घटना क्षतिपूर्ति वाद (4) पारिवारिक/वैवाहिक वाद (5) श्रम विवाद (6) भूमि अधिग्रहण संबंधित विवाद (7) सिविल वाद, किराया आदि से संबंधित वाद (8) बैंक रिकवरी से संबंधित वाद (9) राजस्व वाद (10) मनरेगा (11) बिजली बिल और पानी बिल से संबंधित वाद (12) बिक्री कर, वाणिज्य कर एवं आयकर से संबंधित वाद (13) सेवा से संबंधित वाद (14) वन विभाग से संबंधित वाद (15) उत्पाद से संबंधित वाद (16) सिविल अपील, क्रिमिनल अपील, विविध अपील आदि से संबंधित वाद (17) नीलाम वाद (18) दाखिल खारिज मामले (19) अन्य मामले जिन्हें लोक अदालत के माध्यम से सुलझाया जा सकता है।

इस संबंध में किसी भी प्रकार की विस्तृत जानकारी के लिए आप किसी भी कार्य दिवस पर सुबह 11:00 बजे से 04:30 बजे तक लोहरदगा व्यवहार न्यायालय (कचहरी) में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा के कार्यालय में आकर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा (लैंडलाइन नंबर 06526–299950) से संपर्क कर सकते हैं।

आर रामकुमार
आरक्षी अधीक्षक–सह–सदस्य
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा

डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण
उपायुक्त–सह–उपाध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा

जनहित में जारी
द्वाराः–जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा

राजेन्द्र बहादुर पाल
प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश–सह–अध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा

PR 305774 Lohardaga(23-24).D

# प्रणय करियर के सर्वश्रेष्ठ छठे स्थान पर पहुंचे, सिंधु 14वें स्थान पर

**एजेंसी। नई दिल्ली**



विश्व चैंपियनशिप में अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर, शीर्ष भारतीय शटलर एचएस प्रणय ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ विश्व रैंकिंग हासिल की, क्योंकि वह बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन (बीडब्ल्यूएफ) द्वारा मंगलवार को जारी नवीनतम चार्ट में छठे नंबर पर पहुंच गए। हाल ही में कोपेनहेगन में विश्व चैंपियनशिप में अपना पहला कांस्य पदक जीतने के बाद, प्रणय पुरुष एकल वर्ग में 72437 अंकों के साथ अपने करियर की नई उच्चतम रैंक हासिल करने के लिए तीन स्थान ऊपर चढ़े। विश्व चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में ओलंपिक चैंपियन विक्टर एक्सेलसन को हराने वाले प्रणय पुरुष एकल सूची में शीर्ष 10 में शामिल एकमात्र भारतीय हैं। 31 वर्षीय खिलाड़ी इस साल दो फाइनल में पहुंचे। उन्होंने इस मई में मलेशिया मास्टर्स में अपना पहला बीडब्ल्यूएफ खिताब जीता और इस महीने की शुरूआत में चीन के वेंग होंग यांग के खिलाफ तीन गेम की रोमांचक लड़ाई के बाद ऑस्ट्रेलियन ओपन में उपविजेता रहे।

अन्य भारतीय शटलरों में, लक्ष्य सेन विश्व चैंपियनशिप के तीसरे दौर में बाहर होने के बाद एक स्थान गिरकर 12वें नंबर पर आ गए, जबकि किदांबी श्रीकांत विश्व चैंपियनशिप में जल्दी बाहर होने के बावजूद 20वें स्थान पर बने रहे। महिला एकल में पूर्व विश्व चैंपियन पी.वी. सिंधु विश्व चैंपियनशिप के पहले दौर में बाहर होने के बाद एक स्थान ऊपर 14वें स्थान पर पहुंच गईं।

# विश्व एथलेटिक्स में अमेरिका की बड़ी जीत, चमके सितारे

**एजेंसी। बुडापेस्ट**



धावक नूह लायल्स और पोल वाल्टर आर्मंड डुप्लांटिस और लंबी दूरी की धावक फेथ किपयेगॉन जैसे सितारों ने रविवार को यहां विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के समापन पर अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन किया, जिसमें संयुक्त राज्य अमेरिका सबसे बड़ा विजेता बनकर उभरा।

49 स्पर्धाओं वाला यह टूर्नामेंट बुडापेस्ट में नौ कठिन दिनों तक चला। अमेरिकी टीम ने 12 स्वर्ण सहित प्रभावशाली 29 पदक हासिल किए। उनका प्रभुत्व स्प्रिंट दौड़ से भी आगे बढ़ गया, क्योंकि थ्रो स्पधाओं पर भी उनकी मजबूत पकड़ थी। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, शनिवार को पुरुषों की 4X100 मीटर रिले फाइनल में, 26 वर्षीय लायल्स ने सनसनीखेज चौथे चरण की दौड़ में तीन स्वर्ण पदक जीते और चैंपियनशिप के सबसे शानदार एथलीट के रूप में अपनी स्थिति मजबूत की। शुक्रवार को, लायल्स ने 200 मीटर स्पर्धा में अपना लगातार तीसरा विश्व खिताब जीता, 2015 में जमैका के दिग्गज यूसेन बोल्ट के बाद विश्व चैंपियनशिप में 100 मीटर और 200 मीटर डबल हासिल करने वाले पहले व्यक्ति बन गए।

**लायल्स के साथी खिलाड़ी भी चमके :** रयान क्राउसर ने पुरुषों के शॉट पुट में अपने खिताब का बचाव किया, जबकि चेज एली ने महिलाओं की स्पर्धा में यह उपलब्धि हासिल की। लाउलाउगा औसागा ने अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ में चार मीटर से अधिक सुधार करके महिलाओं की डिस्कस थ्रो में स्वर्ण पदक हासिल करके सभी को चौंका दिया। लायल्स ने खुले तौर पर एथलेटिक्स की लोकप्रियता बढ़ाने की अपनी महत्वाकांक्षा को साझा किया, यह मानते हुए कि महानता हासिल करना उनके व्यापक लक्ष्यों को साकार करने के लिए महत्वपूर्ण है। डुप्लांटिस, लायल्स के लिए एक आदर्श, एक ताकत बने रहे। 23 वर्षीय स्वेड ने चार साल तक अपनी जीत का सिलसिला बरकरार रखा। बुडापेस्ट में, उन्होंने अपने ओलंपिक खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया और 6.22 मीटर के अपने ही विश्व रिकॉर्ड को लगातार चुनौती दी।

पहले प्रयास में छह बार ऊंचाई पार करने वाले डुप्लांटिस ने कहा, मैं अपने लिए सीमाएं और बाधाएं तय नहीं करने की कोशिश करता हूं। हालाँकि उन्होंने 6.10 मीटर पर अपना विश्व खिताब बरकरार रखा, लेकिन तीन प्रयासों के बाद भी वह 6.23 मीटर को पार करने से चूक गए।

युलिमार रोजस ने भी दर्शकों का मन मोह लिया। महिलाओं की ट्रिपल जंप फाइनल में 14.33 मीटर की छलांग के साथ शुरूआत में आठवें स्थान पर होने के बावजूद, विश्व रिकॉर्ड धारक और ओलंपिक चैंपियन ने 15.08 मीटर की अंतिम छलांग के साथ अपना जादू दिखाया और अपना लगातार चौथा विश्व खिताब हासिल किया। लंबी दूरी की दौड़ में, केन्या की फेथ किपयेगॉन ने महिलाओं की 1,500 मीटर और 5,000 मीटर दोनों में जीत हासिल की। स्पेन के अल्वारो मार्टिन और मारिया पेरेज दोनों ने रेस-वॉकिंग स्पधाओं में दोहरी जीत हासिल की, जिससे स्पेन सभी चार खिताब जीतने में सफल रहा। भारत के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने 88.17 मीटर की थ्रो के साथ पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा जीतकर विश्व चैंपियनशिप का पहला स्वर्ण पदक अपनी सूची में शामिल कर लिया।

## NEWS इन ब्रीफ

### वर्ल्ड कप से पहले बुमराह की वापसी से खुश हैं द्रविड़



**बेंगलुरु।** भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने पीठ की चोट के कारण 11 महीने बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करने वाले स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की वापसी पर खुशी व्यक्त की है। 'किंग ऑफ स्विंग' जसप्रीत बुमराह के लौटने से जहां एकतरफ टीम इंडिया को राहत मिली है। वहीं, विरोधी टीमों की टेंशन बढ़ गई है। आयरलैंड के खिलाफ बुमराह की सटीक गेंदबाजी से उन्होंने अपनी वापसी का बिगुल बजा दिया है। उनकी वापसी से कोच राहुल द्रविड़ भी खुश हैं क्योंकि बुमराह के बिना टीम इंडिया की तेज गेंदबाजी काफी कमजोर हो चुकी थी। टीम इंडिया एशिया कप के लिए श्रीलंका रवाना होने के लिए पूरी तरह तैयार है। अलुर में प्रशिक्षण के अंतिम दिन, द्रविड़ ने राहुल की चोट पर अपडेट दिया और टीम में बुमराह की वापसी पर खुशी व्यक्त की।

### अमेरिका फीबा विश्व कप में अंतिम-16 में पहुंचा, चीन को झटका



**मनीला।** अमेरिका ने ग्रुप सी मुकाबले में ग्रीस पर 109-81 की शानदार जीत के साथ फीबा विश्व कप के राउंड 16 में जगह पक्की कर ली, जबकि चीन को एक और झटका लगा, उसे दक्षिणी सूडान से 89-69 से हार का सामना करना पड़ा। पिछले शनिवार को अपने पहले गेम में, अमेरिका ने 10 अंकों की कमी को पार करते हुए न्यूजीलैंड के खिलाफ 99-72 की आसान जीत हासिल की। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, ग्रीस ने भी जॉर्डन को 92-71 से हराकर आसान जीत हासिल की।

### ऋषभ पंत शामिल हुए भारतीय प्रशिक्षण शिविर में



**कर्नाटक।** भारत के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत एशिया कप 2023 से पहले कर्नाटक के अलूर में भारतीय टीम के प्रशिक्षण शिविर में अचानक पहुंच गए। पिछले साल दिसंबर में हुई घातक कार दुर्घटना के बाद पंत रिकवरी की राह पर हैं। 25 वर्षीय खिलाड़ी ने आगामी एशिया कप की तैयारी में अपने साथियों के साथ शामिल होने के लिए बेंगलुरु की राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में अपनी रिकवरी से ब्रेक लिया। भारतीय क्रिकेट टीम के इंस्टाग्राम हैंडल द्वारा साझा किया गया वीडियो जिसमें पंत को अपने साथियों के साथ बातचीत करते और प्रदर्शन के लिए उत्साह बढ़ाते देखा जा सकता है। वह अपने प्रशंसकों और साथियों के साथ जो प्रेरणा साझा करते हैं वह निस्संदेह उनके स्वभाव के अनुरूप है।

# एशिया कप : भारत-पाक के बीच हो सकते हैं तीन मैच

**एजेंसी। कोलंबो**



मुल्तान में बुधवार से शुरू होने वाले एशिया कप में भारत और पाकिस्तान के बेताब दर्शकों को दोनों देशों के बीच तीन ह्यहाई वोल्टेज' मुकाबले देखने को मिल सकते हैं जबकि पांच टीमों को विश्व कप से पहले अपने खिलाड़ियों के प्रदर्शन को देखने अंतिम मौका भी मिलेगा। यह ऐसा टूर्नामेंट है जो अकसर पिछले एक दशक में द्विपक्षीय मुकाबलों की बढ़ती संख्या और टी20 क्रिकेट की घटती लोकप्रियता में प्रासंगिक बनने के लिए जूझता रहा है। लेकिन इस बार यह सभी टीम के 'थिंक टैंक' का अहम हिस्सा दिख रहा है।

विश्व कप पांच अक्टूबर से शुरू हो रहा है जिससे पहले यह नेपाल को छोड़कर अन्य पांच टीमों के पास खिलाड़ियों को लेकर चल रहे कुछ सवालों के जवाब ढूंढने का अंतिम मौका होगा। निश्चित रूप से वैश्विक टूर्नामेंट से पहले कुछ द्विपक्षीय और अभ्यास मैच कराये जायेंगे। लेकिन श्रीलंका और पाकिस्तान में खेले जाने वाले एशिया कप से सभी टीम को कई देशों के टूर्नामेंट का माहौल मिलेगा जो करीब करीब विश्व कप जैसा होगा। भारतीय टीम सात बार के चैम्पियन के तौर पर एशिया कप में उतरेगी जो किसी भी टीम के सर्वाधिक खिताब हैं लेकिन टीम की प्राथमिकता आठवां खिताब अपनी झोली में डालने की नहीं होगी बल्कि मुख्य कोच राहुल द्रविड़ और कप्तान रोहित शर्मा विश्व कप से पहले बल्लेबाजी क्रम के कुछ स्थानों पर खिलाड़ियों के प्रदर्शन को देखना चाहेंगे। अगर टीम ट्राफी जीत लेती है तो यह खिलाड़ियों के मनोबल के लिए फायदेमंद रहेगा। केएल राहुल पहले दो मैचों में नहीं खेलेंगे जिन्हें भारतीय टीम में अतिरिक्त शर्त के साथ शामिल किया गया है। राहुल ने सर्जरी के बाद उबरने की प्रक्रिया के बाद बल्लेबाजी स्तर में प्रगति दिखायी है लेकिन विकेटकीपिंग की तैयारी को लेकर अब भी कुछ चिंतायें हैं क्योंकि उन्हें एक हल्की सी चोट विकेटकीपिंग अभ्यास के दौरान लग गयी। एशिया कप के दौरान राहुल के प्रदर्शन पर निगाहें लगी रहेंगी क्योंकि उनकी मौजूदगी से भारतीय मध्यक्रम में मजबूती और लचीलापन मिलता है।

भारत दो सितंबर पालेकेले में पाकिस्तान से भिड़ेगा जिसमें श्रेयस अय्यर के मैदान पर उतरने की उम्मीद है। श्रेयस ने नेट पर काफी 'ड्रिल्स' की हैं और एशिया कप टीम में अपने चयन से पहले राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में 'मैच सिम्युलेशन' (मैच की परिस्थितियों के हिसाब से अभ्यास) भी किया। लेकिन टीम प्रबंधन यह देखने के लिए बेताब होगा कि दायें हाथ का बल्लेबाज असली मैच परिस्थितियों में किस तरह से खेलता है।

जसप्रीत बुमराह और प्रसिद्ध कृष्णा को लेकर भी इसी तरह की चिंता होगी। दोनों गेंदबाजों ने चोट के कारण लंबे समय से बाहर रहने के बाद इस महीने के शुरू में आयरलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के दौरान भारतीय टीम में वापसी की जिसमें उन्होंने अच्छी गेंदबाजी भी की। लेकिन वनडे क्रिकेट की जरूरतें टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों से काफी अलग होती हैं क्योंकि उन्हें 10 ओवरों तक गेंदबाजी करने के अलावा 50 ओवर तक क्षेत्ररक्षण भी करना होगा। भारतीय टीम प्रबंधन श्रीलंका की उमस भरी परिस्थितियों में इस अतिरिक्त कार्यभार पर इन दोनों की प्रतिक्रिया देखना चाहेगा।

एशिया कप में भारत सबसे मजबूत दावेदार रहता है लेकिन पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तान भी अपनी ताकत दिखाने के लिए आतुर होंगे। श्रीलंका की टीम छह बार एशिया कप जीत चुकी है लेकिन अभी वह पूरी टीम जुटाने में जूझ रही है क्योंकि दुश्मंता चामीरा, वानिंदु हसारंगा, लाहिरू कुमारा और दिलशान मधुशनाका चोटिल हैं।

# मैं 50 ओवर के प्रारूप को समझने की कोशिश करूंगा : सूर्यकुमार

**एजेंसी। बेंगलुरु**



भारत के मध्यक्रम के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने कहा कि वह आगामी एशिया कप से पहले 50 ओवर के प्रारूप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि वह मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के साथ बातचीत कर रहे हैं और इस संबंध में कप्तान रोहित शर्मा और करिश्माई बल्लेबाज विराट कोहली भी शामिल हैं।

शीर्ष क्रम के टी20 बल्लेबाज सूर्यकुमार ने 26 एकदिवसीय मैच खेले हैं और 101.38 के स्ट्राइक-रेट के साथ उनका औसत केवल 24.33 है। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने वेस्टइंडीज के खिलाफ हालिया वनडे में 19, 24 और 35 के स्कोर बनाए और इससे पहले, वह मार्च में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू मैदान पर लगातार तीन पहली गेंद पर शून्य पर आउट हुए थे।

सूर्यकुमार ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, मुझे लगता है कि जो भूमिका मुझे दी जाएगी, मैं उस भूमिका को बनाए रखने की कोशिश करूंगा, और अगर यह कोई बदली हुई भूमिका है तो मैं कोशिश करूंगा और वह करूंगा। लेकिन हां, यह एक ऐसा प्रारूप है जिसमें मैं वास्तव में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए उत्सुक हूं। हर कोई कह रहा है कि 'टी20 मेरे लिए अच्छा चल रहा है, दोनों सफेद गेंद का क्रिकेट है लेकिन मैं 50 ओवर के प्रारूप में कोड को क्रैक क्यों नहीं कर पा रहा हूं।' लेकिन, मैं अपना अभ्यास कर रहा हूं क्योंकि मेरे अनुसार, यह प्रारूप सबसे चुनौतीपूर्ण है। इसके पीछे कारण यह है कि यहां आपको बाकी 3 फॉर्मेट की तरह ही खेलना होता है। सबसे पहले शांति और धैर्य के साथ स्थापित होकर, फिर स्ट्राइक को अच्छी तरह से घुमाकर, इसके बाद अंत में टी20 गेमप्ले।

उन्होंने आगे कहा, तो, इस प्रारूप में संतुलन बहुत महत्वपूर्ण है, और इसी कारण से, मैं बहुत अभ्यास कर रहा हूं और राहुल सर, रोहित भाई और विराट भाई के साथ इस संबंध में बातचीत भी कर रहा हूं। उम्मीद है, इस टूर्नामेंट के आगे बढ़ने के साथ, मैं इस फॉर्मेट में बेहतर प्रदर्शन करूंगा।

दाएं हाथ के बल्लेबाज को उम्मीद है कि बेंगलुरु में चल रहे कैंप में उनकी कड़ी मेहनत उन्हें एशिया कप में वनडे कोड हासिल करने में मदद करेगी।

मैं बस अपना इरादा बनाए रखने की कोशिश कर रहा हूं और कम से कम उसी दृष्टिकोण को अपनाने की कोशिश कर रहा हूं क्योंकि जब आप इस खेल को खेल रहे हों तो अपने दृष्टिकोण पर कायम रहना बहुत महत्वपूर्ण है। लेकिन मैं स्थिति के साथ खेलने की कोशिश कर रहा हूं।"

उदाहरण के लिए, अगर मैं 30वें ओवर में बल्लेबाजी करने जा रहा हूं और 20 ओवर बचे हैं, तो शुरू से ही मैं अपना खेल नहीं खेल सकता, जैसा कि मैं टी20 में खेलता हूं। इसलिए मुझे उस स्थिति से खेलना होगा। इसलिए मैं इस प्रारूप को डिकोड करने के लिए अपना अभ्यास कर रहा हूं और उम्मीद है कि मैं जिस तरह की तैयारी कर रहा हूं, उससे मैं इसे डिकोड कर पाऊंगा।" सूर्यकुमार ने कहा कि मैच में स्थिति चाहे जो भी हो, वह हमेशा किसी भी चीज के लिए तैयार रहते हैं।

# डॉक्टर स्नेहांशु साहा और यश किंगर बने प्लेयर ऑफ टूर्नामेंट

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



रांची। 4 दिवसीय थर्ड रांची ओपन स्नूकर टूर्नामेंट गेमर्स गैरेज, बरियातू में खेले जा रहे टूर्नामेंट का आज समापन हुआ। इस प्रतियोगिता में मास्टर स्नूकर के विजेता यश किंगर उपविजेता कशिश (हजारीबाग), स्नूकर 6 रेड स्नूकर में विजेता डॉक्टर स्नेहांशु साहा (हजारीबाग), यश किंगर उपविजेता, मिनी स्नूकर विजेता डॉक्टर स्नेहांशु साहा, उपविजेता कशिश, मिनी 6 सिक्स रेड विजेता प्रतीक लाल, उपविजेता चाहत एवं 9 बॉल्स के विजेता डॉक्टर स्नेहांशु साहा उपविजेता यश किंगर और तृतीय स्थान पर नीरज सिंह रहे। मुख्य अतिथि शिक्षाविद डॉक्टर मोहम्मद जाकिर और सबसे सीनियर खिलाड़ी विनोद कुमार उपाध्याय ने विजेताओं और उपविजेताओं को कैश एवं ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किए। इस अवसर पर इंद्र, टीपू, जॉनसन, तनवीर, ऋग सेन गुप्ता, नील, नीरज, नितेश, मेजर, एजाज, आयुष राज, सुमित, सिद्धार्थ लाल सहित अन्य खिलाड़ी उपस्थित थे।

# इगोर स्टिमैक ने 49 वें किंग्स कप के लिए 23 सदस्यीय टीम की घोषणा की

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत की सीनियर पुरुष टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमैक ने 7-10 सितंबर, 2023 तक चियांग माई, थाईलैंड में होने वाले 49वें किंग्स कप के लिए 23 सदस्यीय टीम की घोषणा की है। भारत (99वीं रैंकिंग) सेमीफाइनल में 7 सितंबर को भारतीय समयानुसार 16:00 बजे 700वीं वर्षगांठ स्टेडियम में इराक (70वीं रैंकिंग) से भिड़ेगा। उसी दिन 19:00 बजे दूसरे सेमीफाइनल में मेजबान थाईलैंड (113वें स्थान पर) का मुकाबला लेबनान (100वें स्थान पर) से होगा। सेमीफाइनल के विजेता 10 सितंबर को फाइनल में प्रतिस्पर्धा करेंगे।



**भारत की 23 सदस्यीय टीम**

**गोलकीपर :** गुरप्रीत सिंह संधू, अमरिंदर सिंह, गुरमीत सिंह।
**डिफेंडर :** आशीष राय, निखिल पुजारी, संदेश झिंगन, अनवर अली, मेहताब सिंह, लालचुंगनुंगा, आकाश मिश्रा, सुभाशीष बोस।
**मिडफील्डर :** जैक्सन सिंह थौनाओजम, सुरेश सिंह वांगजाम, ब्रैंडन फर्नांडिस, सहल अब्दुल समद, अनिरुद्ध थापा, रोहित कुमार, आशिक कुरुनियान, नाओरेम महेश सिंह, लालियानजुआला चांगटे।
**फॉरवर्ड :** मनवीर सिंह, रहीम अली, राहुल केपी।
**मुख्य कोच :** इगोर स्टिमैक।

राष्ट्रीय खेल दिवस

# अनुराग ठाकुर ने मेजर ध्यानचंद को दी श्रद्धांजलि



**एजेंसी। नई दिल्ली**

केन्द्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को नई दिल्ली के मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी। मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में हर साल 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाता है। अनुराग ठाकुर ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर लिखा, लीजेंड, लिगेसी, लेसंश, राष्ट्रीय खेल दिवस पर नेशनल स्टेडियम, दिल्ली में भारतीय हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस विशेष अवसर पर, हम भारतीय खेलों पर प्रमुख पहल शुरू कर रहे हैं। तीन बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता, मेजर ध्यानचंद उस भारतीय हॉकी टीम का हिस्सा थे जिसने ओलंपिक के 1928, 1932 और 1936 संस्करणों में स्वर्ण पदक जीता था। देश के लिए अपने 185 मैचों में उन्होंने के लिए 570 गोल किये।

यूएस ओपन

# जोकोविच ने की मुलर के खिलाफ शानदार वापसी
# विश्व रैंकिंग में फिर पहला स्थान हासिल किया

**एजेंसी। न्यूयॉर्क**



नोवाक जोकोविच ने 2021 के फाइनल में रूसी डेनियल मेदवेदेव द्वारा कैलेंडर ग्रैंड स्लैम से वंचित किए जाने के बाद यूएस ओपन में शानदार वापसी की।

सोमवार रात फ्रेंचमैन एलेक्जेंडर मुलर के खिलाफ अपने शुरूआती दौर के मुकाबले में जोकोविच ने आर्थर ऐश स्टेडियम में 6-2, 6-2, 6-3 स्कोर के साथ सीधे सेटों में आसानी से जीत हासिल कर शानदार प्रदर्शन किया।

इस जीत के साथ, उन्होंने मौजूदा यूएस ओपन चैंपियन कार्लोस अलकराज से एटीपी विश्व रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान दोबारा हासिल कर लिया। जोकोविच 11 सितंबर को रिकॉर्ड 390 वें सप्ताह रैंकिंग में शीर्ष पर की शुरूआत करेंगे। उन्होंने इस जीत का खुशी से जश्न मनाया और अपने ऑन-कोर्ट साक्षात्कार में कहा, पहले सेट में मैंने बॉक्स के बाहर बहुत अच्छी शुरूआत की। हमने काफी देर से शुरूआत की। जाहिर है, मैचों के बीच एक समारोह था और मुझे पता था कि हमारी शुरूआत देर से हो सकती है, लेकिन फिर भी मैं कोर्ट पर आने के लिए उत्साहित था।

कुछ साल हो गए हैं, और यहां आर्थर ऐश पर आप लोगों के सामने आना हमेशा सम्मान और खुशी की बात होती है!"

जोकोविच ने कोर्ट पर जो दबदबा दिखाया, वह सभी के लिए स्पष्ट था, खासकर पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा और प्रथम महिला मिशेल ओबामा के लिए, जिन्होंने अंत तक उनके खेल का आनंद लिया।

जोकोविच की नजर अपने 10वें प्रदर्शन में अपने चौथे यूएस ओपन खिताब पर होगी और साथ ही एक ही सीजन (2021 और 2015) के दौरान सभी चार स्लैम के फाइनल में अपने करियर की तीसरी उपस्थिति बनाने पर भी होगी। दुनिया के 76वें नंबर के स्पैनियार्ड बनार्बे जपाटा मिरालेस, जिन्होंने संयुक्त राज्य अमेरिका के एनसीएए चैंपियन एथन क्विन को 6-4, 6-4, 6-3 से हराया, दूसरे दौर में जोकोविच से भिड़ेंगे।

